नए शिखरों का आरोहण
Scaling New Heights

वार्षिक रिपोर्ट 2016 - 17
ANNUAL REPORT 2016 - 17

वार्षिक रिपोर्ट

2016–17

पवन हंस लिमिटेड

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

हमारा लक्ष्य

हेलीकॉप्टर और सी–प्लेन सेवाओं में एशिया का मार्केट लीडर बनना, फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट परिचालनों द्वारा क्षेत्रीय संपर्कता उपलब्ध कराना तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार हेलीकॉप्टर की मरम्मत/ओवरहॉल संबंधी सुविधाएं प्रदान करना।

तालिका

- निदेशक मंडल 4
- प्रबंध समूह 5
- सूचना 6
- सदस्यों को अध्यक्ष का संदेश 11
- निदेशकों की रिपोर्ट 15
- प्रबंधन का विचार–विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 38
- मुख्य वित्तीय अंश 42
- संक्षिप्त लेखे 44
- वर्ष के खाते 45
- इक्विटी में प्रभारों का विवरण 49
- नकदी प्रवाह विवरण 50
- लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन का उत्तर 136
- भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट व प्रबंधन का उत्तर 162
- साचिविक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 166
- संबंधित पार्टी लेन देन 168
- नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना/गतिविधि 169
- वार्षिक विवरणी का सार 170

निदेशक मंडल

डॉ. बी. पी. शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री अशोक नायक
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. हरीश चौधरी
स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती गार्गी कौल
संयुक्त सचिव एवं वित्तीय परामर्शदाता
नागर विमानन मंत्रालय

श्रीमती उषा पाढी
संयुक्त सचिव
नागर विमानन मंत्रालय

श्री संजीव कपूर
एवीएसएम वीएम
एसीएएस (ऑप्स एवं टी एवं एच)
वायु सेना मुख्यालय

श्री बी. एस. भुल्लर
नागर विमानन महानिदेशक

श्री टी. के. सेनगुप्ता
निदेशक (ऑफ शोर)
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लि.

प्रबंध समूह

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	डॉ. बी. पी. शर्मा
मुख्य सतर्कता अधिकारी	श्री राकेश कुमार, भा.दू.से.
कार्यपालक निदेशक (तकनीकी एवं व्यवसाय संवर्धन व विपणन)	एयर कमोडोर (सेवानिवृत) टी. ए. दया सागर
कार्यपालक निदेशक (मासं एवं प्रशा.)	श्री टेक्कम श्रीधर
मुख्य वित्तीय अधिकारी	श्री धीरेन्द्र सहाय
कंपनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि)	श्री संजीव अग्रवाल
महाप्रबंधक (एमआरओ)	श्री संजीव राजदान
संरक्षा प्रमुख	श्री एम. एस. बूरा
महाप्रबंधक (व्यवसाय संवर्धन एवं विपणन)	श्री वनराजसिंह डोडिया
स्थानापन्न महाप्रबंधक (विमान अनुरक्षण अभियांत्रिकी)	श्री विजय एम पथियन
स्थानापन्न महाप्रबंधक (परिचालन)	कैप्टन बी. वी. बदूनी
संयुक्त महाप्रबंधक (मासं. व प्रशा.)	श्री ए. सी. परिछा
संयुक्त महाप्रबंधक (सामग्री)	श्री विजय एम. पथियन
उप महाप्रबंधक (आंतरिक लेखा परीक्षा)	श्री आशीष कुमार यादव
महाप्रबंधक (पश्चिमी क्षेत्र)	श्री एम. श्रीकुमार
महाप्रबंधक (उत्तरी क्षेत्र)	श्री संजय कुमार
महाप्रबंधक (पूर्वी क्षेत्र)	श्री एम. पी. सिंह

पंजीकृत कार्यालय :
रोहिणी हेलीपोर्ट, सेक्टर–36
नई दिल्ली–110 085

प्रधान कार्यालय :
सी–14, सेक्टर–1
नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301

क्षेत्रीय कार्यालय :

पश्चिमी क्षेत्र
जूहू ऐरोड्रोम
एस. वी. रोड
विले पार्ले (पश्चिम)
मुम्बई–400056

उत्तरी क्षेत्र
सी–14, सेक्टर–1
नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301

पूर्वी क्षेत्र
ग्राउण्ड फ्लोर, मनोरमालय
वीआईपी, एलजीबीआई एयरपोर्ट रोड
गुवाहाटी–781015

रोहिणी हेलीपोर्ट
सैक्टर–36
नई दिल्ली–110085

लेखापरीक्षक
मैसर्स जे.पी. कपूर एवं उबेराय
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली–110016

शाखा लेखापरीक्षक
मैसर्स कैलाश चंद जैन एवं कंपनी
(पंजीकृत)
सनदी लेखाकार
मुम्बई–400020

बैंकर्स
विजया बैंक
पंजाब नैशनल बैंक

32वीं (स्थगित) वार्षिक आम सभा की सूचना

सेवा में,
शेयर धारक,
पवन हंस लिमिटेड

यह सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित व्यावसायिक मुद्दों पर चर्चा के लिए कम्पनी की 32वीं (स्थगित) वार्षिक आम सभा दिनांक 27.12.2017 को संपन्न वा.सा.बै. का आयोजन शुक्रवार, दिनांक 16वीं फरवरी, 2018 को अपराह्न 06.00 बजे होटल अशोक, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110011 में किया जाएगाः–

सामान्य व्यवसाय

1. **लेखा अंगीकरण**

   31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष का लेखा परीक्षित तुलन पत्र, 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष का लेखा परीक्षित लाभ एवं हानि विवरण तथा इनसे संबंधित ऑडिटरों की रिपोर्ट, नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा उनके संबंध में की गई टिप्पणियां तथा निदेशक रिपोर्ट की प्राप्ति, विचार तथा अंगीकार किया जाना।

2. **लाभांश की घोषणा**

   विचार किए जाने तथा उपयुक्त पाए जाने की स्थिति में संशोधन अथवा बिना किसी संशोधन के साथ निम्नलिखित संकल्प को साधारण संकल्प के तौर पर पारित किया जाना :–

   "**यह संकल्प करते हुए** एतद्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए 7,52,96,000/– रुपए की समायोजित निवल सम्पति (739.73 करोड़ रुपए) जमा निगमित कर के लाभांश पर 5% की दर से 36,98,68,000/– रुपए का लाभांश का भुगतान कम्पनी के शेयरधारकों को किए जाने की घोषणा की जाती है।"

3. विचार किए जाने तथा उपयुक्त पाए जाने की स्थिति में संशोधन अथवा बिना किसी संशोधन के साथ निम्नलिखित संकल्प को साधारण संकल्प के तौर पर पारित किया जाना :–

   i) "**यह संकल्प किया जाता है कि** एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर (डीआईएन संख्या–08010730), जिनकी नियुक्ति कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 161 के अंतर्गत निदेशक के पद पर की गई है तथा जो 32वीं वार्षिक आम बैठक के आयोजन की तिथि तक कार्यालय पद पर कार्यरत हैं तथा जिनसे कम्पनी को लिखित में उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, को एतद्वारा कम्पनी के निदेशक पद पर बने रहने के लिए नियुक्त किया जाता है और आवर्तन क्रम में उनकी सेवानिवृत्ति शेष/विस्तारित काल तक के लिए नागर विमानन मंत्रालय की अपेक्षाओं के अनुसार होगी।

   ii) इसके अलावा **यह संकल्प किया जाता है कि** श्री अशोक नायक (डीआईएन संख्या –01621890), जिनकी नियुक्ति कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 161 के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशक के पद पर की गई थी तथा जो 32वीं वार्षिक आम सभा की तिथि तक कार्यालय पदधारी हैं, तथा जिनसे कम्पनी को लिखित में अपनी उम्मीदवारी को प्रस्तावित करने वाला नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें एतद्वारा कम्पनी के स्वतंत्र निदेशक के पद पर बने रहने के लिए नियुक्त किया जाता है तथा वे शेष/विस्तारित काल तक आवर्तन क्रम में नागर विमानन मंत्रालय की आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त होंगे।"

   iii) इसके अलावा **यह संकल्प किया जाता है कि** श्री हरीश चौधरी (डीआईएन संख्या –00075061), जिनकी नियुक्ति कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 161 के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशक के पद पर की गई थी तथा जो 32वीं वार्षिक आम सभा की तिथि तक कार्यालय पदधारी हैं, तथा जिनसे कम्पनी को लिखित में अपनी उम्मीदवारी को प्रस्तावित करने वाला नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें एतद्वारा कम्पनी के स्वतंत्र निदेशक के पद पर बने रहने के लिए नियुक्त किया जाता है तथा वे शेष/विस्तारित काल तक आवर्तन क्रम में नागर विमानन मंत्रालय की आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त होगें।"

4. विचार किए जाने तथा उपयुक्त पाए जाने की स्थिति में संशोधन अथवा बिना किसी संशोधन के साथ निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के तौर पर पारित किया जाना :–

"यह संकल्प किया जाता है कि शेयरधारकों के अनुमोदन से यह संकल्प पारित किया गया है कि पवन हंस लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय रोहिणी हेलीपोर्ट, सेक्टर–36, रोहिणी, दिल्ली से सी–14, सेक्टर–1, नोएडा–201301 (उत्तर प्रदेश) अर्थात दिल्ली से नोएडा में स्थानांतरित कर दिया जाए।

इसके अलावा यह संकल्प किया जाता है कि कम्पनी द्वारा अपने पंजीकृत कार्यालय को सी–14, सेक्टर–1, नोएडा–201301 (उत्तर प्रदेश) अर्थात दिल्ली से नोएडा में स्थानांतरित करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय से तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की अपेक्षाओं तथा उससे संबद्ध नियमावली के अनुसार केन्द्र सरकार (निगमित कार्य मंत्रालय) से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

यह संकल्प किया जाता है कि कम्पनी (पवन हंस लिमिटेड) के संस्था के बहिर्नियम की धारा II में तथा एतद्वारा धारा II संशोधन किया गया है जिसके अनुसार "कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय उत्तर प्रदेश राज्य में स्थापित होगा।"

इसके अलावा यह संकल्प किया जाता है कि कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार स्थानांतरित किए जाने के उद्देश्य से कम्पनी के निदेशक मंडल को एतद्वारा ऐसी क्रियाएं, कृत्य, मामलों एवं अपने स्व–विवेकानुसार ऐसे कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया है जो कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक समझे गए हों तथा ऐसे प्राधिकार में प्रदत्त की गई किन्हीं भी शक्तियों का प्रत्यायोजन एयर कमोडोर टी.ए.दयासागर, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी), श्री धीरेन्द्र सहाय, मुख्य वित्तीय अधिकारी, श्री संजीव अग्रवाल, कम्पनी सचिव, कम्पनी के अन्य किसी अधिकारी तथा श्री डी.पी. गुप्ता, व्यावसायिक कम्पनी सचिव को किया जाना शामिल है।

पवन हंस लिमिटेड के
निदेशक मंडल के आदेशानुसार जारी
(संजीव अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

नई दिल्ली
02 फरवरी, 2018

नोट :

क) बैठक में भाग लेने के पात्र तथा बैठक में मतदान के पात्र सदस्य अपनी ओर से बैठक में भाग लेने तथा मतदान करने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त करने के पात्र होगें जिसका कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्राक्सियों की प्रभाव्यता के लिए उन्हें बैठक से कम से कम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करवाया जाना होगा। एक कोरा प्रॉक्सी फार्म संलग्न है।

ख) कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 102 के अंतर्गत विशेष व्यवसाय से संबंधित सापेक्षता स्पष्टीकरण विवरण इसके साथ संलग्न किया जा रहा है।

पंजीकृत कार्यालय :
रोहिणी हेलीपोर्ट, सेक्टर–36, रोहिणी, नई दिल्ली–110085
निगमित पहचान संख्या (सीआईएन) : यू62200डीएल1985जीओआई022233

कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 102 के अनुसरण में अपेक्षित विवरणी

मद संख्या 3(i)

एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर को दिनांक 1.9.2017 को आगामी आदेशों तक के लिए कम्पनी अधिनियम 2013 के खंड 161 के प्रावधानों के अंतर्गत निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया था तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 152 के अनुसरण में एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर की नियुक्ति का काल 32वीं वार्षिक आम सभा में समाप्त होने जा रहा है। एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर को भारतीय वायु सेना में वरिष्ठ पदों पर कार्य करते हुए विविध क्षेत्रों में अत्यंत समृद्ध अनुभव प्राप्त है तथा वे आवर्ती क्रम में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। कम्पनी को एयरवाइस मार्शल कपूर की नियुक्ति कम्पनी के निदेशक के रूप में किए जाने का प्रस्ताव का नोटिस प्राप्त हुआ है। तदनुसार एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर की पुनः नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन मांगा गया है। शेयरधारियों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित नोट की मद संख्या 3(i) में दिए गए साधारण संकल्प की निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसा की गई है। इसे स्वीकार किया जाए तथा एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर के अतिरिक्त कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधन कार्मिक तथा उनके संबंधी इस संकल्प के प्रति हितबद्ध अथवा सम्बद्ध नहीं हैं।

मद संख्या 3(ii)

श्री अशोक नायक की नियुक्ति दिनांक 2.1.2017 को कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 161 के अंतर्गत निदेशक के पद पर हुई थी तथा उनकी नियुक्ति का कार्यकाल कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 152 के अंतर्गत 32वीं वार्षिक आम सभा के आयोजन तक के लिए था। श्री अशोक नायक स्वतंत्र निदेशक हैं तथा उन्हें हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष के पद पर कार्य करने का विविध एवं समृद्ध अनुभव प्राप्त है। वे केन्द्रीय सरकार के अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निदेशक मंडल में भी स्वतंत्र निदेशक हैं। तदनुसार श्री अशोक नायक की पुनः नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन मांगा गया है। शेयरधारियों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित नोट की मद संख्या 3(ii) में दिए गए साधारण संकल्प की निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसा की गई है। इसे स्वीकार किया जाए तथा एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर के अतिरिक्त कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधन कार्मिक तथा उनके संबंधी इस संकल्प के प्रति हितबद्ध अथवा सम्बद्ध नहीं है।

मद संख्या 3(iii)

श्री हरीश चौबे की नियुक्ति दिनांक 2.1.2017 को कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 161 के अंतर्गत निदेशक के पद पर हुई थी तथा उनकी नियुक्ति का कार्यकाल कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 152 के अंतर्गत 32वीं वार्षिक आम सभा के आयोजन तक के लिए था। श्री चौबे स्वतंत्र निदेशक हैं तथा उन्हें आई.आई.टी., दिल्ली में प्रोफेसर के पद पर कार्य करने का विविध एवं समृद्ध अनुभव प्राप्त है। तदनुसार श्री चौबे की पुनः नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन मांगा गया है। शेयरधारियों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित नोट की मद संख्या 3(iii) में दिए गए साधारण संकल्प की निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसा की गई है। इसे स्वीकार किया जाए तथा एयरवाइस मार्शल संजीव कपूर के अतिरिक्त कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधन कार्मिक तथा उनके संबंधी इस संकल्प के प्रति हितबद्ध अथवा सम्बद्ध नहीं है।

मद सं. 4) पवन हंस लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तन कर रोहिणी, नई दिल्ली से नोएडा (उ.प्र.) के लिए अनुमोदन हेतु विशेष प्रस्ताव।

दिनांक 31.07.2017 को निदेशक मंडल ने पंजीकृत कार्यालय को सफदरजंग हवाई अड्डा से रोहिणी के लिए अनुमोदन दिया और तदनुसार पंजीकृत कार्यालय को सेक्टर –36, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 में स्थानांतरित कर दिया गया। पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तित करने के लिए अर्थात नई दिल्ली से नोएडा (उ.प्र.) करने हेतु बोर्ड ने भी इसे अनुमोदित किया और कंपनी के सदस्यों द्वारा संस्था के ज्ञापन में विशेष संकल्प पारित करने के माध्यम से संशोधन की संस्वीकृति के लिए कंपनी को शेयरधारकों की वार्षिक सामान्य बैठक का भी अनुमोदन अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त यह सिर्फ केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से किया जा सकता है। इस संबंध में संस्था के ज्ञापन [कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 (4), (5), (7)] में भी संशोधन की आवश्यकता है। इस प्रयोजन के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रपत्र दिया जाएगा और इसकी प्रति राज्य के मुख्य सचिव [कंपनियों के निगमन नियम 2014 का नियम 30] को भी दाखिल कराई जाएगी।

आवेदन के निपटान के लिए, सुनवाई होगी। सुनवाई के तिथि के कम से कम 14 दिन पहले कंपनी, [नियम 30]: (i) आवेदन के समय आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय की अवस्थिति वाले जिला में परिचालित समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा और अंग्रेजी भाषा में, क्रमशः स्थानीय और अंग्रेजी समाचार पत्रों में विज्ञापन (सुनवाई की तिथि, समय और स्थान के संबंध में) देगीय (ii) पंजीकृत डाक पावती देय द्वारा सुनवाई (सुनवाई की तिथि, समय और स्थान के संबंध में) की सूचना (क) व्यक्तिगत रूप से सभी लेनदारों और डिबेंचर धारकों, (ख) कंपनियों के पंजीयक को देगी और आवेदक कंपनी द्वारा प्राप्त आपत्तियाँ, यदि कोई हों के को सुनवाई की तिथि या उससे पहले केंद्र सरकार को अग्रेषित किया जाएगा [नियम 30]। यदि आपत्तियाँ प्राप्त नहीं होती हैं आवेदन का निपटारा बिना सुनवाई के कर दिया जाएगा [नियम 30]। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आवेदक कंपनी या तो आपत्ति करने वाले लेनदारों की सहमति प्राप्त करती है या ऋण को संतुष्ट करती है या आपत्ति करने वाले लेनदारों के ऋण को सुरक्षित करती है। [नियम 30 और अनुच्छेद 13 (5)]

उस राज्य का पंजीयक जहां पंजीकृत कार्यालय को स्थानांतरित किया जा रहा है, परिवर्तन का संकेत देते हुए निगमन का एक नया प्रमाणपत्र जारी करेगा। [अनुच्छेद 13 (7) और नियम 30] रोहिणी से पंजीकृत कार्यालय के सी–14, सेक्टर –1, नोएडा –201301 में परिवर्तन के लिए अपेक्षित उपरोक्त प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए, कंपनियों के पंजीयक का अधिकार क्षेत्र दिल्ली से कानपुर परिवर्तित हो जाएगा।

पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन से अन्य मामलों के संबंध में निम्नलिखित प्रभाव पड़ेगाः–

1. उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र दिल्ली से इलाहाबाद (उ.प्र.) में बदल जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप मुकदमे इलाहाबाद में होंगे। पुराने मामले जिला न्यायालय, साकेत, तीस हजारी, दिल्ली में साथ ही साथ पहले से ही परिवादित याचिकाएं दिल्ली में जारी रहेंगी।

2. आयकर मामलों के संबंध में आयकर निर्धारण प्राधिकरण के साथ–साथ सीआईटी अपील दिल्ली से नोएडा स्थानांतरित हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण आगामी अपील के लिए नोएडा परिवर्तित होगा।

3. सरकारी प्राधिकारियों के साथ नया पता अद्यतनीकरण यथा डीजीसीए, जीएसटी, सीमा शुल्क, श्रम, बीमा, हेलीकाप्टरों और वाहनों की पंजीकरण प्रतिलिपि, ग्राहक, वेबसाइट, आपूर्तिकर्ता, आदि।

कंपनी के शेयरधारक पंजीकृत कार्यालय के रोहिणी हेलीपोर्ट से नोएडा स्थानांतरण पर विचार कर अनुमोदन करें।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए उपरोक्त प्रस्ताव की संस्तुति करता है।

अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को संबोधन

प्रिय शेयरधारकों,

आपकी कम्पनी की 32वीं वार्षिक आम सभा के आयोजन के अवसर पर आपका स्वागत करते हुए मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ। वित्तीय वर्ष 2016–17 की वार्षिक रिपोर्ट वितरित कर दी गई है तथा आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा मान रहा हूँ।

वित्तीय वर्ष 2016–17 चुनौतियों से भरा वर्ष रहा है तथा कम्पनी द्वारा अपने नेतृत्व की स्थिति एवं अपने दीर्घकालिक ग्राहकों को अपने साथ बनाए रखने और कुछ नए क्षेत्रों/चार्टर व्यवसाय के लिए हेलिकॉप्टर सेवाएं प्रारम्भ करने के प्रयास किए गए हैं। कम्पनी द्वारा रोहिणी, दिल्ली में भारत के पहले एकीकृत हेलीपोर्ट का कार्य पूरा करके इसे प्रचालनात्मक बना दिया गया है। इसके अलावा, कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान इस रिपोर्ट में नीचे दिए गए अनुच्छेदों में किए उल्लेख के अनुसार अनेकों नए प्रयास किए गए हैं और अनेकों नए व्यवसाय प्राप्त किए गए हैं। ऐसे प्रयासों में से एक प्रयास जम्मू एवं कश्मीर में नागरिकों को सम्पर्कता उपलब्ध करवाने के लिए जम्मू एवं कश्मीर राज्य में हेलिकॉप्टर सेवाओं का प्रारम्भ किया जाना तथा राज्य के विभिन्न कठिन एवं दुर्गम क्षेत्रों तक सम्पर्कता उपलब्ध करवाना है। कम्पनी द्वारा गोवा, आंध्र प्रदेश दमन दीव जैसे विभिन्न राज्यों एवं प्रशासनों के साथ हेली पर्यटन के प्रोत्साहन के लिए समझौता ज्ञापन किए गए हैं। हेलिकॉप्टर उद्योग में अनुभवी हेलिकॉप्टर पायलटों की अत्यधिक कमी है जिसे ध्यान में रखकर कम्पनी द्वारा नए एवं अधिक कारगर अभिनव उपाय के तौर पर देश के हेलीकॉप्टर उद्योग में पहली बार कमर्शियल हेलिकॉप्टर पायलट लाइसेंस – कैडेट पायलट योजना का शुभारंभ करने के साथ साथ पीएचएल विमानन अकादमी की स्थापना करके मुम्बई विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के साथ डीजीसीए प्रमाण पत्र तथा बीएससी वैमानिकी डिग्री के दोहरे प्रमाण पत्र/डिग्री प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन किए गए हैं। कम्पनी द्वारा कर पश्चात लाभ अर्जित किया जाना जारी रहा और शेयर धारकों को लाभांश प्रदान किए गए।

कम्पनी द्वारा हाल ही में नागर विमानन मंत्रालय की क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना में भागीदारी की गई है जिसके अंतर्गत उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अनुसार पर्वतीय एवं पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान की जानी हैं। इससे कम्पनी के लिए व्यापार संवर्धन की अपार संभावनाएं उपलब्ध हुई हैं और ऐसी आशा है कि कम्पनी इस क्षेत्र में सफल होगी। इस परिचालन उद्यम से कंपनी को वार्षिक रुपए 80 करोड़ के प्राक्कलित राजस्व की उपलब्धता की संभावना है। इसी के साथ साथ आपके निदेशक आपको यह सूचित करना चाहते हैं कि मंत्रिमंडल की आर्थिक समिति, भारत सरकार द्वारा प्रबंधन नियंत्रण के साथ साथ कम्पनी की शेयरधारिता का 51% रणनीतिक विनिवेश करने के संबंध में सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा विनिवेश से संबंधित प्रक्रिया नागर विमानन मंत्रालय तथा निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग द्वारा की जा रही है।

वर्ष 2016–17 के दौरान कम्पनी का कुल राजस्व वर्ष 2015–16 के 491.67 करोड़ रुपए की तुलना में 507.48 करोड़ रुपए रहा है। इसके अलावा वर्ष 2016–17 के दौरान कर पश्च लाभ वर्ष 2015–16 के 58.10 करोड़ रुपए की तुलना में इंड एएस लेखांकन प्रणाली पर आधारित लेखा परीक्षित बहियों के अनुसार 242.76 करोड़ रुपए था। पिछले वर्ष 27,894 उड़ान घंटों की तुलना में वर्ष 2016–17 में कुल उड़ान घंटे 25,839 थे। उड़ान घंटों में हुई कमी मुख्यतः अरुणाचल प्रदेश एवं नागालैंड सरकार के साथ वर्ष 2015 के दौरान दुर्घटनाओं में 3 हेलिकॉप्टर गंवा दिए जाने से अनुबंध न हो पाने के कारण है। कम्पनी द्वारा अपने 43 हेलिकॉप्टरों के बेड़े में से वर्ष 2016–17 के दौरान अपने 32 हेलिकॉप्टरों का औसत नियोजन पिछले वर्ष के अनुसार ही कायम रखा गया है। पिछले वर्ष के 82 प्रतिशत की तुलना में औसत विमान बेड़ा सेवायोज्यता 88 प्रतिशत हुई है।

कम्पनी द्वारा यात्रा खर्चों, टीए/डीए, विज्ञापन, ओवरटाइम, ऊपरी एवं व्यवसाय प्रौन्नति खर्चों की कड़ी मॉनीटरिंग करते हुए अपने कायाकल्प कार्यक्रम एवं लागत नियंत्रण उपाय जारी रखे गए हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग, मालसूची बजट का कार्यकुशल एवं प्रभावी नियंत्रण, एकीकृत कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा सभी बेसों पर एमआईएस को तैयार किया जाना, विभिन्न प्रकार के पॉयलटों के लिए क्रॉस कन्वर्जन तथा केन्द्रीकृत कम्प्यूटर प्रणाली के माध्यम से एफटीएल/एफटीडीएल की मॉनीटरिंग जैसे कार्य प्रचालनों के निष्पादन एवं दक्षता स्थापित करने के लिए जारी रखे गए हैं ।

वर्ष 2016–17 के दौरान कम्पनी का रक्षित एवं अधिशेष वर्ष 2015–16 के 350.55 करोड़ रुपए से बढ़कर 580.31 करोड़ रुपए हो गया है। 31.3.2017 की स्थिति के अनुसार दीर्घकालिक ऋण 30.34 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 169.62 करोड़ रुपए) थे। दिनांक 30.11.2016 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया ऋण 32.10 करोड़ रुपए थे। 31.12.2017 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया ऋण

26.35 करोड़ रुपए थे। अपने दीर्घकालिक ऋणों का पुनर्भुगतान करके कम्पनी द्वारा अपनी ऋण इक्विटी का औसत कम करके 0.05:1 किया गया है। कम्पनी की रेटिंग स्टेबल इडिया ए+ जारी रखी गई है। यह उपलब्धि व्यवसाय में आए स्थायित्व, राजस्व में निरंतर वृद्धि तथा बेहतर वित्तीय निष्पादन के परिणामस्वरूप संभव हुई है।

हेलीकॉप्टर उद्योग में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है तथा कम्पनी को लगभग कुल प्रचालनात्मक राजस्व का 85% भाग अब प्रतिस्पर्द्धी निविदाओं संविदाओं के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। ओएनजीसी द्वारा कम्पनी को मई, 2016 में कर्मी दल परिवर्तन कार्य के लिए डॉफिन एन3 हेलिकॉप्टर का एक और अनुबंध दिया गया है। वर्ष 2016 के दौरान कम्पनी को उत्पादन कार्य की संविदा के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में ओएनजीसी को 7 वर्ष की विशिष्ट अवधि के साथ 3 डॉफिन हेलिकॉप्टर उपलब्ध करवाने का अनुबंध हासिल करने में सफलता प्राप्त हुई है। बाजार में ऑफशोर एएस–4 योग्यता प्राप्त पॉयलटों की कमी एक बहुत बड़ी समस्या है जिसके कारण एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड (एओजी) की स्थितियों में बढ़ोतरी होती है। कम्पनी द्वारा नियमित रूप से पॉयलटों के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। तथापि, योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पॉयलटों की कमी अभी बनी हुई है।

निदेशक मंडल द्वारा 7,52,96,000/– रुपए (पिछले वर्ष कर पश्च लाभ के 20% पर लाभांश : 10.83 करोड़ रुपए जमा 2.20 करोड़ रुपए के लाभांश पर निगमित कर) की समायोजित निवल सम्पति (739.73 करोड़ रुपए) जमा निगमित कर के लाभांश पर 5% की दर से 36,98,68,000/– रुपए का लाभांश दिए जाने की अनुशंसा की गई है। यह लाभांश 31.3.2017 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की समग्र 245.616 करोड़ रुपए की प्रदत्त पूंजी पर देय है। कम्पनी द्वारा अपने शेयरधारकों को अंतरिम लाभांश के रूप में 75% लाभांश का भुगतान पहले ही कर दिया गया है। कम्पनी द्वारा पिछले 5 वर्षों से लगातार लाभ प्राप्त किए जा रहे हैं/लाभ दर्ज किए गए हैं तथा अपने शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान किया जा रहा है।

निम्नलिखित महत्वपूर्ण विकास कार्य किए गए हैं :–

i) नवम्बर, 2016 में काफी लम्बे समय से प्रतीक्षित निर्णय लिया गया है जिसके अनुसार भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में अधिग्रहण किए गए वैस्टलैंड हेलिकॉप्टरों के संबंध में 130.91 करोड़ रुपए के ऋण को इक्विटी में परिवर्तित किया जाएगा तथा 339 करोड़ रुपए की उसकी ब्याज राशि को समाप्त कर दिया जाएगा। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 18.1.2017 को पवन हंस लिमिटेड को 130.91 करोड़ रुपए की राशि इक्विटी शेयर पूंजी अंशदान के रूप में सौंपी गई है तथा उसके पश्चात पवन हंस लिमिटेड द्वारा समतुल्य राशि कंट्रोलर ऑफ ऐड एंड एकाउंटस के पास जमा करवा दी गई है। जुलाई, 2017 में शेयर पूंजी में संवर्धन से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी।

ii) कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 250 करोड़ रुपए से बढ़कर 560 करोड़ हो गई है तथा नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से जुलाई, 2017 में राइट इश्यू द्वारा भारत के राष्ट्रपति को 159.05 करोड़ रुपए एवं ओएनजीसी को 152.816 करोड़ रुपए मूल्य के अतिरिक्त शेयर आबंटित किए गए हैं।

iii) पवन हंस लिमिटेड द्वारा वर्ष 2017 में मुम्बई विश्वविद्यालय के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विज्ञान स्नातक (वैमानिकी) एवं पीएचटीआई के अंतर्गत विमान अनुरक्षण अभियांत्रिकी के प्रमाणन के दोहरे पाठ्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया है। जुलाई, 2017 में पवन हंस लिमिटेड द्वारा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के साथ तीन वर्षीय विज्ञान स्नातक वैमानिकी डिग्री दिए जाने के लिए भी अकादमिक सहभागिता की गई है। पवन हंस लिमिटेड में कमर्शियल हेलिकॉप्टर पायलट लाइसेंस एवं कैडेट पायलट योजना के लिए कौशल विकास केन्द्र भी स्थापित है। वर्ष 2017 में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ पवन हंस लिमिटेड द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की प्रशिक्षण सेवाओं के उपयोग से 'कैडेट पायलट' के लिए चयनित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है जिससे वे वाणिज्यिक हेलिकॉप्टर पायलट लाइसेंस प्राप्त कर सकें और यह संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा की शीर्ष क्रम वाली उड़ान अकादमियों से टाईअप करने की प्रक्रिया में है।

iv) जम्मू एवं कश्मीर सरकार के साथ फरवरी 2017 में 3 हल्के हेलिकॉप्टरों के नियोजन के लिए नए अनुबंध किए गए हैं जिससे 18 करोड़ रुपए का अनुमानित राजस्व प्रतिवर्ष प्राप्त होगा।

v) असम सरकार के साथ एक हेलिकॉप्टर के नियोजन के लिए एक नया अनुबंध किया गया है जिससे प्रतिवर्ष 8.75 करोड़ का अनुमानित राजस्व प्राप्त होगा।

vi) माइचल माता देवी के साथ एक हेलिकॉप्टर के नियोजन का नया अनुबंध किया गया है जिससे 1.50

करोड़ का अनुमानित राजस्व प्राप्त होगा।

vii) क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना–उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) में अपने हेलिकॉप्टरों को शामिल करने के प्रयास किए गए हैं तथा बोली प्रक्रिया में भाग लिया गया है। पवन हंस को क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) के अंतर्गत जनवरी, 2018 में असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड की 13 आरसीएस मार्गो के लिए अनुबंध प्रदान किए गए हैं जिनकी सेवाएं अगले छः माह के समय में प्रारंभ होंगी। आरसीएस योजना के अंतर्गत पवन हंस को रु. 80 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की प्राप्ति संभावित है। यह एक नया राजस्व स्रोत होगा तथा कम्पनी क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक प्रचालन प्रारम्भ कर सकेगी।

viii) पवन हंस ने रु. 12.50 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की राशि का दमन एवं द्वीप प्रशासन से वर्ष 2020 तक के लिए दीर्घावधि के अनुबंध को हासिल किया है।

ix) पवन हंस ने लक्षद्वीप के लिए रु. 15.60 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की राशि के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर का दीर्घावधि अनुबंध हासिल किया है।

x) पवन हंस लिमिटेड द्वारा गोवा सरकार के साथ राज्य में हेली–पर्यटन एवं नगरों के बीच सम्पर्कता स्थापित करने के लिए 5 वर्षों के एकल अधिकार प्राप्त करने के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

xi) अक्तूबर, 2016 में पवन हंस लिमिटेड द्वारा अलग व्यवसाय केन्द्र के रूप में मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल डिवीजन की स्थापना की गई है तथा बाह्य मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल कार्यों से राजस्व अर्जित किया गया है।

xii) मैसर्स एयरबस हेलीकॉप्टर्स के साथ फरवरी, 2017 में भारत तथा पड़ौसी देशों में उनकी अनुमोदित मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन/करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिससे 08 करोड़ रुपए का वार्षिक व्यवसाय राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

xiii) विभिन्न राज्य सरकारों से काफी लम्बे समय से बकाया प्राप्यों की वसूली रु: काफी लम्बे समय से बकाया प्राप्यों की वसूली के लिए अलग वसूली कक्ष की स्थापना की गई थी तथा वर्ष 2016–17 के दौरान वसूली कक्ष द्वारा काफी लम्बे समय से बकाया 46 करोड़ रुपए के प्राप्यों की वसूली कर ली गई है।

xiv) पवन हंस लिमिटेड द्वारा पहली बार ''रणनीतिक निगमित योजनाः 2020'' एवं नई व्यवसाय योजना 2027 के विजन दस्तावेज का विकास किया गया है। तथापि, प्रस्तावित रणनीतिक विनिवेश को ध्यान में रखते हुए योजना को वर्तमान में रोककर रखा गया है। इस निर्णय की समीक्षा अपेक्षित है क्योंकि कंपनी के कारोबार पर इससे प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

xv) कम्पनी की 32वीं वर्षगांठ एवं राष्ट्र को समर्पित सेवाओं के स्मरणोत्सव पर पवन हंस द्वारा नवम्बर, 2017 में पहले ''हेली–एक्सपो'' एवं ''सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, हेलीकॉप्टरों की बहु–उद्देश्यों से उपयोज्यता तथा क्षेत्रीय वायु सम्पर्कता'' के लिए ''नागर हेलीकॉप्टरों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन'' का आयोजन किया गया था जिसमें नागर विमानन क्षेत्र से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतिभागियों द्वारा काफी अधिक संख्या में प्रतिभागिता की गई।

xvi) संरक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाया गया है तथा "संरक्षा के प्रति शून्य सहिष्णुता" के साथ संगठन में नई संरक्षा नीति कार्यान्वित की गई है। संगठन में संरक्षा प्रणाली में सुधार के लिए तृतीय पक्षकार सहिष्णुता संरक्षा ऑडिट (एसएमएस) का कार्य पूरा कर लिया गया है। संरक्षा एवं एहतियात के तौर पर उपाय किए गए हैं जिनमें मानक प्रचालन प्रक्रियाओं, पहाड़ी क्षेत्रों के लिए मौसम के मिजाज को समझने की आवश्यकता को दोहराते हुए चेतावनी पत्र जारी करने, पहाड़ी क्षेत्रों तथा खराब मौसम वाले क्षेत्रों में आपात्त स्थिति का सामना किए जाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देने से संबंधित संरक्षा परिपत्र जारी किए जाने जैसे उपाय सम्मिलित हैं। कम्पनी द्वारा नवीन उपायों के प्रयोग से प्रचालनों में संरक्षा के प्रति अनुकरण किया जा रहा है।

xvii) हेली पर्यटन को विकसित करने के दृष्टिकोण से पवन हंस द्वारा देश के विभिन्न भागों में जैसे उत्तर प्रदेश में मथुरा, गोवर्धन परिकमा, दिल्ली दर्शन, आकाश से मुम्बई की विहंगम छवि जैसी जॉय राइड्स सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हेलिकॉप्टर को बढ़ावा देने के लिए पवन हंस ने 2016–17 में ''फैस्टिवल जॉय राइड्स'' तथा ''सिटी दर्शन''जैसी हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवाएं एवं नगर की सैर सेवाएं जैसे कि दिल्ली दर्शन, हम्पी महोत्सव, मैसूर दशहरा, पायदिथिली तथा कृष्ण पुष्करम त्यौहार इत्यादि की सेवाएं प्रारम्भ की हैं। इस उद्यम से कम्पनी के लिए 2016–17 से राजस्व सृजन के नए द्वार खुल गए हैं। इन छोटी छोटी व्यवस्थाओं से कम्पनी अपने बेड़े का

प्रयोग और अधिक प्रभावी स्वरूप में करके राजस्व की उत्पति एवं हेली पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

xviii) कम्पनी द्वारा लोक उपक्रम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण किया जा रहा है। विचाराधीन अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व निकायों के साथ नियमित बैठकों का आयोजन किया गया। विकास की अपार संभावनाओं से युक्त भारत के हेलिकॉप्टर उद्योग में कम्पनी द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

xix) पवन हंस लिमिटेड को अपनी सेवाओं के उत्कृष्ट स्तर एवं नागर विमानन में अपने योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर निम्नानुसार अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए हैं :

- वर्ल्डवाईड एरियल इंजन फ्लीट की सफलता में अपना समग्र योगदान देने के लिए टर्बोमेका द्वारा प्रदान किया गया उत्कृष्टता अवार्ड।
- हेलिकॉप्टर एसोसिएशन इंटरनेशल (एचएआई) द्वारा पवन हंस को फ्रांस एयर शो में उत्कृष्ट संरक्षा रिकार्ड के लिए प्रदान किया गया प्रचालक संरक्षा अवार्ड।
- ''पूर्वोत्तर राज्यों के मध्य सम्पर्कता उपलब्ध करवाने वाली सर्वोत्तम विमानन कम्पनी'' के लिए ''टूडे का ट्रैवलर अवार्ड 2015'' प्राप्त किया गया।
- पवन हंस को दूरस्थ एवं क्षेत्रीय सम्पर्कता में संवर्धन के लिए सर्वोत्कृष्ट सामान्य विमानन कम्पनी के तौर पर एएसएसओसीएचएएम (एसोचॉम) – नागर विमानन एवं पर्यटन अवार्ड –2015 प्रदान किया गया है।
- देश के विभिन्न हिस्सों में हेली पर्यटन और ग्रामीण संपर्कता को बढ़ावा देने के लिए पवन हंस को 2016 में ''दूरस्थ संपर्कता में उत्कृष्टता'' के लिए टीटीजे जूरी चॉइस अवॉर्ड के साथ सम्मानित किया गया है।
- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित भव्य आयोजन के अवसर पर ''हेलीकॉप्टर के माध्यम से ग्रामीण भारत को जोड़ने'' के लिए 2016 में पीएचडी पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- पवन हंस को क्षेत्रीय और दूरस्थ संपर्कता को बढ़ावा देने के लिए एसोचॉम से 2016 में ''उत्कृष्ठ सामान्य विमानन कंपनी'' पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- "गवर्नेंस नाउ" द्वारा एक आयोजन में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एवं इस्पात मंत्री के करकमलों से डिजिटल इंडिया के अंतर्गत किए गए प्रयासों के अंतर्गत अग्रणी मिनीरत्न–1 के रूप में पवन हंस को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए मान्यता प्रमाण प्रदान किया गया है।
- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एयरो एक्सपो इंडिया 2016 के भव्य आयोजन समारोह में पवन हंस को हेलीकॉप्टरों के माध्यम से ग्रामीण भारत से संपर्कता के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- पवन हंस को अगस्त 2017 में एसोचॉम द्वारा ''हेली टूरिज्म और दूरस्थ क्षेत्र हवाई संपर्कता को बढ़ावा देने'' के लिए सामान्य नागर विमानन क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में सम्मानित किया गया है।
- इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सितंबर 2017 में विकासशील राष्ट्र के पहले एकीकृत हेलीपोर्ट के विकास की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मान्यता दी गई है।
- नवंबर 2017 में पवन हंस को देश में ग्रामीण संपर्कता प्रदान करने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ सामान्य विमानन कंपनी पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- दिसंबर, 2017 में दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आईडब्लूपीए द्वारा महिला पाइलटों के सशक्तीकरण की मान्यता स्वरूप पवन हंस को पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर प्रबंधन के प्रति आपके विश्वास के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मैं कम्पनी के कार्यकुशल प्रबंधन में योगदान के लिए भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय तथा अन्य विभिन्न अभिकरणों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं कम्पनी के प्रति अपने विश्वास को बनाए रखने तथा उनके कर्मचारियों द्वारा कम्पनी के विकास में योगदान के लिए प्रदत्त सेवाओं हेतु तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, जीएसपीसी, नेशनल थर्मल पॉवर कारपोरेशन, गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल, मेघालय, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, असम, उड़ीसा, जम्मू एवं कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की राज्य सरकारों तथा इनके कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के प्रति भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

(डॉ. बी. पी. शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांकः 16 फरवरी, 2018

निदेशक रिपोर्ट

शेयरधारको,

आपके निदेशकों को पवन हंस लिमिटेड की बत्तीसवीं वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की लेखा परीक्षित विवरणियां, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और लेखा के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियां प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 चुनौतियों से भरा वर्ष रहा है तथा कम्पनी द्वारा दीर्घकालिक ग्राहकों को अपने साथ बनाए रखने और कुछ नए क्षेत्रों/चार्टर व्यवसायों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रारम्भ करने के प्रयास किए गए हैं। कंपनी ने रोहिणी, दिल्ली में भारत के पहले एकीकृत हेलीपोर्ट को पूरा कर लिया है और परिचालन प्रारंभ किया है। इसके अलावा, कंपनी ने कई नई पहलें की हैं और वर्ष के दौरान नए व्यवसायों को अर्जित किया है, जैसा कि अग्रांकित अनुच्छेदों में रिपोर्ट में विवरण दिया गया है। उनमें से एक जम्मू और कश्मीर राज्य में जम्मू–कश्मीर के लोगों को हवाई संपर्क उपलब्ध कराने और राज्य के विभिन्न कठिन और दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ने के लिए हेलीकाप्टर सेवाओं का शुभारंभ किया जाना है। कंपनी ने विभिन्न सरकारों और प्रशासन के साथ उनके राज्य में हेली–पर्यटन विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है जैसे गोवा, आंध्र प्रदेश और दमन–दीव। चूंकि अनुभवी हेलीकाप्टर पायलटों की कमी हेलिकॉप्टर उद्योग में गंभीर समस्या है; कंपनी ने पवन हंस विमानन अकादमी स्थापित करने के लिए एक नई और सार्थक पहल की है जिसमें सीएचपीएल–कैडेट पायलट स्कीम लॉन्च करने के अलावा अपने छात्रों को डीजीसीए सर्टिफिकेट और बीएससी एयरोनॉटिक्स की दोहरी डिग्री/प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए मुंबई विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने कर पश्चात लाभ अर्जित करना और शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करना जारी रखा है।

हेलीकॉप्टर उद्योग में अत्यधिक प्रतिस्पर्द्धा बढ़ती जा रही है तथा पवन हंस को लगभग कुल प्रचालनात्मक राजस्व का 85% भाग अब प्रतिस्पर्द्धी निविदाओं के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

पवन हंस ने हाल ही में यूडीएएन योजना के अंतर्गत विभिन्न पहाड़ी और उत्तर पूर्व राज्यों में हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान करने के लिए एमओसीए–आरसीएस योजना में भाग लिया है। इसकी एक अच्छी व्यावसायिक संभावना है और कंपनी इस क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने की उम्मीद करती है। इसके अलावा, निदेशक शेयरधारकों को सूचित करना चाहेंगे कि सीसीईए, भारत सरकार ने प्रबंधन नियंत्रण के साथ अपनी 51% शेयरधारिता के रणनीतिक विनिवेश को मंजूरी दी है और विनिवेश की प्रक्रिया एमओसीए और डीआईएपीएएम द्वारा प्रगति पर है।

I. प्रचालन

क) प्रचालन परिणाम

कम्पनी को प्रमुखतः तेल उद्योग एवं सरकारी क्षेत्र के संस्थागत ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संविदा निष्पादित करते में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वर्ष की स्थिति के अनुसार कुल 42 हेलीकॉप्टरों के बेड़ा आकार में से हेलीकॉप्टरों के मासिक परिनियोजन का औसत पिछले वर्ष के समान 32 हेलीकॉप्टर (वर्ष 2015 में 3 हेलीकॉप्टरों की क्षति के बावजूद) था। पिछले वर्ष के 82% की तुलना में वर्ष के दौरान बेड़े की सेवायोज्यता का औसत 88% रहा। पिछले वर्ष के 27,894 उड़ान घंटों की तुलना में वर्ष 2016–17 में कुल उड़ान घंटे 25,839 थे। उड़ान घंटे में कटौती मुख्य रूप से 2015 के दौरान दुर्घटनाओं में 3 हेलीकॉप्टरों की क्षति के कारण अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में अनुबंध के नुकसान के कारण हुई।

ख) बेड़ा प्रोफाईल

अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ पवन हंस अपने परिचालन बेड़े में वर्तमान में स्वयं के कुल 43 हेलीकॉप्टरों की संतुलित संख्या के साथ एशिया के विशालतम हेलीकॉप्टर परिचालक के रूप में बरकरार है। पवन हंस अपने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली आईएसओ 9001–2008 मानकों के साथ–साथ आईएसओ 14001 व 18001 के अधीन भी प्रमाणीकृत हुआ है, जिसे एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जिसमें पर्यावरण तथा संरक्षा पहलू भी शामिल हैं। कंपनी ने अपनी स्थापना से अब तक अपने बेड़े से 10 लाख घंटे से अधिक की उड़ान भरी है तथा 25 लाख से अधिक लैन्डिग की हैं। एरियल 2/2 इंजन पर 1 मिलियन घंटे के विश्व के सर्वश्रेष्ठ उड़ान के रूप में कीर्तिमान स्थापित करने

पवन हंस लिमिटेड एवं एयर बस के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन

के लिए मेसर्स टर्बोमेका द्वारा पवन हंस को पुरस्कृत किया गया है।

दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार साथ ही वर्तमान में सम्मिलित कम्पनी के प्रचालनात्मक बेड़े का स्वरूप निम्नानुसार है :–

हेलीकॉप्टर प्रकार	हेलीकॉप्टरों की संख्या	औसत आयु (वर्ष)
डॉफिन एसए365एन	17	30
डॉफिन एएस365 एन3	14	7
बेल –407	3	12
बेल 206एल4	3	20
एएस 350 बी3	2	5
एमआई–172	3	8
योग	**42**	

ग) बेड़ा परिनियोजन

बम्बई अपतटीय प्लेटफार्म पर स्थित ड्रिलिंग रिग्स तक ओएनजीसी के अपतटीय प्रचालनों हेतु दिन रात अनवरत उनके व्यक्तियों एवं महत्वपूर्ण आपूर्तियों के वहन के लिए पवन हंस द्वारा हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। पवन हंस द्वारा मुम्बई के भू–भाग से 130 नॉटिकल मील के दायरे में स्थित ओएनजीसी की रिग्स (मदर प्लेटफार्म एवं ड्रिलिंग रिग्स) तथा उत्पादन प्लेटफार्म (कुओं) के लिए प्रचालन किए जाते हैं। मार्च, 2015 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पद्धी बिडिंग में 7 वर्ष की विशिष्टता के साथ निम्नतम बोली होने से ओएनजीसी को 3 डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाने की क्रू चेंज टास्क संविदा भी पवन हंस द्वारा ही पुनः प्राप्त की गई। मई, 2016 में डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर के लिए कम्पनी को क्रू चेंज टास्क की ओएनजीसी से एक और संविदा प्रदान की गई थी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत वर्ष 2016 में कंपनी 7 साल के विंटेज के साथ ओएनजीसी के लिए 3 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के लिए उत्पादन कार्य अनुबंध में सफल रही। दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार कम्पनी द्वारा ओएनजीसी को संविदा के अंतर्गत ओएनजीसी के अपतटीय कार्यों के लिए 11 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों से सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं जिनमें से आपात निकासी के लिए रात्रि एम्बूलेंस के लिए नियत 1 हेलीकॉटर के अतिरिक्त मुख्य प्लेटफार्म पर 2 डॉफिन हेलीकॉप्टर रात भर परिनियोजित रहते हैं। वर्तमान में कंपनी ओएनजीसी को कुल 7 डॉफिन एन –3 हेलीकॉप्टर प्रदान कर रही है।

वर्तमान में कंपनी मिजोरम, असम, त्रिपुरा राज्य सरकारों और गृह मंत्रालय में प्रत्येक के लिए 1 डॉफिन हेलीकॉप्टर प्रदान कर रही है और 1 डॉफिन

एन 3 हेलीकाप्टर मेघालय राज्य सरकार को। कंपनी क्रमशः 1 बेल 407 हेलीकॉप्टर सिक्किम और 1 एमआई –172 हेलीकॉप्टर को क्रमशः ओडिशा और हिमाचल प्रदेश राज्य सरकारों को प्रदान कर रही है।

कंपनी अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के प्रशासन के लिए 3 डॉफिन हेलीकॉप्टर और 1 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टर और लक्षद्वीप द्वीपसमूह को 02 डॉफिन हेलीकाप्टर प्रदान कर रही है।

कंपनी ने हाल ही में जम्मू–कश्मीर सरकार को 2 बेल 206 एल 4 और 1 बेल 407 हेलीकॉप्टर प्रदान किए हैं। कंपनी एनटीपीसी और जीएसपीसी प्रत्येक को एक डॉफिन एन –3 हेलीकॉप्टर और जीएआईएल एवं ऑयल इंडिया लिमिटेड प्रत्येक को 1 एएस–350 बी3 हेलीकॉप्टर प्रदान कर रही है। कंपनी ने महाराष्ट्र राज्य सरकार को 1 ध्रुव हेलीकाप्टर को एचएएल से पट्टे पर दिया है। कंपनी शीघ्र ही संघ राज्य क्षेत्र दमन और दिउ को भी 1 डॉफिन एन हेलीकॉप्टर प्रदान कर रही है। कंपनी ने चार्टर कारोबार के लिए गुवाहाटी में 1 डॉफिन एन हेलीकॉप्टर भी रखा है।

प्रत्येक वर्ष मई–जून तथा सितम्बर–अक्तूबर के दौरान पवन हंस द्वारा फाटा से पवित्र केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रचालित की जाती हैं। पवन हंस द्वारा श्री अमरनाथजी यात्रा 2016 के लिए श्री अमरनाथ श्राईन बोर्ड को भी हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान की गई हैं। पवन हंस देश के विभिन्न भागों में जॉय राइड भी प्रदान करता है जैसे मथुरा, उत्तर प्रदेश में गोवर्धन परिक्रमा, दिल्ली दर्शन, मुंबई के एरियल व्यू और एकाधिक अन्य। पवन हंस ने वर्ष 2016–17 के दौरान हेलिकॉप्टर पर्यटन और विरासत शहर को बढ़ावा देने के लिए हेलिकॉप्टर द्वारा 'फेस्टिवल जॉय राइड' और प्रमुख ''सिटी दर्शन'' शुरू किया, जैसे कि दिल्ली दर्शन, हम्पी महोत्सव, मैसूरू दशहरा, पाधिथिलि और कृष्णा पुष्करम महोत्सव आदि। इस उद्यम ने 2016–17 के दौरान पवन हंस के लिए एक अतिरिक्त राजस्व प्रदान किया। छोटी अवधि के इन कार्यों ने कंपनी को अपने बेड़े को अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने, हेली–टूरिज्म को बढ़ावा देने और राजस्व अर्जित करने में मदद की है।

हेलीकॉप्टरों का औसत मासिक परिनियोजन निम्नानुसार रहाः–

औसत मासिक बेड़ा उपयोग



हिमाचल प्रदेश में एमआई–172

घ) पवन हंस का रणनीतिक विनिवेश

दिनांक 27 अक्टूबर, 2016 को आयोजित बैठक में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) ने विनिवेश पर सचिवों के कोर समूह की सिफारिशों के आधार पर पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश के लिए सिद्धांत रूप से स्वीकृति दी। सीसीईए ने भारत सरकार के 100% शेयरहोल्डिंग के विनिवेश के लिए दो चरण विकल्प प्रक्रिया के द्वारा पहचाने जाने वाले रणनीतिक खरीदार को विनिर्दिष्ट सिफारिशों को मंजूरी दी। डीआईपीएएम ने एसबीआई सीएपीएस को लेनदेन सलाहकार और मेसर्स क्रॉफर्ड बेली एंड कंपनी को कानूनी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने पीएचएल की परिसंपत्तियों के मूल्यांकन के लिए संपत्ति वैल्यूर्स के रूप में मेसर्स आरबीएसए को नियुक्त किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 13.10.2017 को समाचार पत्र में सूचना जारी किया है जिसमें भारत सरकार द्वारा पीएचएल में प्रस्तावित रणनीतिक विनिवेश के लिए अभिरूचि के आमंत्रण के लिए वैश्विक आमंत्रण दिया गया है, जिसमें दिनांक 15.12.2017 बोली प्रस्तुत करने की तिथि है। रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया चल रही है। विनिवेश के दृष्टिगत, किसी भी बड़े वित्तीय निवेश को नहीं लिया गया है इसलिए हेलीकॉप्टरों का कोई नया अधिग्रहण और नये बिजनेस प्लान –2027 के कार्यान्वयन को रोक दिया गया है।

ङ) पंजीकृत कार्यालय का स्थानांतरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 1 अगस्त, 2017 के संकल्प को पारित कर पंजीकृत कार्यालय को सफदरजंग हवाई अड्डे से रोहिणी हेलीपोर्ट, सेक्टर–36, रोहिणी, दिल्ली–110085 में स्थानांतरण को मंजूरी दे दी। कंपनी ने पंजीकृत कार्यालय को रोहिणी हेलीपोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए कंपनियों के निबंधक के समक्ष आवश्यक दस्तावेज दायर किए। कंपनी सी–14, सेक्टर–1, नोएडा–201301 (यूपी) जहां कंपनी का प्रधान कार्यालय स्थित है के लिए पंजीकृत कार्यालय के स्थानांतरण के लिए अपेक्षित अनुमोदन/प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए भी अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है।

च) बेड़े के विस्तार

कंपनी ने वर्ष 2016–17 के दौरान 3 मीडियम हेलीकॉप्टर, 3 हेवी ड्यूटी और 3 सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर प्राप्त करने की योजना बनाई। सितंबर/दिसंबर, 2016 में रुपये 205 करोड़ की कुल अनुमानित लागत पर 3 बेल 412 ईईपी हेलीकाप्टरों की खरीद के लिए निविदा को अंतिम रूप दिया गया था। 3 हेलीकाप्टरों में से 2 को बेल हेलीकाप्टर द्वारा फरवरी, 2017 में अपने सेवा प्रदाता के साथ मुंबई भेज दिया गया था। हालांकि, तकनीकी निरीक्षण के दौरान आपूर्ति से छह महीने पहले के निर्माण की तारीख के मुताबिक हेलीकॉप्टर उत्पादन की तारीख (अप्रैल/मई, 2015) की आवश्यकता के संबंध में कमी पाई गई थी। जैसे कि वे निविदा आवश्यकताओं और खरीद समझौते के स्वीकृति मानदंडों को पूरा नहीं करते, इसलिए इन हेलीकॉप्टरों को अस्वीकार करने और अनुबंध रद्द करने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है। पीएचएल ने बैंक हेलीकाप्टरों द्वारा प्रदान की गई बैंक गारंटी को पीएचएल द्वारा अग्रिम भुगतान के लिए 34 करोड़ रुपए में पेश किया। बेल हेलिकॉप्टर ने तदनुसार पीएचएल द्वारा बैंक गारंटी की जमा राशि के नकदीकरण को रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक ओएमपी (आई–सीओएमएम) नंबर 313/2017 दायर किया और उच्च न्यायालय ने सिटी बैंक को बैंक गारंटी के अंतर्गत राशि को पीएचएल को प्रेषित न करने और नवंबर 2017 तक बैंक गारंटी विस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। बेल हेलीकॉप्टर ने दिनांक 12.9.2017 को दिए गए हेलीकॉप्टरों की अस्वीकृति के खिलाफ मध्यस्थता की सूचना भी भेजी और इसके लिए मध्यस्थ नामांकित किया, इस नोटिस में बेल द्वारा कोई दावा राशि व्यक्त नहीं की गई। पीएचएल ने अपने मध्यस्थ भी नामांकित किए और 2 मध्यस्थों ने मध्यस्थ न्यायाधिकरण को पूरा करने के लिए तीसरा मध्यस्थ नामांकित किया। उच्च न्यायालय ने 28.11.2017 को ओएमपी को निलंबित कर दिया था क्योंकि मध्यस्थता न्यायाधिकरण के गठन में बीएचटीआई को 4 सप्ताह के भीतर मध्यस्थता न्यायाधिकरण से पहले मध्यस्थता और सुलह अधिनियम की धारा 17 के तहत आवेदन करने के निर्देश दिये गये थे। न्यायालय ने बीएचटीआई को

निर्देश दिया है कि बीजी की वैधता की अवधि जो 30.11.2017 समाप्त हो जाएगी को छह महीने की अवधि के लिए विस्तारित किया जाए और जब तक कि मध्यस्थीय न्यायाधिकरण निर्णय नहीं ले लेता बीजी के आवंटन पर रोक जारी रहेगा। अब, बीएचटीआई ने मध्यस्थता के तहत अपने अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव के बिना दिनांक 30.10.2017 के निपटारे के लिए एक प्रस्ताव भेजा है, जो कि बीएचटीआई के साथ चर्चा के अधीन है।

पीएचएल ने 4 लाइट हेलीकाप्टरों और 2 हेवी ड्यूटी हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए भी आंतरिक संसाधनों से 20% निधियन और ओएनजीसी/बैंकरों से 80% मियादी ऋण के साथ निविदाओं की प्रक्रिया की थी। बोलियां प्राप्त की गई हैं और तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया गया है। हालांकि, सरकार द्वारा पवन हंस के रणनीतिक विनिवेश के निर्णय के दृष्टिगत नागर विमानन मंत्रालय ने दीर्घकालिक निवेश के लिए निर्णय नहीं लिया जिससे इन नई खरीद निविदाओं की कोई और कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

छ) दिल्ली और आस–पास के इलाकों में हेलीपोर्ट/हेलीपैड

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने जून, 2009 में रोहिणी नई दिल्ली में नागर विमानन मंत्रालय के नाम पर हेलीकॉप्टर के निर्माण के लिए 25 एकड़ जमीन आवंटित की थी। पवन हंस ने जमीन पर कब्जा कर लिया और सरकार द्वारा जमीन की लागत और विकास की 80% लागत के लिए वित्त पोषण के आधार पर रोहिणी हेलीपोर्ट का विकास शुरू किया। नागर विमानन मंत्रालय ने अनुदान के रूप में भूमि की लागत के लिए 19.07 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। दिनांक 31.08.2010 को नागर विमानन मंत्रालय ने पीएचएल में 36 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी के लिए रोहिणी में हेलीपोर्ट की परियोजना लागत के लिए 64 करोड़ रुपए का योगदान दिया। रोहिणी हेलीपोर्ट की परियोजना लागत संशोधित कर रुपए 99.27 करोड़ की गई है और मार्च, 2017 में नागर विमानन मंत्रालय ने अतिरिक्त इक्विटी योगदान के जरिए 28.14 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि दी है। डीजीसीए और गृह मंत्रालय से परिचालन की अनुमति के बाद 28 फरवरी, 2017 को निर्माण पूरा कर लिया गया है और हेलीपोर्ट शुरू किया गया है। हेलीपोर्ट में एक टर्मिनल बिल्डिंग है जिसमें 150 यात्री (किसी भी समय) की क्षमता है, 4 हैंगर हैं और 16 हेलीकाप्टरों की पार्किंग क्षमता और 9 पार्किंग बेज हैं। यह हेलीकॉप्टर व्यवसाय के लिए एक–बिंदु समाधान प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है जिसमें नियमित हेलीकॉप्टर संचालन, लैंडिंग और अन्य ऑपरेटरों के लिए पार्किंग सुविधा,

एसोचैम पुरस्कार – हेली पर्यटन एवं ग्रामीण क्षेत्र हवाई संपर्कता पुरस्कार

एमआरओ सेवाएं और प्रशिक्षण सेवाएं शामिल हैं। रोहिणी हेलीपोर्ट में एमआरओ की स्थापना के लिए एचएएल के साथ समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया गया है और स्थापित करने के लिए चर्चा चल रही है।

पवन हंस के रणनीतिक विनिवेश और नागर विमानन मंत्रालय के पक्ष में लंबी अवधि के पट्टे पर डीडीए द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट के आवंटन के दृष्टिगत रोहिणी में हेलीपोर्ट रणनीतिक बिक्री के प्रस्तावित लेनदेन का हिस्सा नहीं होगा। इसलिए, नागर विमानन मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के एक विशेष उद्देश्य वाहन के माध्यम से पूरा होने से पहले रोहिणी हेलीपोर्ट की संपत्ति पीएचएल की बहियों से से ले ली जाएगी। नागर विमानन मंत्रालय के निर्देश के अनुसार एमओसीए और ओएनजीसी की अलग दर्पण कंपनी के गठन की प्रक्रिया एक सलाहकार के माध्यम से मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ रोहिणी हेलीपोर्ट के एनसीएलटी में डिमर्जर का प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है।

ज) हडप्सर, पुणे में प्रशिक्षण अकादमी और हेलीपोर्ट

पवन हंस को हडप्सर, पुणे के मौजूदा ग्लाइडिंग सेंटर जो डीजीसीए के स्वामित्व में है में एक हेलीकाप्टर ट्रेनिंग अकादमी एवं हेलीपोर्ट का विकास करने के लिए कार्य सौंपा गया था। परियोजना को नागर विमानन मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है और डीजीसीए ने उद्देश्य के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि जीबीएस के रूप में जारी की है। पवन हंस ने जमीन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के उपयोग के लिए 17 मई, 2010 को डीजीसीए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पवन हंस ने 11.25 करोड़ रुपये की लागत से एनबीसीसी के माध्यम से जमा कार्य आधार पर नियोजन और डिजाइन और निर्माण कार्य किया। पीएचएल ने 3.24 करोड़ रुपये के अतिरिक्त काम की अंतिम समाप्ति लागत के अनुमोदन के लिए डीजीसीए से संपर्क किया है और सुविधा के प्रभावी लाभकारी उपयोग के प्रशिक्षण और व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू करने के लिए पवन हंस को सुविधा सौंपने का अनुरोध किया है। रणनीतिक विनिवेश के निर्णय के दृष्टिगत, पवन हंस ने पुणे में प्रशिक्षण अकादमी के मामले को डीजीसीए के साथ बंद करने का प्रस्ताव किया है।

झ) सफदरजंग हवाई अड्डे से रोहिणी तक उत्तरी क्षेत्र और बेलमैन हैंगर का स्थानांतरण

सफदरजंग हवाई अड्डे पर कार्यालय के पुराने भवन

भारतीय महिला पाइलट संघ (आईडब्ल्यूपीए) द्वारा हेलीकॉप्टर उद्योग में महिला पाइलटों के उत्साहवर्धत हेतु पवन हंस को प्रदत्त पुरस्कार

क्षेत्र को भाविप्रा/नाविमं के निर्देशों के अनुसार जनवरी–मार्च, 2017 में पीएचएल ने अभ्यर्पित किया था। तदुपरांत उत्तरी क्षेत्र अभियांत्रिकी, अनुरक्षण, सामग्री विभागों को रोहिणी हेलीपोर्ट में हैंगर नंबर 1 में स्थानांतरित कर दिया गया था और अन्य कार्यालयों को नोएडा में स्थानांतरित कर दिया गया था।

नाविमं द्वारा यथा निर्देशित, सफदरजंग हवाई अड्डे पर स्थित बेलमैन हैंगर, जिसे एएआई से पट्टे पर लिया गया था, रणनीतिक बिक्री के प्रस्तावित लेन–देन का हिस्सा नहीं होगा। इसे चरण 2 में आरएफपी जारी करने की तिथि या उससे पहले पीएचएल द्वारा भाविप्रा को वापस सौंप दिया जाएगा। पीएचएल की बहियों में अंकित संपत्ति का बही मूल्य लगभग रु 37.5 लाख (31.03.2017 को) और हैंगर के अभ्यर्पण के समय उसका निपटारा एएआई और पीएचएल के बीच किया जाएगा।

II. वित्त

कंपनी को वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए पहली बार इंड एएस के कार्यान्वयन का पालन करने की आवश्यकता है। इसलिए वित्तीय विवरण भारतीय लेखा मानक (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित है। 31 मार्च 2016 को समाप्त हुए वर्ष तक, कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों को पिछले सामान्यतः स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया था, जिसमें कंपनियों के लेखांकन मानक नियम 2006 के तहत अधिसूचित मानक शामिल हैं। कंपनी की पहली इंडएएस वित्तीय विवरणी होने के नाते इंड एएस के रूप में परिवर्तन की तिथि 1 अप्रैल 2015 है। तदनुसार कंपनी ने यथास्थिति 31.03.2017 तुलन पत्र की वित्तीय विवरणियों को तैयार किया है, लाभ और हानि का विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण के साथ संशोधित महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए इंड एएस के अनुरूप खाते में अतिरिक्त नोट्स यथातिथि 1 अप्रैल 2015 को शेष तुलन पत्र और लाभ और हानि खाते का विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए इक्विटी में परिवर्तन के विवरण आईजीएएपी के अनुसार समाधान के साथ इंड एएस और उपर्युक्त विवरणों का विवरण निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

क) वित्तीय परिणाम

2015–16 और 2016–17 के दौरान वित्तीय प्रदर्शन निम्नानुसार थेः –

(₹करोड़ में)

विवरण	2015–16 इंड एएस के अनुसार ऑडिट अकाउंट	2016–17 इंड एएस के अनुसार ऑडिट अकाउंट
क) अन्य आय सहित कुल राजस्व	491.67	507.48
ख) व्यय i) पूर्व अवधि समायोजन सहित परिचालनगत और गैर–परिचालनगत व्यय ii) मूल्यह्रास **योग**	321.90 72.15 394.05	391.06 78.98 470.04
ग) आपवादिक मदों से पूर्व लाभ	97.62	37.44
घ) असाधारण मदें/आपवादिक मदें	-	339.31
ङ) लाभ/(हानि) समायोजन पश्चात	97.62	376.75
च) आय कर के लिए प्रावधान/आस्थगित कर देयता	39.52	133.97
छ) कर पश्चात शुद्ध लाभ	58.10	242.78
ज) निगमित (कर) सहित लाभांश	13.03	44.40

कंपनी के आरक्षित और अधिशेष 580.31 करोड़ रुपए (विगत वर्ष रुपए 350.55 करोड़), 24.98 करोड़ रुपए (विगत वर्ष 161.25 करोड़ रुपए) की मौजूदा परिपक्वता के अलावा रुपए 5.36 करोड़ (विगत वर्ष रुपए 8.37 करोड़) के गैर चालू उधार हैं।



राजस्व में कमी का मुख्य कारण 2014 में वैष्णो देवी हेलीकाप्टर सेवाओं के लिए उच्च राजस्व कम लाभ निविदा गंवाना और 2015 के दौरान दुर्घटनाओं में 3 हेलीकाप्टरों की हानि के कारण अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में अनुबंध की हानि रहा।

ख) लाभांश

निदेशक मंडल ने समायोजित निवल मूल्य के 5% (रुपए 739.73 करोड़) एवं रुपए 7,52,96,000/– के लाभांश (गत वर्ष कर पश्चात लाभ के 20% की दर पर रुपए 10.83 करोड़ एवं रुपए 2.20 करोड़ के लाभांश पर निगमित कर) रु. 36,98,68,000/– के लाभांश की सिफारिश की है। दिनांक 31.03.2017 को 2,45.616 करोड़ रुपए की संपूर्ण प्रदत्त पूंजी पर लाभांश देय है। यह लगातार 5वां साल है कि कंपनी ने लाभ प्राप्त/दर्ज किए हैं और लाभांश को शेयरधारकों को प्रदान किया है। उपरोक्त संस्तुत लाभांश में से निदेशक मंडल ने जनवरी 2018 में शेयरधारकों को 75% के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया।

ग) वित्त मंत्रालय के दावे का निपटान

भारत में नागर विमानन उद्योग के सम्मुख विद्यमान प्रतिस्पर्द्धी परिवेश में कम्पनी की उत्तरजीविता के लिए अनिवार्य बेड़ा विस्तार एवं अन्य पूंजीगत परिव्यय कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध निधियों का प्रयोग करने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर नागर विमानन मंत्रालय द्वारा वित्त मंत्रालय के सम्मुख भारत सरकार के दावों से संबंधित बकाया मामलों के संबंध में वित्त मंत्रालय द्वारा कम्पनी से दावा किए गए कुल रुपए 470.22 करोड़

पवन हंस द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए भारत सरकार और ओएनजीसी को प्रदत्त रु. 10.82 करोड़ का लाभांश

(मूल राशि रुपए 130.91 करोड़ तथा 31.3.2001 तक ब्याजः रुपए 339.31 करोड़) की राशि का दावा छोड़ने के लिए दिसम्बर, 2007 में एक प्रस्ताव रखा गया था। वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए दावों पर 31.3.2001 तक ब्याज एवं अन्य प्रभारों के संबंध में कम्पनी द्वारा 1999–2000, 2000–01 तथा 2002–03 के वित्तीय वर्षों के दौरान रुपए 339.31 करोड़ के पूर्व प्रावधान किए गए हैं तथा इन्हें अग्रेनित किया जाता रहा है। कम्पनी द्वारा भारत सरकार के दावे को कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–III के अंतर्गत गैर चालू देयताओं के रूप में लिया गया है।

काफी लम्बे समय से प्रतीक्षित निर्णय निर्णय नवंबर, 2016 में लिया जा चुका है जिसके अनुसार भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में अधिग्रहण किए गए वेस्टलैंड हेलीकॉप्टरों के संबंध में 130.91 करोड़ रुपए के ऋण को इक्विटी में परिवर्तित करने तथा 339 करोड़ रुपए की उसकी ब्याज राशि को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने पत्र संख्या एवी.30020/26/2012–जीए–नाविमं दिनांक 1.12.2016 द्वारा वित्त मंत्रालय के दावों के निपटान के लिए रुपए 130.91 करोड़ रुपये के बजट के लिए कैबिनेट के अनुमोदन को सूचित किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 18.1.2017 के माध्यम से पवन हंस लिमिटेड को रुपए 130.91 करोड़ रुपये की राशि इक्विटी शेयर कैपीटल योगदान के रूप में जारी की है और पवन हंस द्वारा सहायता और लेखा नियंत्रक को समतुल्य राशि जमा कर दी गई है।

जुलाई, 2017 में शेयर पूंजी में वृद्धि की आवश्यक प्रक्रिया की गई थी। निदेशक मंडल ने नागर विमानन मंत्रालय व पवन हंस की उसके प्रयासों हेतु सराहना की गई है जिससे 30 वर्ष पुराने इस इस मामले का निपटान हुआ है।

घ) नागर विमानन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन

पवन हंस लिमिटेड सार्वजनिक उद्यम विभाग में समझौता–वार्ता बैठक के पश्चात प्रत्येक वर्ष नागर विमानन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करता है। पवन हंस द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2014–15 के लिए पवन हंस की रेटिंग "अति उत्तम" थी और वर्ष 2015–16 के लिए "उत्तम" थी और वर्ष 2016–17 के लिए "अति उत्तम" रहने की संभावना है।

ङ) इक्विटी पूंजी

नागर विमानन मंत्रालय ने पत्र संख्या एवी. 30020/26/2012–जीए–नाविमं दिनांक 1.12.2016 द्वारा वित्त मंत्रालय के दावों के निपटान के लिए रुपए 130.91 करोड़ रुपये के बजट के लिए कैबिनेट के अनुमोदन को सूचित किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने पत्र संख्या 20037/6/2016–एफआई–नाविमं दिनांक 9.1.2007 द्वारा 2016–17 के लिए आरई में 159.05 करोड़ रुपए के वित्त पोषण की मंजूरी दे दी है (जिसमें रोहिणी हेलीपोर्ट के लिए रुपए 28.14 करोड़ की राशि भी शामिल है)। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय ने पत्र सं एवी.30020/26/2012–जीए–नाविमं दिनांक 18.1.2017 के माध्यम से पवन हंस लिमिटेड को रुपए 130.91 करोड़ रुपये की राशि जारी की है और पवन हंस द्वारा सहायता और लेखा नियंत्रक को समतुल्य राशि जमा कर दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश सं. एवी.30020/10/2015–जीए दिनांक 30.3.2017 द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए पीएचएल में निवेश के रूप में 28.14 करोड़ रुपये की रकम जारी की है। नागर विमानन मंत्रालय ने पत्र संख्या एवी.30020/364/2015–जीए दिनांक 15.6.2017 द्वारा पवन हंस लिमिटेड की अधिकृत शेयर पूंजी को 250 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 560 करोड़ रुपए अर्थात 310 करोड़ रुपए की वृद्धि के लिए अनुमोदन सूचित किया था। इसके बाद प्राधिकृत पूंजी को 250 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 560 करोड़ रुपए करने के लिए, ज्ञापन और अनुच्छेद में संशोधन (कंपनी अधिनियम 2013 की आवश्यकता के अनुसार संशोधन के निगमन सहित) और नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) (159.05 करोड़ रुपए) और ओएनजीसी लिमिटेड (152.816 करोड़ रुपए) को शेयरों के अधिकार निर्गम हेतु कंपनी की असाधारण आम सभा में दिनांक 22.6.2017 को पीएचएल के शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त की गई।

यथास्थिति दिनांक 31.3.2017 लेखा बही के आधार पर कंपनी की अन्य इक्विटी रुपए 73,935.70 लाख (गत वर्ष रुपए 35,055.41 लाख) है, जिसमें 15,905.00 लाख रुपए का प्राप्त आवंटन लंबित शेयर आवेदन राशि शामिल है।

पीएचएल में अपनी शेयरधारिता को 49% बरकरार

रखने के लिए इक्विटी की हिस्सेदारी के लिए ओएनजीसी को शेयर पूंजी की हिस्सेदारी 152.816 करोड़ रुपए करने का अनुरोध किया गया। ओएनजीसी ने अधिकार निर्गम के लिए प्रस्ताव स्वीकार किया, पेशकश किए गए शेयरों की सदस्यता ली और आरटीजीएस के माध्यम से 5 जुलाई, 2017 को पीएचएल को राशि विप्रेशित की।

दिनांक 10.07.2017 को पीएचएल के निदेशक मंडल द्वारा अतिरिक्त इक्विटी शेयरों के आवंटन के बाद निम्नलिखित शेयर धारण पैटर्न सामने आए हैं: –

(₹ करोड़ में)

इक्विटी शेयरधारक	आवंटन से पहले शेयरधारिता	इक्विटी शेयरों का अधिकार निर्गम	आवंटन के बाद कुल शेयरधारिता	% शेयरधारिता
नाविमं के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार)	125.266	159.050	284.316	51%
ओएनजीसी	120.350	152.816	273.166	49%
योग	**245.616**	**311.866**	**557.482**	**100%**

च) ऋण ग्रहण

कम्पनी द्वारा 2 डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों की 80% लागत के लिए एक्जिम बैंक से ₹90.82 करोड़ का आवधिक ऋण तथा 2 एमआई– 172 हेलीकॉप्टरों की 80% लागत के वित्तियन के तौर पर विजया बैंक से 10 वर्ष की कालावधि के लिए ₹95.18 करोड़ का आवधिक ऋण प्राप्त किया गया था। विजया बैंक तथा एक्जिम बैंक से लिए गए ऋण की सम्पूर्ण धनवापसी की जा चुकी है तथा ओएनजीसी एवं एनटीपीसी को नियमित रूप से भुगतान किए गए। कम्पनी को आवधिक ऋण पर इंडिया रेटिंग से "इंडिया ए" (स्थिर) रेटिंग प्रदान की गई है जिसका बाद में वर्ष 2015–16 के दौरान इंडिया ए (स्थिर) के रूप में उन्नयन किया गया है।

यथास्थिति 31.03.2017 चालू परिपक्वता रुपए 2,497.72 लाख (गत वर्ष रुपए 16,125.21 लाख) के अलावा गैर–चालू उधार पर चालू परिपक्वता रुपए 536.45 लाख (गत वर्ष रुपए 836.85 लाख) है। उपरोक्त में से एनटीपीसी से लिए ऋण से संबंधित दीर्घावधि का सुरक्षित उधार रु. 30.34 करोड़ (गत वर्ष 38.71 करोड़) था।

एचएएल एवं पवन हंस के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन

छ) वित्तीय वर्ष 2016–17 की समाप्ति के पश्चात घटित महत्वपूर्ण घटनाएं/विकास

1. कुल 10 मीडियम हेलीकाप्टरों की आवश्यकता के लिए ओएनजीसी ने निविदा निकाली है। कंपनी ने सात मीडियम हेलीकाप्टरों के लिए ओएनजीसी की वैश्विक निविदा में बोली प्रस्तुत की थी और नवंबर, 2016 के पहले सप्ताह में खोली गई वित्तीय बोली में कंपनी एल 2 थी। ओएनजीसी द्वारा अप्रैल, 2017 में 3 मीडियम हेलीकाप्टरों के लिए कार्य प्रदान किया गया।

2. दिनांक 13वीं जनवरी, 2018 को वर्ष 2010 में मेसर्स यूरोकॉप्टर द्वारा निर्मित हमारा एक डॉफिन एएस365 एन3 हेलाकॉप्टर पंजीकरण सं. वीटी पीडब्लूए ओएनजीसी के अपतटीय अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप हेलीकॉप्टर की पूर्णतया क्षति व समस्त क्रू सदस्यों और यात्रियों के जीवन की हानि हुई। एएआईबी द्वारा अन्वेषण प्रक्रियाधीन है और पवन हंस द्वारा संरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के अलावा स्वतंत्र रूप से तृतीय पक्ष संरक्षा अभिकरण द्वारा संरक्षा लेखा परीक्षण कराया जा रहा है।

III. अभियांत्रिकी/अनुरक्षण क्रियाकलाप

अपने हेलीकॉप्टरों के बेड़े के अनुरक्षण के लिए कम्पनी द्वारा नागर विमानन महानिदेशालय से अनुमोदन प्राप्त कर मुम्बई तथा नई दिल्ली में उत्कृष्ट अनुरक्षण सुविधाओं की स्थापना की गई है। विस्तृत कार्यशालाओं में हेलीकॉप्टरों के संबंध में अति सूक्ष्म अनुरक्षण परीक्षण सेवाओं के लिए आंतरिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉफिन हेलीकॉप्टरों के संबंध में प्रमुख "जी" परीक्षण किए जाने के लिए अनुरक्षण सामर्थ्य बढ़ाया गया है जिसके लिए किसी विदेशी सहायता के बिना पूर्ण रूप से आंतरिक व्यवस्था की गई है तथा इसके परिणामस्वरूप मरम्मत/निरीक्षण पर होने वाली कम लागत से विदेशी मुद्रा की बचत संभव हो पाई है। विचाराधीन वर्ष के दौरान मुम्बई में अनुरक्षण सुविधाओं के कार्यक्षेत्र को "जी" परीक्षण (5400 घंटों पर एयरफ्रेम ओवरहॉल) सहित विस्तारित किया गया है। अपने स्वयं के संसाधनों से टी/2टी/5टी(600 घंटे/1200 घंटे/3000 घंटे) के संबंध में 34 परीक्षण किए गए तथा डॉफिन हेलीकॉप्टरों के संबंध में 2 'जी' परीक्षण (5400 घंटे) किए गए हैं।

कार्यशाला सुविधाओं का संवर्धन एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है तथा इसमें होने वाला प्रत्येक विस्तार स्वयं में एक उपलब्धि होता है। वर्ष के दौरान डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों के संबंध में 'जी' परीक्षण को शामिल किए जाने के साथ साथ डॉफिन एन3 उपकरणों के बैंच परीक्षण के लिए कार्यशाला सुविधाओं के कार्यक्षेत्र में भी विस्तार किया गया था। इसके अलावा, बेस पर बेल हेलीकॉप्टरों के संबंध में प्रमुख अनुरक्षण परीक्षण तथा प्रमुख संघटक परिवर्तन भी वर्ष के दौरान जारी रहे।

पवन हंस के निदेशक मंडल ने कंपनी में अनुरक्षण प्रणाली को सुधारने और बाहरी कारोबार लाने हेतु एमआरओ को एक पृथक शीर्ष के रूप में स्थापित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त रक्षा हेलीकॉप्टरों के एमआरओ के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने हेतु एचएएल के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।

IV. सामग्री प्रबंधन

अचल माल सूची के बेहतर नियंत्रण के संबंध में सामग्री प्रबंधन दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सभी प्राप्तियों के लिए माल सूचियों के स्तर के निर्धारण इंजीनियरिंग तथा सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा की गई संयुक्त समीक्षा के आधार पर किए गए हैं तथा पूर्जों के लिए आदेश पूर्वानुमानों के उपायों का प्रयोग करते हुए जारी किए जाते हैं। सामग्री प्रबंधन क्रियाकलाप एकीकृत कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से ऑनलाईन किए जाते हैं। मांग तथा पूर्ति की प्रक्रिया कार्यकुशल हुई है। आंकड़ों में पारदर्शिता आई है तथा सभी क्षेत्रों तथा बेस पर ये अब प्रयोक्ताओं को नेटवर्क पर उपलब्ध हैं। सामयिक चेतावनियों के माध्यम से माल सूचियों का प्रबंधन किए जाने से आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की प्रभावोत्पादकता बढ़ी है। ई–प्राप्ति प्रक्रिया का प्रयोग प्रभावोत्पादक रूप से किया जा रहा है।

V. सूचना प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी पहल

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत पवन हंस ने "ई–भुगतान", ''ई–प्रापण", "ई–टिकटिंग" और मोबाइल एप्प की शुरुआत के माध्यम से त्वरित व पारदर्शी सुशासन की दिशा में सूचनाओं के बेहतर प्रवाह के लिए एक आंतरिक एकीकृत सूचना प्रणाली स्थापित की है। पीएचएल बेड़े के लिए प्रधान कार्यालय में सीओसीआर और कंट्रोल रूम की

स्थापना के माध्यम से एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बेड़ा ट्रैकिंग सिस्टम का अभिनव प्रोजेक्ट विकसित और कार्यान्वित किया गया है।

सूचना प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी योजना के अंतर्गत परिचालन, अभियांत्रिकी, सामग्री एवं वित्त जैसे सूक्ष्म कार्यात्मक क्षेत्रों के लिए मेसर्स टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा विकसित एक एकीकृत साफ्टवेयर से कार्य कुशलता, प्रभाव्यता तथा ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त नोएडा स्थित प्रधान कार्यालय तथा सफदरजंग हवाईअड्डा, मुम्बई एवं गुवाहाटी में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए एकीकृत एलएएन/डब्लूएएन अवसंरचना स्थापित की गई है। प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा कुछ डिटेचमेंटों के लिए एकीकृत ध्वनि संचार का कार्यान्वयन भी किया गया है। कम्पनी द्वारा प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के मध्य वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) को भी स्थापित किया गया है जिसके परिणामस्वरूप यात्रा लागत में बचत हुई है। वेब आधारित एयरक्राफ्ट ट्रैकिंग और ई–पेमेंट गेटवे हेतु परियोजना को भी कार्यान्वित किया गया है।

कंपनी द्वारा केदारनाथ जी के लिए यात्री सेवा परिचालनों के संबंध में ई–टिकटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कंपनी की वेबसाइट http://pawanhans-co-in नियमित रूप से हिंदी तथा अंग्रेजी में अद्यतन की जाती है। कम्पनी द्वारा कर्मचारियों के लिए नियमित अपडेटों से युक्त इन्ट्रानेट सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कम्पनी के पास अपना स्वयं का नोएडा में स्थित प्राथमिक डाटा केन्द्र (पीडीसी) तथा मुम्बई में आपदा भरपाई केन्द्र है। कार्यकुशल ई–गवर्नेंस तथा पारदर्शिता की प्राप्ति के लिए कम्पनी द्वारा ₹5 लाख तथा अधिक मूल्य के माल एवं सेवाओं हेतु ई–ऑफिस प्रणाली तथा ई–प्रापण प्रणाली को कार्यान्वित किया गया है।

VI. मानव संसाधन प्रबंधन

क) जनशक्ति

31 मार्च, 2016 की तुलना में 799 के स्थान पर 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की कुल जनशक्ति 767 थी जिसमें 129 पायलट, 105 विमान अनुरक्षण अभियंता, 60 अधिकारी, 162 तकनीशियन तथा 311 अन्य तकनीकी एवं गैर तकनीकी कर्मचारी हैं।

पवन हंस द्वारा जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय के साथ अकादमिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा एक तीन वर्षीय बीएससी (वैमानिकी) डिग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

ख) औद्योगिक संबंध

अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध सद्भावपूर्ण रहे तथा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की गईं। कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे विचार–विमर्श के माध्यम से विभिन्न बैठकों द्वारा सुलझाए गए। दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी आईडीए वेतनमान एवं भत्ते को भी समस्त अधिकारियों, इंजीनियरों, पाइलटों और कर्मचारियों के लिए पूर्ण कार्यान्वित किया जाना प्रक्रियाधीन है।

ग) प्रशिक्षण

सभी कर्मचारियों यथा अधिशासियों, पॉयलटों, इंजीनियरों, तकनीशियनों तथा सहायक कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रबंधन दक्षता से संबंधित विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से व्याख्यान दिए जाते हैं। कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा आंतरिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के लिए भी नामांकित किया जाता है। पॉयलटों, इंजीनियरों तकनीशियनों को नियमित रूप से पुनश्चर्या प्रशिक्षण देने के लिए एविएशन ट्रेनिंग स्कूल के संसाधनों का प्रयोग किया जाता है। कम्पनी द्वारा सितम्बर, 2009 में मुम्बई में एएमई लाइसेंस की प्राप्ति के लिए नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित बुनियादी विमान अनुरक्षण इंजीनियरिंग लाइसेंस प्रारंभिक पाठ्यक्रम के संचालन हेतु नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है।

पॉयलटों को आपात्त स्थितियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए पवन हंस लिमिटेड द्वारा विमान कर्मियों के प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण पद्धति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उड़ान के दौरान जोखिमकारी परिस्थितियों का सामना करने में समर्थ बनाने के लिए सभी कर्मियों के लिए सिम्यूलेटर प्रशिक्षण के माध्यम से ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करने का भी सुनिश्चय किया जाता है। पिछले एक वर्ष में कम्पनी द्वारा 43 पॉयलटों को मेसर्स हैट्सऑफ, बंगलौर में सिम्यूलेटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पॉयलटों की सेवानिवृत्ति/सेवा त्याग तथा बेड़े विस्तार की आवश्यकताओं को पूरा किए जाने के कारण अनुभवी एवं युवा पॉयलटों की भर्ती एवं उनके प्रशिक्षण के संबंध में कार्रवाई की गई है। अपतटीय एएस–4 अर्हता प्राप्त पायलटों की बाजार में अनुपलब्धता एक मुख्य बाधा है और इसलिए, अनुभवी साथ ही साथ नए पायलटों को शामिल करने के लिए नियमित प्रवेश साक्षात्कार आयोजित किए जाते हैं।

VIII. सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली एफओसीए प्रणाली और सुधार

कंपनी द्वारा नवीन उपायों के प्रयोग से प्रचालनों में संरक्षा के प्रति अनुकरण किया जा रहा है। संरक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाया गया है तथा "संरक्षा के प्रति शून्य सहिष्णुता" के साथ संगठन में नई संरक्षा नीति कार्यान्वित की गई है। तृतीय पक्षकार संरक्षा ऑडिट (एसएमएस) का कार्य मेसर्स एस.जी. एस. इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है तथा मेसर्स एसजीएस हार्ट एविएशन, ऑस्ट्रेलिया से एक परामर्शदाता द्वारा संगठन में संरक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए संरक्षा का विस्तृत ऑडिट किया गया है। संरक्षा एवं एहतियात के तौर पर उपाय किए गए हैं जिनमें मानक प्रचालन प्रक्रियाओं, पहाड़ी क्षेत्रों तथा खराब मौसम के मिजाज को समझने की आवश्यकता को दोहराते हुए चेतावनी पत्र जारी करने, पहाड़ी क्षेत्रों तथा खराब मौसम वाले क्षेत्रों में आपात स्थिति का सामना किए जाने के लिए अपनाई जानेवाली प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देने से संबंधित संरक्षा परिपत्र जारी किए जाने जैसे उपाय सम्मिलित हैं। मुंबई में एफओसीए प्रणाली को दैनिक चयन उड़ान विश्लेषण के संचालन और कमजोरी के क्षेत्रों में सुधार के लिए स्थापित किया गया है। स्थानों पर 100% कवरेज के लिए एफओसीए कार्यक्रम को लागू किया जाता है।

पवन हंस द्वारा अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संघ/नागर विमानन महानिदेशालय (आईसीएआ/डीजीसीए) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने प्रचालनों एवं अनुरक्षण कार्यकलापों के लिए संरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) को क्रियान्वित किया गया है कम्पनी की संरक्षा नीति को भी संशोधित करके इसमें संरक्षा को कम्पनी के प्रमुख ध्येयों में से एक ध्येय के रूप में स्थान दिया गया है। दिल्ली में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन सेफ्टी एंड सर्विसेज द्वारा विमान संरक्षा के संबंध में पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

पवन हंस लिमिटेड के प्रत्येक प्रचालनात्मक बेस

चार्टर और ई टिकट की बुकिंग के लिए नागर विमानन मंत्री श्री पी अशोक गजपति राजू द्वारा पवन हंस की नई कारपोरेट वेबसाइट, ई–पार्टल का अतावरण

पर पवन हंस लिमिटेड के दल द्वारा नियमित रूप से गहन आंतरिक ऑडिट किया जा रहा है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के उद्देश्य से एमओई में किए गए उल्लेखानुसार संरक्षा ऑडिट का अनुपालन कड़ाई से किया जा रहा है। नागर विमानन अपेक्षाएं 145–ए 30–सी के अंतर्गत संगठनात्मक प्रक्रियाओं का गुणवत्ता ऑडिट, विमानों का गुणवत्ता ऑडिट एवं सुधार उपायों का अनुसरण किया जा रहा है। क्षेत्रों में कार्यरत इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख, बेस/डिटेचमेंट के अनुरक्षण कर्मी को यह उपर्युक्त नागर विमानन अपेक्षाओं का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आंतरिक ऑडिट रिपोर्टों के संबंध में समय पर सुधार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निदेश दिए गए हैं। उत्तरदायी प्रबंधक द्वारा सुधार कार्रवाईयों की देखरेख की जा रही है।

IX. निदेशक मंडल

वर्ष 2016–17 में निदेशक मंडल की चार बैठकें आयोजित की गई। निदेशक मंडल में विद्यमान तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान निम्नलिखित सदस्य थेः–

विद्यमान

डा. बी. पी. शर्मा	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (09.03.2015 से)
श्री बी. एस. भुल्लर	नागर विमानन महानिदेशक (01.8.2016 से)
श्रीमती गार्गी कौल	संयुक्त सचिव एवं वित्तीय परामर्शदाता, नागर विमानन मंत्रालय (30.4.2015 से)
श्रीमती ऊषा पाधी	संयुक्त सचिव–नागर विमानन मंत्रालय (13.08.2015 से)
श्री अशोक नायक	स्वतंत्र निदेशक
डॉ. हरीश चौधरी	स्वतंत्र निदेशक
एवीएम संजीव कपूर	एसीएएस (प्रचालन, टी एंड एच), वायु सेना (01.09.2017 से)

वर्ष 2016–17 व उत्तरवर्ती के दौरान निवर्तमान निदेशक

श्री टी. के. सेनगुप्ता — निदेशक (अपतट), ओएनजीसी (01.02.2014 से 31.12.2017)

श्रीमती मणि सत्यावती — वित्त परामर्शदाता एवं संयुक्त सचिव–नागर विमानन मंत्रालय (31.12.2014–01.08.2016)

एवीएम एन. एम. सैमुअल — एसीएएस (प्रचालन, टी एंड एच), वायु सेना (20.06.2016 से 31.08.2017)

एवीएम ए. एस. बुटोला — एसीएएस (प्रचालन, टी एंड एच), वायु सेना (05.05.2014 से 20.06.2016)

यह निदेशक मंडल श्री टी.के. सेनगुप्ता, श्रीमती मणि सत्यावती, एवीएम ए. एस. बुटोला तथा एवीएम एन. एम. सैमुअल द्व ारा अपने कार्यकाल के दौरान प्रदत्त मूल्यवान सेवाओं के लिए अपना आभार रिकार्डबद्ध करता है। वित्तीय वर्ष 2016–17 तथा अंतिम वार्षिक आम बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है :–

निदेशक का नाम	निदेशक मंडल की बैठक की तिथि – वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति					निदेशकों की वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
	30.06.16	02.08.16	19.08.16	02.11.16	13.01.17	13.01.17
डॉ. बी.पी. शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	हां	हां	हां	हां	हां	हां
मणि सत्यावती	हां	-	-	-	-	-
गार्गी कौल	हां	हां	हां	हां	हां	हां
उषा पाधी	हां	हां	हां	हां	हां	हां
एवीएम एन. एम. सैमुअल	हां	हां	हां	हां	हां	हां
टी.के. सेनगुप्ता	छुट्टी	हां	हां	छुट्टी	छुट्टी	छुट्टी
बी एस भुल्लर	हां	छुट्टी	छुट्टी	छुट्टी	छुट्टी	छुट्टी

कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 164 के उपबंधों के अनुसार कम्पनी का कोई भी निदेशक अयोग्य नहीं है।

वार्षिक आम बैठकों की तिथियाँ

पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान आयोजित वार्षिक आम बैठकों का विवरण नीचे दिया गया है:–

वार्षिक आम बैठक	वार्षिक आम बैठक का आयोजन स्थल तथा विशेष संकल्प, यदि कोई हो
दिनांक 18 दिसम्बर, 2013 को 12.30 बजे आयोजित 28वीं वार्षिक आम बैठक	सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003 में स्थित पंजीकृत कार्यालय
दिनांक 30 दिसम्बर, 2014 को 12.30 बजे आयोजित 29वीं वार्षिक आम बैठक	सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003 में स्थित पंजीकृत कार्यालय
दिनांक 18 दिसम्बर, 2015 को 12.30 बजे आयोजित 30वीं वार्षिक आम बैठक	सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003 में स्थित पंजीकृत कार्यालय
दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 को 12.30 बजे आयोजित 31वीं वार्षिक आम बैठक	सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003 में स्थित पंजीकृत कार्यालय
दिनांक 17 दिसम्बर, 2017 को 12.00 बजे आयोजित 32वीं वार्षिक आम बैठक	रोहिणी हेलीपोर्ट, नई दिल्ली–110085 में स्थित पंजीकृत कार्यालय

प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों और उत्तरदायी प्रबंधक से संबंधित विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 203(1) तथा कम्पनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम संख्या 8(5)(iii) के अनुसरण में कम्पनी के पास निम्नलिखित पूर्ण कालिक प्रमुख प्रबंधन कार्मिक हैं:–

i) डा. बी. पी. शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (09.03.2015 से)

ii) श्री धीरेन्द्र सहाय, मुख्य वित्तीय अधिकारी (बोर्ड द्वारा 145 वीं बैठक में दिए अनुमोदन के अनुसार 17.10. 2014 से प्रभावी)

iii) श्री संजीव अग्रवाल, कम्पनी सचिव (बोर्ड द्वारा 145 वीं बैठक में दिए अनुमोदन के अनुसार 17.10.2014 से प्रभावी)

iv) एयर कमोडोर टी.ए. दयासागर, कार्यपालक निदेशक, नागर विमानन महानिदेशालय नियमों के अधीन अपेक्षित जिम्मेदार प्रबंधक होंगे।

X. निदेशक का उत्तरदेयता विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 134(5) के प्रावधानों के अनुसरण में 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के वार्षिक लेखों के संबंध में निदेशक द्वारा:–

(क) वार्षिक लेखा की तैयारी के लिए लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है तथा सामग्री विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण, यदि कोई हों, का समावेश किया गया है।

(ख) वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के क्रियाकलापों की सत्य एवं स्पष्ट रूपरेखा तथा इस अवधि के दौरान कम्पनी की लाभदेयता को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है तथा उनका सुसंगत प्रयोग किया गया है जो निर्धारण एवं अनुमानों के लिए औचित्यपरक एवं विवेकसम्मत हैं।

(ग) कम्पनी की परिसम्पतियों के संरक्षण तथा धोखेबाजी एवं अन्य अनियमितताओं से बचाव एवं उनकी पड़ताल के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत लेखांकन के उपयुक्त रिकार्ड का अनुरक्षण उचित एवं पर्याप्त सावधानी के साथ किया गया है; तथा

(घ) वार्षिक लेखों को संबद्ध प्रयोजन आधार पर तैयार किया गया है।

(ङ) सभी लागू विधानों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिस उचित प्रक्रिया को अपनाया गया है वह प्रक्रिया यथोचित एवं कार्यकुशल थी।

XI. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सांविधिक ऑडिटर रिपोर्ट– कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 139 के अंतर्गत मेसर्स जे पी कपूर एवं उबेराय, सनदी लेखाकार की नियुक्ति सांविधिक ऑडिटर के तौर पर की गई है। मेसर्स जे पी कपूर एवं उबेराय, सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के वार्षिक लेखा के संबंध में किए गए प्रेक्षण तथा उनसे संबंधित उत्तर अनुबंध–क (पृष्ठ संख्या 136) पर प्रस्तुत किए गए हैं।

भारत के नियंत्रण एवं महालेखाकार की रिपोर्ट– कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 143(6)(क) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की रिपोर्ट टिप्पणियों सहित अनुबंध– ख (पृष्ठ संख्या 163) पर प्रस्तुत की गई है।

साचिविक ऑडिट रिपोर्ट– कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 204(1) के अनुसरण में कम्पनी द्वारा 31.3.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए साचिविक अनुपालन ऑडिट किए जाने हेतु मेसर्स एसजीएस एंड एसोसिएट्स की सेवाएं साचिविक ऑडिटर के रूप में पूर्णकालिक प्रक्रिया के लिए प्राप्त की गई हैं। उनकी रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट में अनुबंध–ग (पृष्ठ संख्या 165) पर प्रस्तुत की गई है।

साचिविक ऑडिटरों द्वारा अपनी रिपोर्ट में किए गए उल्लेखानुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 149(4) के अनुसरण में पर्याप्त न होने के संबंध में किए गए प्रेक्षण के उत्तर में यह प्रस्तुत है कि पवन हंस लिमिटेड एक सरकारी क्षेत्र की कम्पनी है तथा इसके सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या के अनुसार नियुक्ति किए जाने का मामला नागर विमानन मंत्रालय के सम्मुख पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है।

XII. निगमित संचालन

कम्पनी द्वारा निगमित संचालन के संबंध में प्रयास किए गए हैं तथा इसके क्रियाकलापों को विभिन्न भागीदारों द्वारा सराहा गया है। कम्पनी द्वारा लोक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 6.7.2007 को जारी निगमित संचालन दिशानिर्देशों को अंगीकार किया

गया है। लोक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 14.5.2010 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से इन दिशानिर्देशों का अनुपालन अनिवार्य किया गया है।

ऑडिट समिति

निदेशक मंडल द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 177 का अनुसरण करते हुए वित्तीय विवरणियों, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट, सांविधिक ऑडिटरों की रिपोर्ट, नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियों की समीक्षा करने तथा वित्तीय वर्ष में अपेक्षित बैठकों का आयोजन करने के लिए एक ऑडिट समिति का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2016–17 दौरान ऑडिट समिति की बैठकें दिनांक 02.11.2016, तथा 13.01.2016 को आयोजित की गई थी। वर्तमान में ऑडिट समिति में श्री अशोक नायक, स्वतंत्र निदेशक ऑडिट समिति के अध्यक्ष के रूप में श्रीमती गार्गी कौल, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय परामर्शदाता, नागर विमानन मंत्रालय, डॉ. हरीश चौधरी, स्वतंत्र निदेशक एवं श्री टी.के. सेनगुप्ता निदेशक (अपतट)–ओएनजीसी सदस्य के रूप में सम्मिलित हैं।

पारिश्रमिक समिति

निदेशक मंडल ने दिनांक 02.05.2017 को एक पारिश्रमिक समिति के गठन को अनुमोदन प्रदान किया जिसमें श्री अशोक नायक, अध्यक्ष डॉ. हरीश चौधरी, श्रीमती उषा पाढ़ी, और श्री टी के सेनगुप्ता पारिश्रमिक समिति के सदस्य के रूप में सम्मिलित हैं।

सीएसआर समिति

निदेशक मंडल ने दिनांक 02.05.2017 को एक सीएसआर समिति के गठन को अनुमोदन प्रदान किया जिसमें डॉ हरीश चौधरी अध्यक्ष डॉ. बी पी शर्मा, श्री अशोक नायक और एवीएम एन एम सैमुअल सीएसआर समिति के सदस्य के रूप में सम्मिलित हैं।

आंतरिक ऑडिट/आंतरिक नियंत्रण प्रणाली/शक्तियों का प्रत्यायोजन– कम्पनी द्वारा अक्तूबर, 2015 से अपने प्रचालनों के आकार के अनुरूप आंतरिक ऑडिट विभाग की स्थापना किए जाने से वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान कम्पनी के आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षण किया गया था। निदेशक मंडल की ऑडिट समिति द्वारा ऑडिट पर्यवेक्षणों की संवीक्षा आवधिक आधार पर की जाती है तथा अपेक्षाओं के अनुसार आवश्यक निदेश जारी किए जाते हैं। कम्पनी द्वारा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली एवं प्रक्रिया के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कंपनी द्वारा निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्ति के पश्चात 1 नवम्बर, 2015 से प्रभावी संशोधित शक्तियों के प्रत्यायोजन मैनुअल के माध्यम से अपने विभिन्न अधिशासियों के लिए वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन विधिवत परिभाषित किया गया है।

कर्मचारी कल्याण – कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को वृहद चिकित्सा सुविधा, आवास ऋण, सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा सुविधा एवं सामाजिक सुरक्षा के माध्यम से कल्याण लाभ प्रदान किए जाते हैं। कम्पनी द्वारा अपनी नीतियों का संरेखण अर्थव्यवस्था एवं व्यावसायिक पर्यावरण के बदलते परिवेश के अनुरूप किया जाता है। कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए तीन ट्रस्ट यथा कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, कर्मचारी उपदान निधि ट्रस्ट तथा कर्मचारी परिभाशित अंशदायी पेंशन ट्रस्ट स्थापित किए गए हैं।

राष्ट्रपति के निदेश – इस वर्ष के दौरान राष्ट्रपति निदेश जारी नहीं किए गए हैं।

चौकसी तंत्र व्यवस्था – चौकसी तंत्र व्यवस्था के एकीकृत भाग के रूप में सरकारी दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए कम्पनी द्वारा कर्मचारियों एवं जनता को उनकी शिकायतों की सुनवाई के लिए सरल यंत्र व्यवस्था स्थापित की गई है। सरकारी लोक शिकायत पोर्टल पर लोक शिकायतों की नियमित मॉनीटरिंग एक समर्पित अधिकारी द्वारा की जाती है।

आचरण संहिता – कम्पनी द्वारा निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए आचरण संहिता तैयार करके उसे कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

सचेतक नीति – एक सचेतक नीति कार्यान्वित की गई है। इस नीति से किसी विशुद्ध सचेतक को शिकायत जांच अधिकारी तथा ऑडिट समिति तक पहुंच उपलब्ध करवाए जाने सहित किसी भी प्रकार के अत्याचार से सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह नीति कम्पनी के सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है तथा

इसे कम्पनी के इन्ट्रानेट पर अपलोड किया गया है।

सूचना अधिकार अधिनियम के अधीन कार्यान्वयन– कम्पनी द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अध्याधीन निगमित कार्यालय में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा पश्चिमी क्षेत्र में सहायक लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर कार्रवाई के लिए अपने समग्र संगठन में व्यवस्था स्थापित की गई है। निगमित कार्यालय में प्रथम अपीलिय अधिकारी भी नामित किया गया है। कम्पनी द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों पर त्वरित कार्रवाई की गई है तथा केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया है।

महिला सशक्तिकरण– कम्पनी के कार्यबल में महिला कर्मचारियों द्वारा विशेष भूमिका का निर्वाह किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा महिलाओं का लैगिंक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेद्ध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 का अनुसरण किया गया है।

नागरिक चार्टर – कम्पनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर नागर विमानन मंत्रालय द्वारा निर्धारित फार्मेट के अनुरूप नागरिक चार्टर प्रदर्शित किया गया है।

सत्यनिष्ठा अनुबंध – कम्पनी द्वारा ट्रांसपरेसी इंटरनेशनल इंडिया के साथ दिनांक 9.11.2011 को सत्यनिष्ठा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सत्यनिष्ठा अनुबंध के अंतर्गत विक्रेता द्वारा हस्ताक्षर की जाने वाली एक करोड़ से अधिक मूल्य की प्रमुख निविदाएं आती हैं।

संबद्ध पार्टी कार्य व्यवहार – कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 188 के अंतर्गत वर्ष के दौरान किया गया संबद्ध पार्टी कार्य व्यवहार अनुबंध–घ (पृष्ठ संख्या 168) पर प्रस्तुत है।

व्यावसायिक कम्पनी सचिव से निगमित संचालन दिशानिर्देशों का अनुसरण किए जाने का प्रमाण पत्र – व्यावसायिक कम्पनी सचिव से निगमित संचालन दिशानिर्देशों का अनुसरण किए जाने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है।

पारिश्रमिक समिति – कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 178(1) के उपबंधों के अनुसार निदेशक मंडल से 3 अथवा अधिक गैर–अधिशासी निदेशकों से युक्त नामंकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किए जाने की अपेक्षा की गई है जिसमें कम से कम आधे सदस्य सरकार से स्वतंत्र निदेशक के नाम का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल किए जाएंगे। स्वतंत्र निदेशकों की वर्तमान नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय में विचाराधीन है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व – लोक उद्यम विभाग द्वारा निगमित सामाजिक दिशानिर्देशों के अंतर्गत कम्पनी को सौंपे गए निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुपालन कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा लोक उद्यम विभाग द्वारा दिशानिर्देशों के आधार पर सितम्बर 2010 में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व एवं उत्तरजीवित (सीएसआरउएस) नीति का निर्माण किया गया है। निदेशक मंडल द्वारा गठित निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति द्वारा प्रगति की निगरानी की जाती है। 2 स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के साथ दिनांक 02.05.2017 को बोर्ड की सीएसआर समिति का गठन किया गया। उपर्युक्त के आधार पर पूर्व तीन वर्षों में कम्पनी द्वारा उपार्जित शुद्ध लाभ के औसत का प्रत्येक वर्ष कम से कम 2% सीएसआर नीति के अंतर्गत व्यय किया जाना अपेक्षित किया गया है तथा तदनुसार सीएसआर में पूर्व वर्षों के लिए 200.92 लाख रुपए के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए 106.39 लाख रुपए (पिछले वर्ष 69.53 लाख रुपए) की राशि के प्रावधान किए गए हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान पवन हंस द्वारा स्वास्थ्य देखभाल (एंबुलेंस का दान), कौशल विकास एवं आजीविका (स्व रोजगार क्षमता के साथ कौशल उन्नयन), जल एवं उर्जा प्रबंधन लेखा परीक्षण (पेयजल आपूर्ति), स्वच्छ भारत मिशन (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से बालिका विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण) और स्वच्छ भारत कोष में योगदान के क्षेत्रों में वर्ष 2014–15 में रु. 50.22 लाख, वर्ष 2015–16 में 76.90 लाख और वर्ष 2016–17 में 83.85 लाख व्यय किए गए हैं। यद्यपि कुछ परियोजनाओं के पूर्ण होने में देरी के कारण कमी थी। कम्पनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियमावली, 2014 के नियम 9 के उपबंधों के अनुसरण में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्वों के क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट अनुबंध–ङ (पृष्ठ संख्या 169) पर प्रस्तुत की गई है।

XIII. कम्पनी अधिनियम का अनुपालन

कर्मचारियों से संबंधित विवरण – निगमित कार्य

मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5.6.2015 की गजट अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए एक सरकारी कम्पनी होने के नाते कम्पनी अधिनियम के खंड 197(12) के प्रावधान पवन हंस के लिए लागू नहीं हैं। पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति की शर्तों एवं निबंधनों का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कम्पनी सचिव के वेतन तथा नियुक्ति की शर्तों एवं निबंधनों का निर्धारण प्रमुख प्रबंधन कार्मिक होने के कारण लोक उपक्रम विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों का अनुपालन करते हुए किया जाता है।

प्रबंधन परिचर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट– प्रबंधन परिचर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट को कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में शामिल किया गया है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए लोक प्रापण नीति संबंधी अनुपालन – सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आदेश, 2012 की अनुपालना मे पवन हंस के प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से क्रय के विवरण निम्नानुसार हैं :

शीर्ष	वितीय वर्ष (आंकड़े लाख में)	
	2015-16	2016-17
कुल वार्षिक प्रापण मूल्य	16031.01	13575.06
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से क्रय की गई वस्तुओं औा सेवाओं का कुल मूल्य (अनुजा/अनुजजा उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों सहित)	243.00	330.00
मात्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से क्रय की गई वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य (अनुजा/अनुजजा उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों सहित)	शून्य	शून्य

ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी प्रयोग– कम्पनी (निदेशक मंडल से संबंधित विवरण का रिपोर्ट में प्रकटीकरण) नियमावली, 1988 के अंतगर्त नियम 8(3)(क) तथा (ख) के अनुसार कम्पनी के क्रियाकलापों को दृष्टिगत रखते हुए ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी प्रयोग के प्रभाव अत्यंत सीमित हैं। जहां कहीं आवश्यकता होती है कम्पनी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, प्रतिस्थापन आयात, आंतरिक अनुरक्षण, उत्पाद सुधार, लागत कटौती तथा अनुसंधान एवं विकास के संबंध में प्रयास किए जाते हैं।

विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय

कम्पनी को वर्ष 2016–17 के दौरान 83.94 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 91.03 करोड़ रुपए) की विदेशी मुद्रा की आय प्राप्त हुई। वर्ष 2016–17 के दौरान विदेशी मुद्रा व्यय की राशि 90.12 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 145.95 करोड़ रुपए) है।

जोखिम प्रबंधन नीति– कम्पनी अधिनियम के खंड 134(3)(एढ) के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए जोखिम प्रबंधन नीति के विकास के लिए जोखिम प्रबंधन परामर्शदाता की खुली निविदा के माध्यम से नियुक्ति के लिए आंतरिक समिति का गठन किया जा रहा है।

वार्षिक विवरण का संक्षेप सार – कम्पनी अधिनियम के खंड 92(3) की अपेक्षाओं के अनुसार फार्म एमजीटी–9 में वार्षिक विवरणी का संक्षेप सार अनुबंध–च (पृष्ठ संख्या 170) पर प्रस्तुत किया गया है।

निदेशक की नियुक्ति इत्यादि हेतु नीति – निगमित कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5.6.2015 की गजट अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए एक सरकारी कम्पनी होने के नाते कम्पनी अधिनियम के खंड 134(3)(ङ) के प्रावधान पवन हंस के लिए लागू नहीं हैं।

प्रदर्शन मूल्यांकन – कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनांक 01.06.2015 के दृष्टिगत एक सरकारी कंपनी के रूप में पवन हंस पर कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का अनुच्छेद 134(3)(त) लागू नहीं होगा।

सांविधिक प्रकटीकरण –

क) वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान कम्पनी के व्यवसाय की प्रकृति में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है।

ख) वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान कम्पनी द्वारा जनता से कोई जमाराशियां नहीं ली गई हैं।

ग) विनियामकों अथवा न्यायालयों अथवा न्यायाधिकरणों द्वारा कम्पनी की प्रतिष्ठा तथा प्रचालनों पर भविष्य में किसी प्रकार के प्रभाव डालने से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अथवा तात्विक आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

घ) कम्पनी द्वारा उचित मॉनीटरिंग प्रक्रियाओं सहित आंतरिक नियंत्रण के लिए पर्याप्त वयवस्था की गई है जिसके द्वारा विभिन्न व्यवसाय व्यवहारों, प्रचालनों के कार्यकौशल तथा सांविधिक विधानों, विनियमों एवं कम्पनी नीतियों के अनुसरण का सुनिश्चय किया जाता है।

ङ) वित्तीय वर्ष की समाप्ति यथा 31.3.2017 तक तथा इस रिपोर्ट की तिथि तक कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डालने से संबंधित किसी प्रकार का तात्विक परिवर्तन एवं प्रतिबद्धता नहीं है।

राजभाषा नीति

विचाराधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन की दिशा में हिन्दी दिवस/सप्ताह का आयोजन, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन, नकद प्रोत्साहन प्रदान किए जाने तथा द्विभाषिक विज्ञापन जारी करने एवं राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन किए जाने जैसे कार्य करते महत्वपूर्ण कार्यान्वयन किए गए हैं। कम्पनी द्वारा अपने सभी कार्यालयों के लिए यूनिकोड हिन्दी साफ्टवेयर प्रारम्भ किया गया है तथा हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

XIV. निःशक्त जन के लिए रोजगार एवं प्राथमिकता प्राप्त वर्ग के लिए सरकारी निदेशों का कार्यान्वयन

कम्पनी द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के संबंध में सभी विधिक प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा प्राथमिकता प्राप्त वर्ग यथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के संबंध में सरकारी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

XV. सतर्कता

कम्पनी में मुख्य सतर्कता अधिकारी की देखरेख में एक सतर्कता विभाग स्थापित किया गया है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए ई–निविदा, ई–टिकटिंग, ई–भुगतान तथा फाईल ट्रैकिंग को कार्यान्वित किया गया है। प्राप्तियों के संबंध में पारदर्शिता स्थापित करने के लिए नवम्बर, 2011 में ट्रांसपरेंसी इंटरनेशल इंडिया के साथ सत्यनिष्ठा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अनुमोदन से एक स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर (आईईएम) की नियुक्ति भी की गई है। कम्पनी की सचेतक नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है।

सतर्कता की दृष्टि से आवश्यक समझे गए मामलों के संबंध में सतर्कता मामले प्रारम्भ किए गए हैं तथा कुछ अधिकारियों/वरिष्ठ अधिशासियों को प्रमुख दंड प्रक्रियाओं के लिए आरोप पत्र जारी किए गए हैं। सतर्कता विभाग की कार्यात्मकता में सचेतना के परिणामस्वरूप संगठन की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है और साथ ही इसकी छवि उत्तरदेयता के आचरण के प्रति सुधार हुआ है। सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों को निविदा प्रक्रिया, प्राप्तियों एवं केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा प्राप्तियों एवं निविदाओं के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों की जानकारी देने के लिए दूसरी सहायक पुस्तिका जारी की गई है।

सतर्कता विभाग द्वारा कार्यकुशलता में वृद्धि लाने, व्ययों को कम करने तथा पारदर्शिता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेषकर विद्यमान प्रक्रियाओं तथा कार्य प्रणालियों में सुधार लाने एवं उन्हें सरल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न मामलों के मामला अध्ययन भी किए जा रहे हैं। ऐसे अध्ययन देरी के मामलों पर केंद्रित हैं जिनमें देरी के कारण तथा देरियों को कम करने के लिए उचित संभव प्रक्रिया अपनाकर देरी के कारणों को कम करने तथा भ्रष्टाचार की गुंजाइश को समाप्त करने की ओर बल दिया गया है। ऐसे अध्ययनों में पारदर्शिता स्थापित करने तथा सतर्कता यंत्र व्यवस्था को सबल बनाने के लिए वार्षिक सम्पति विवरण की समीक्षा, सतर्कता जागरूकता प्रशिक्षण, कलपुर्जो

की प्राप्ति तथा प्रौद्योगिकी के लाभ उठाने की ओर भी ध्यान दिया गया है।

विचाराधीन अवधि के दौरान सतर्कता विभाग द्वारा कवारती डिटेचमेंट पर सूचित की गई वित्तीय अनियमितताओं की जांच की गई। जांच से सिस्टम तथा मॉनीटरिंग यंत्र व्यवस्था की अपर्याप्तता ज्ञात हुई है। लक्षद्वीप बेस पर घटित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

XVI. नई पहल

नए कारोबारः हाल फिलहाल निम्नलिखित नए कारोबारी उद्यम प्रारंभ व पूर्ण किए गए हैं:

- पवन हंस लिमिटेड द्वारा वर्ष 2017 में मुम्बई विश्वविद्यालय के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विज्ञान स्नातक (वैमानिकी) एवं पीएचटीआई के अंतर्गत विमान अनुरक्षण अभियांत्रिकी के प्रमाणन के दोहरे पाठ्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया है। जुलाई, 2017 में पवन हंस लिमिटेड द्वारा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के साथ तीन वर्षीय विज्ञान स्नातक वैमानिकी डिग्री दिए जाने के लिए भी अकादमिक सहभागिता की गई है। पवन हंस लिमिटेड में कमर्शियल हेलिकॉप्टर पायलट लाइसेंस एवं कैडेट पायलट योजना के लिए कौशल विकास केन्द्र भी स्थापित है। वर्ष 2017 में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ पवन हंस लिमिटेड द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की प्रशिक्षण सेवाओं के उपयोग से 'कैडेट पायलट' के लिए चयनित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है जिससे वे वाणिज्यिक हेलिकॉप्टर पायलट लाइसेंस प्राप्त कर सकें और यह संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा की शीर्ष क्रम वाली उड़ान अकादमियों से टाईअप करने की प्रक्रिया में है।
- जम्मू एवं कश्मीर सरकार के साथ फरवरी 2017 में 3 हल्के हेलिकॉप्टरों के नियोजन के लिए नए अनुबंध किए गए हैं जिससे 18 करोड़ रुपए का अनुमानित राजस्व प्रतिवर्ष प्राप्त होगा।
- असम सरकार के साथ एक हेलिकॉप्टर के नियोजन के लिए एक नया अनुबंध किया गया है जिससे प्रतिवर्ष 8.75 करोड़ का अनुमानित राजस्व प्राप्त होगा।
- माइचल माता देवी के साथ एक हेलिकॉप्टर के नियोजन का नया अनुबंध किया गया है जिससे 1.50 करोड़ का अनुमानित राजस्व प्राप्त होगा।
- क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना–उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) में अपने हेलिकॉप्टरों को शामिल करने के प्रयास किए गए हैं तथा बोली प्रक्रिया में भाग लिया गया है। पवन हंस को क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) के अंतर्गत जनवरी, 2018 में असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड की 13 आरसीएस मार्गो के लिए अनुबंध प्रदान किए गए हैं जिनकी सेवाएं अगले छः माह के समय में प्रारंभ होंगी। आरसीएस योजना के अंतर्गत पवन हंस को रु. 80 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की प्राप्ति संभावित है। यह एक नया राजस्व स्रोत होगा तथा कम्पनी क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक प्रचालन प्रारम्भ कर सकेगी।
- पवन हंस ने रु. 12.50 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की राशि का दमन एवं द्वीप प्रशासन से वर्ष 2020 तक के लिए दीर्घावधि के अनुबंध को हासिल किया है।
- पवन हंस ने लक्षद्वीप के लिए रु. 15.60 करोड़ के प्राक्कलित वार्षिक राजस्व की राशि के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर का दीर्घावधि अनुबंध हासिल किया है।
- पवन हंस लिमिटेड द्वारा गोवा सरकार के साथ राज्य में हेली–पर्यटन एवं नगरों के बीच सम्पर्कता स्थापित करने के लिए 5 वर्षों के एकल अधिकार प्राप्त करने के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- अक्तूबर, 2016 में पवन हंस लिमिटेड द्वारा अलग व्यवसाय केन्द्र के रूप में मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल डिवीजन की स्थापना की गई है तथा बाह्य मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल कार्यों से राजस्व अर्जित किया गया है।
- मैसर्स एयरबस हेलीकॉप्टर्स के साथ फरवरी, 2017 में भारत तथा पड़ौसी देशों में उनकी अनुमोदित मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन/करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिससे 08 करोड़ रुपए का वार्षिक व्यवसाय राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।
- विभिन्न राज्य सरकारों से काफी लम्बे समय से बकाया प्राप्यों की वसूली रु: काफी लम्बे समय से

बकाया प्राप्यों की वसूली के लिए अलग वसूली कक्ष की स्थापना की गई थी तथा वर्ष 2016–17 के दौरान वसूली कक्ष द्वारा काफी लम्बे समय से बकाया 46 करोड़ रुपए के प्राप्यों की वसूली कर ली गई है।

- पवन हंस लिमिटेड द्वारा पहली बार ''रणनीतिक निगमित योजनाः 2020'' एवं नई व्यवसाय योजना 2027 के विजन दस्तावेज का विकास किया गया है। तथापि, प्रस्तावित रणनीतिक विनिवेश को ध्यान में रखते हुए योजना को वर्तमान में रोककर रखा गया है। इस निर्णय की समीक्षा अपेक्षित है क्योंकि कंपनी के कारोबार पर इससे प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।
- कम्पनी की 32वीं वर्षगांठ एवं राष्ट्र को समर्पित सेवाओं के स्मरणोत्सव पर पवन हंस द्वारा नवम्बर, 2017 में पहले ''हेली–एक्सपो'' एवं ''सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, हेलीकॉप्टरों की बहु–उद्देश्यों से उपयोज्यता तथा क्षेत्रीय वायु सम्पर्कता'' के लिए ''नागर हेलीकॉप्टरों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन'' का आयोजन किया गया था जिसमें नागर विमानन क्षेत्र से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतिभागियों द्वारा काफी अधिक संख्या में प्रतिभागिता की गई।
- संरक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाया गया है तथा "संरक्षा के प्रति शून्य सहिष्णुता" के साथ संगठन में नई संरक्षा नीति कार्यान्वित की गई है। संगठन में संरक्षा प्रणाली में सुधार के लिए तृतीय पक्षकार सहिष्णुता संरक्षा ऑडिट (एसएमएस) का कार्य पूरा कर लिया गया है। संरक्षा एवं एहतियात के तौर पर उपाय किए गए हैं जिनमें मानक प्रचालन प्रक्रियाओं, पहाड़ी क्षेत्रों के लिए मौसम के मिजाज को समझने की आवश्यकता को दोहराते हुए चेतावनी पत्र जारी करने, पहाड़ी क्षेत्रों तथा खराब मौसम वाले क्षेत्रों में आपात्त स्थिति का सामना किए जाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देने से संबंधित संरक्षा परिपत्र जारी किए जाने जैसे उपाय सम्मिलित हैं। कम्पनी द्वारा नवीन उपायों के प्रयोग से प्रचालनों में संरक्षा के प्रति अनुकरण किया जा रहा है।
- हेली पर्यटन को विकसित करने के दृष्टिकोण से पवन हंस द्वारा देश के विभिन्न भागों में जैसे उत्तर प्रदेश में मथुरा, गोवर्धन परिकमा, दिल्ली दर्शन, आकाश से मुम्बई की विहंगम छवि जैसी जॉय राइड्स सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हेलिकॉप्टर को बढ़ावा देने के लिए पवन हंस ने 2016–17 में ''फैस्टिवल जॉय राइड्स'' तथा ''सिटी दर्शन'' जैसी हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवाएं एवं नगर की सैर सेवाएं जैसे कि दिल्ली दर्शन, हम्पी महोत्सव, मैसूर दशहरा, पायदिथिली तथा कृष्ण पुष्करम त्यौहार इत्यादि की सेवाएं प्रारम्भ की हैं। इस उद्यम से कम्पनी के लिए 2016–17 से राजस्व सृजन के नए द्वार खुल गए हैं। इन छोटी छोटी व्यवस्थाओं से कम्पनी अपने बेड़े का प्रयोग और अधिक प्रभावी स्वरूप में करके राजस्व की उत्पति एवं हेली पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।
- कम्पनी द्वारा लोक उपक्रम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण किया जा रहा है। विचाराधीन अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व निकायों के साथ नियमित बैठकों का आयोजन किया गया। विकास की अपार संभावनाओं से युक्त भारत के हेलिकॉप्टर उद्योग में कम्पनी द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।
- पवन हंस लिमिटेड को अपनी सेवाओं के उत्कृष्ट स्तर एवं नागर विमानन में अपने योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर निम्नानुसार अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए हैं :
- वर्ल्डवाईड एरियल इंजन फ्लीट की सफलता में अपना समग्र योगदान देने के लिए टर्बोमेका द्वारा प्रदान किया गया उत्कृष्टता अवार्ड।
- हेलिकॉप्टर एसोसिएशन इंटरनेशल (एचएआई) द्वारा पवन हंस को फ्रांस एयर शो में उत्कृष्ट संरक्षा रिकार्ड के लिए प्रदान किया गया प्रचालक संरक्षा अवार्ड।
- ''पूर्वोत्तर राज्यों के मध्य सम्पर्कता उपलब्ध करवाने वाली सर्वोत्तम विमानन कम्पनी'' के लिए ''टूडे का ट्रैवलर अवार्ड 2015'' प्राप्त किया गया।
- पवन हंस को दूरस्थ एवं क्षेत्रीय सम्पर्कता में संवर्धन के लिए सर्वोत्कृष्ट सामान्य विमानन कम्पनी के तौर पर एएसएसओसीएचएएम (एसोचॉम) – नागर विमानन एवं पर्यटन अवार्ड –2015 प्रदान किया गया है।
- देश के विभिन्न हिस्सों में हेली पर्यटन और ग्रामीण संपर्कता को बढ़ावा देने के लिए पवन हंस को 2016 में ''दूरस्थ संपर्कता में उत्कृष्टता'' के लिए टीटीजे जूरी चॉइस अवॉर्ड के साथ सम्मानित किया गया है।
- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित भव्य आयोजन के अवसर पर ''हेलीकॉप्टर के माध्यम से

ग्रामीण भारत को जोड़ने'' के लिए 2016 में पीएचडी पुरस्कार प्रदान किया गया है।

- पवन हंस को क्षेत्रीय और दूरस्थ संपर्कता को बढ़ावा देने के लिए एसोचॉम से 2016 में ''उत्कृष्ठ सामान्य विमानन कंपनी'' पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- "गवर्नेंस नाउ" द्वारा एक आयोजन में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एवं इस्पात मंत्री के करकमलों से डिजिटल इंडिया के अंतर्गत किए गए प्रयासों के अंतर्गत अग्रणी मिनीरत्न–1 के रूप में पवन हंस को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए मान्यता प्रमाण प्रदान किया गया है।
- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एयरो एक्सपो इंडिया 2016 के भव्य आयोजन समारोह में पवन हंस को हेलीकॉप्टरों के माध्यम से ग्रामीण भारत से संपर्कता के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- पवन हंस को अगस्त 2017 में एसोचॉम द्वारा ''हेली टूरिज्म और दूरस्थ क्षेत्र हवाई संपर्कता को बढ़ावा देने'' के लिए सामान्य नागर विमानन क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में सम्मानित किया गया है।
- इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सितंबर 2017 में विकासशील राष्ट्र के पहले एकीकृत हेलीपोर्ट के विकास की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मान्यता दी गई है।
- नवंबर 2017 में पवन हंस को देश में ग्रामीण संपर्कता प्रदान करने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ सामान्य विमानन कंपनी पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- दिसंबर, 2017 में दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आईडब्लूपीए द्वारा महिला पाइलटों के सशक्तीकरण की मान्यता स्वरूप पवन हंस को पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

XVII. उदयीमान परिदृश्य

उदयीमान परिदृश्यों में कम्पनी के सम्मुख प्रतिस्पर्द्धा, गुणवत्ता एवं लागत प्रभाव्यता जैसे अवसर तथा चुनौतियां प्रमुख हैं। भारत में पवन हंस सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर कम्पनी है तथा इसके प्रचालन एवं अनुरक्षण मानक उसी प्रकार से उच्च हैं। कम्पनी द्वारा संरक्षा एवं निष्पादन की दिशा में चौमुखी उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य को सम्मुख रख कठोर अनवरत प्रयास किए गए हैं। कम्पनी अब अपनी शक्ति एवं कौशल के उपयोग से हेलीकॉप्टर परिचालनों के लिए एशियाई बाजार का नेतृत्व करने तथा विमानन उत्पादों की मरम्मत एवं ओवरहॉल के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में भाग लेने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की स्थिति में है।

विकासशील विविधताओं की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर पवन हंस लिमिटेड द्वारा 2020 के लिए कार्यनीतिक व्यवसाय योजना तैयार की गई है तथा ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार पवन हंस द्वारा अपनी संगठनात्मक संरचना में कार्यनीतिक बदलाव करते हुए इसे व्यावसायिक, पारदर्शी एवं प्रक्रिया चालित संगठन बनाने के प्रयास किए गए हैं।

XIX. कृतज्ञता

यह निदेशक मंडल भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेषकर नागर विमानन मंत्रालय तथा नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा प्रदत्त अनवरत सहयोग, दिशानिर्देशन एवं सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

यह निदेशक मंडल, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड, विभिन्न राज्य सरकारों तथा अन्य ग्राहकों एवं देश में प्रचालन कर रहे अन्य सभी भागीदारों द्वारा प्रदत्त विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है।

यह निदेशक मंडल कम्पनी की प्रगति के लिए कार्यरत सभी वर्ग के अपने कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सत्यनिष्ठ एवं समर्पित सेवाओं के लिए भी अपना आभार व्यक्त करता है।

कृते तथा
पवन हंस लिमिटेड
के निदेशक मंडल की ओर से

(डॉ. बी. पी. शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक: 16 फरवरी, 2018
स्थान: नई दिल्ली

हेलीकॉप्टर प्रचालनों के संबंध में सिंहावलोकन

औद्योगिक संरचना एवं विकास

भारत में हेलीकॉप्टरों के लिए संभावनाएं अपार हैं। विविध परिस्थितियों में उड़ान भरने के हेलीकॉप्टरों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए तथा फिक्स्ड विंग वाले विमानों की अवसंरचना का विस्तार केवल आनुक्रमिक रूप से ही संभव हो सकने के तथ्य को भी ध्यान में रखते हुए हेलीकॉप्टरों का अभूतपूर्व गति से विकास स्वतः स्वाभाविक ही है। वर्तमान में भारत में लगभग 271 नागर हेलीकॉप्टर प्रचालन कर रहे हैं जो 35,750 के अंतर्राष्ट्रीय आंकड़े की तुलना में अत्यंत कम हैं। वर्ष 2011–12 से वर्ष 2016–17 के दौरान नागर हेलीकॉप्टरों की संख्या कुल 300 से घटकर 271 होने से हेलीकॉप्टर उद्योग का नकारात्मक विकास हुआ है।

यह प्रचालन की बढ़ती लागत के परिणामस्वरूप हुआ था जो अधिकांश हेलीकॉप्टरों तथा उनके कलपूर्जो के आयात के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली मुद्रा अमेरिकी डालर/यूरो की तुलना में रुपए के अवमूल्यन सहित अन्य अनेक घटकों के कारण है। इसके अलावा हवाई अड्डा प्रशुल्क, एयर टर्बाइन फ्यूल की लागत तथा स्थल संचलन प्रभारों में बढ़ोतरी होने से प्रचालनों की लागत में वृद्धि हुई। ये सभी कारण थे जिनके कारण हेलीकॉप्टर प्रचालन अव्यवहार्य हुए और अनेक प्रचालकों को अपने हेलीकॉप्टर का निपटान विदेशों में करना पड़ा। तथापि, अर्थव्यवस्था के बदलते हुए स्वरूप एवं रुपए के मूल्य में स्थिरता तथा सरकारी सेक्टर में बढ़ रही हेलीकॉप्टरों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह आशा है कि प्रचालनों की लागत किफायती होगी तथा नागर हेलीकॉप्टरों का बेड़ा पुनः निकट भविष्य में विकास का रूख अख्तियार करेगा।

इन स्थितियों में भी हमारे देश में लगभग 271 नागर हेलीकॉप्टर पंजीकृत हैं तथा हमारी जनसंख्या लगभग 1.25 बिलियन है जिसके अनुसार प्रति 52 लाख व्यक्तियों के लिए हमारे पास एक हेलीकॉप्टर है तथा इस स्थिति के अनुसार हम विश्व के अनेकों विकासशील देशों से काफी पीछे हैं।

फिक्स्ड विंग वाले विमानों तथा रोटेरी विंग वाले विमानों के संबंध में देश का आर्थिक विकास विमानन विकास के लिए उत्प्रेरक रहा है। सरकार द्वारा प्रतिपादित की गई उचित नीतियों से भी विकास को बढ़ावा मिला है।

भारत में हेलीकॉप्टर प्रचालनों के विकास को सौभ्य बनाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अलग से एक हेलीकॉप्टर विंग विकसित किया गया है। इस सेक्टर के विकास के लिए हेलीकॉप्टरों के लिए विनियामक व्यवस्था को निरंतर उन्नत किए जाने की आवश्यकता है।

वर्ष 2005–06 से वर्ष 2016–17 के दौरान भारत में पंजीकृत नागर हेलीकॉप्टरों के विकास को दर्शाने वाला रेखाचित्रः

भारत में नागर हेलीकॉप्टरों के पंजीकरण में सम्वृद्धि



वर्ष 2016–17 की स्थिति के अनुसार भारत में पंजीकृत कुल 271 नागर हेलीकॉप्टरों में से 185 हेलीकॉप्टरों के बेड़े का प्रचालन 61 गैर अनुसूचित प्रचालकों द्वारा किया जा रहा है, 15 सरकारी प्रचालकों के पास 27 हेलीकॉप्टरों का बेड़ा आकार है, सीमा सुरक्षा बल के बेड़े में 21 हेलीकॉप्टर हैं तथा 24 निजी प्रचालकों के बेड़े में 38 हेलीकॉप्टर हैं। कुल 271 हेलीकॉप्टरों में से 55% अर्थात कुल 140 हेलीकॉप्टर दोहरे इंजन वाले हैं तथा शेष देश के कुल हेलीकॉप्टर बल का 45% अर्थात 121 हेलीकॉप्टर एकल इंजन वाले हैं। देश में नागर प्रयोग के लिए कुल 271 हेलीकॉप्टरों में से 43 हेलीकॉप्टर (16%) ई एंड पी कम्पनियों को परिचालनों में सहयोग के लिए प्रयोग में लाए जा रहे हैं, 207 हेलीकॉप्टर (76%) हेलीचार्टरों के रूप मं तथा 26 हेलीकॉप्टर (8%) तीर्थयात्रा/हेली पर्यटन के लिए प्रयोग में लाए जा रहे हैं। (स्रोत : भारत की हेलीपावर के संबंध में आरडब्ल्यूएसआई की रिपोर्ट, सितंबर, 2017)

वर्तमान में पवन हंस के पास अपने 43 हेलीकॉप्टरों तथा एचएएल से लीज पर लिए एक/ध्रुव हेलीकॉप्टर का स्वामित्व है। भारत में चार अथवा अधिक हेलीकॉप्टरों के साथ 6 वाणिज्यिक प्रचालकों द्वारा प्रचालन किए जा रहे हैं। पवन हंस सबसे बड़ा प्रचालक है तथा दीर्घकालिक आधार पर प्रयोग

में लाए जा रहे वाणिज्यिक प्रचालनों का प्रमुख बाजार अंश इसके पास है। ग्लोबल वैक्ट्रा हेलीकॉर्प लिमिटेड दूसरा सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर प्रचालक है तथा इसके 26 हेलीकॉप्टरों से प्रचालन किए जा रहे हैं। अन्य वाणिज्यिक प्रचालकों में हिमालयन हेली सर्विस द्वारा 7 हेलीकॉप्टरों के साथ, हेलीगो चार्टर्स द्वारा 9 हेलीकॉप्टरों के साथ तथा दक्कन हेलीकॉप्टर्स 5 हेलीकॉप्टर, तथा ओएसएस एयर द्वारा 5 हेलीकाप्टरों के साथ प्रचालन किए जा रहे हैं।

विषय	अनुकूल प्रयास
हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से हवाई सम्पर्कता	हेलीकॉप्टर प्रचालनों का त्वरित विकास
अवसंरचना निर्माण	i. देश में हेलीपोर्टों तथा हेलीपैडों का निर्माण ii. हेलीकॉप्टरों के विश्व श्रेणी के अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल (एमआरओ) केन्द्रों का विकास iii. मानव संसाधन क्षमता विकास के हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण अकादमी का निर्माण

कम्पनी के सम्मुख प्रस्तुत होने वाले संभावी (अवसरों) तथा महत्वपूर्ण जोखिमों के संबंध में कम्पनी की आउटलुक के लिए प्रबंधन मूल्यांकन

नेतृत्वकर्ता की अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए अगले 5 वर्षों के दौरान कम्पनी द्वारा उल्लिखित 5 प्रमुख प्रयास निमित्त किए गए हैं :–

➢ हेलीकॉप्टर प्रचालन

- विद्यमान बाजार में अपनी प्रतिस्पद्धी स्थिति को सशक्त करना
- नए बेड़े का अधिग्रहण
- नए क्षेत्रों में व्यवसाय संवर्धन
- अन्यों के स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टरों के प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए करार

➢ अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल सेवाओं की स्थापना

➢ हेलीपोर्टों तथा हेली हब की स्थापना

➢ सी–प्लेन प्रचालन

➢ फिक्स्ड विंग प्रचालन

➢ ग्राहक संतुश्टि में संवर्धन

पवन हंस ने पहली बार एक संदृश्य प्रलेख कार्यनीतिक नैगमिक योजनाः 2020 विकसित की है और दीर्घावधि की कारोबारी योजना के विकास के लिए भारतीय प्रशासनिक कर्मचारी महाविद्यालय (एएससीआई) को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया है जिसमें अगले 10 वर्षों में कंपनी के हेलीकॉप्टरों के वर्तमान 43 से बढ़कर 83 होने और वर्तमान राजस्व 477 करोड़ के बढ़कर 1685 करोड़ रुपए होने की परिकल्पना की गई है।

विद्यमान बाजार में अपनी प्रतिस्पद्धी स्थिति को सशक्त करना

– बाजार लाभ की प्राप्ति के लिए विद्यमान करारों का नवीकरण।

– संरक्षा एवं विश्वसनीयता के उच्च मानकों का अनुरक्षण।

– मध्यम श्रेणी के नए हेलीकॉप्टरों का अधिग्रहण करते हुए अपतट प्रचालनों के लिए क्षमता में वृद्धि लाना।

– जब कभी अवसर उपलब्ध हो चयनित अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन प्रारम्भ करना।

– प्रतिस्पर्द्धा हेतु ग्राहक आवश्यकताओं के प्रति अधिक ध्यान देते हुए अनुकूलता का संवर्धन।

– ग्राहकों एवं अन्य व्यावसायिक सहभागियों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना।

नए बेड़े का अधिग्रहण

12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2012–17) के दौरान योजना आयोग द्वारा पवन हंस के संबंध में किए गए प्रक्षेपण में 10 हेलीकॉप्टरों तथा 2 सी–प्लेनों के अधिग्रहण, उपकरणों के आयात, अनुरक्षण केन्द्र की स्थापना/संयुक्त उद्यम, भवन परियोजना तथा अन्यों के संबंध में आईईबीआर के माध्यम से कुल 725 करोड़ रुपए की राशि का अनुमोदन दिया गया है।

बेड़ा संवर्धन के अंतर्गत कम्पनी द्वारा जनवरी, 2016 में वैश्विक निविदा जारी की गई थी तथा समान दरों, शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की खरीद के विकल्प के साथ मैसर्स बेल हेलीकॉप्टर टैक्सट्रॉन के साथ 2 ब्रांड नए बेल 412ईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद

का अनुबंध कम्पनी द्वारा किया गया है। कम्पनी द्वारा एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की समान दरों, शर्तों एवं निबंधनों के साथ खरीद किए जाने के विकल्प के साथ दो भारी हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए निविदा जारी की गई थी। इसके अलावा, कम्पनी द्वारा एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की समान दरों, शर्तों एवं निबंधनों के साथ खरीद किए जाने के विकल्प के साथ तीन लाईट सिंगल इंजन हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए निविदा जारी की गई है।

नए क्षेत्रों में व्यवसाय संवर्धन

- चिकित्सा बचाव कार्य, विधि प्रवर्तन, समाचार संग्रहण, प्रमुख नगरों के नगर केन्द्रों से हवाईअड्डा क्नेक्ट करने के लिए नगरों के मध्य परिवहन, निगमित यात्रा, पावर इनसुलेटरों की हॉटलाईन वाशिंग इत्यादि।
- देश में पर्यटन/तीर्थ क्षेत्रों के लिए अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं जिनकी ओर बस सावधानी पूर्वक कदम ही बढ़ाए जाने अपेक्षित हैं। इन उद्देश्यों से नए क्षेत्रों की खोज हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात, दक्षिण भारत, गोवा तथा पूर्वोत्तर स्थित राज्यों से की जा सकती है।

आपदा प्रबंधन–समर्पित आपात चिकित्सा सेवाएं/एस ए आर प्रचालन

- ओएनजीसी को देश में पहला मैडीवैक हेलीकॉप्टर पवन हंस लिमिटेड द्वारा उपलब्ध करवाया गया था।
- पवन हंस लिमिटेड द्वारा एनडीएमए के सहयोग से मैडीवैक /एस ए आर सेक्टर के लिए संभावनाओं की खोज की जाएगी।
- आपात चिकित्सा सेवाओं/एसएआर भूमिकाओं एवं बेहतर गवर्नेंस के लिए जिला स्तरों पर हेलीपैड/हेलीपोर्टों के निर्माण के लिए जीबीएस के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय समर्थन दिया जाना अपेक्षित है।

हेलीकॉप्टर अनुरक्षण सेवाएं

डॉफिन श्रृंखला के हेलीकॉप्टरों के लिए पवन हंस मैसर्स यूरोकॉप्टर, फ्रांस का प्राधिकृत अनुरक्षण केन्द्र है। शुरूआती दौर में पवन हंस डॉफिन के बेड़े का प्रयोग करने वाले अन्य प्रचालकों को सेवाओं की प्रस्तुति करते हुए मरम्मत एवं ओवरहॉल के अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहता है। इस उद्देश्य से एक उत्कृष्ट श्रेणी का अनुरक्षण केन्द्र बनाए जाने की योजना बनाई गई है। पवन हंस द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों के अनुरक्षण के लिए अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल की स्थापना हेतु एचएएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

हेलीपोर्ट

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा रोहिणी, नई दिल्ली में हेलीपोर्ट के विकास का दायित्व सौंपा गया और पवन हंस ने देश के पहले एकीकृत हेलीपोर्ट का निर्माण किया है जिसमें हेलीकॉप्टरों के प्रचालन तथा पार्किंग, अनुरक्षण सुविधाएं, छोटे वाणिज्यिक केन्द्र इत्यादि का प्रावधान है।

ग्राहक संतुष्टि में संवर्धन

पवन हंस द्वारा अपने यात्रियों तथा अन्य ग्राहक संस्थानों से समय समय पर अपनी सेवाओं के प्रति जानकारियां प्राप्त की जाती हैं तथा उनसे ऐसी जानकारियां प्राप्त किए जाने के लिए एक बाह्य एजेंसी की सेवाएं प्रोफार्मे का पुनः विकास किए जाने के लिए ली गई हैं।

शक्ति एवं निर्बलता:– पवन हंस के पास संस्थागत ग्राहकों (जैसे ओएनजीसी, राज्य सरकारें, सरकारी क्षेत्र के उपक्रम) को दीर्घकालिक आधार पर हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान करने, उत्कृष्ट श्रेणी की अनुरक्षण सुविधाएं, ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विविध प्रकार का हेलीकॉप्टर बेड़ा होने का लाभ प्रतिस्पर्द्धा के रूप में उठाने, कुशल कार्य बल का विशाल स्वरूप (अनुभवी पॉयलट, इंजीनियर तथा तकनीशियन) और सरकारी समर्थन जैसी कुछ शक्तियां हैं। तथापि, प्रतिस्पर्द्धा के विद्यमान परिवेश के परिणामस्वरूप निम्नतर हेलीकॉप्टर चार्टर दें तथा बढ़ी हुई इनपुट लागत के परिणामस्वरूप आने वाले समय के लिए लाभ का मार्जिन घटने की आशा की गई है।

जोखिम एवं उनसे संबद्धता

ओएनजीसी तथा जीएसपीसी जैसे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा हेलीकॉप्टरों के लिए 7 से 10 वर्ष की विशिष्टता शर्त के साथ निविदाएं जारी की गई हैं। कुछ पूर्वोत्तर राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश द्वारा भी 5 वर्ष की विशिष्टता के लिए हैवी हेलीकॉप्टरों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। ऐसी स्थिति में यदि यही चलन अन्य ग्राहकों द्वारा भी अपना लिया गया तो हेलीकॉप्टरों के पुराने बेड़े के साथ नए ग्राहकों को खोजना कठिन हो जाएगा। ग्राहकों, विशेषकर राज्य सरकारों, से प्राप्त की जाने वाली वसूलियों की अवधि काफी लम्बी होती है जिसके परिणामस्वरूप बड़ी राशियां बकाया रहती हैं। इससे कम्पनी का नकद प्रवाह प्रभावित होता है जिससे हेलीकॉप्टरों के नए बेड़े के लिए

आवधिक ऋण को चुकता करने की निधि आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाती हैं। बहरहाल, ग्राहकों के साथ किए जाने वाले अधिकांश करारों में विदेशी मुद्रा एवं एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दरों के उतार चढ़ाव से बचाव के लिए प्रावधान रख दिए जाते हैं जिनके न किए जाने से नियत एवं निश्चित दरों पर चार्टर सेवाएं सेवाएं प्रदान करने पर ऐसे उतार चढ़ावों के परिणामस्वरूप इनपुट लागत बढ़ सकती है तथा लाभ के मार्जिन कम हो सकते हैं। विमानन व्यवसाय के संलक्षण आकाश तथा धरती पर संरक्षा के लिए हैं। हेलीकॉप्टरों से होने वाली दुर्घटनाओं से ग्राहकों का विश्वास कम होता है तथा कम्पनी का व्यवसाय प्रभावित होता है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां एवं उनकी पर्याप्तता

प्रत्येक प्रकार के क्रियाकलापों में संस्थागत बेहतर प्रक्रियाओं का प्रयोग किए जाने के लिए मानक प्रक्रियाएं एवं दिशानिर्देश समय समय पर जारी किए जाते हैं। सभी क्रियाकलापों तथा परिसम्पतियों के अनाधिकृत प्रयोग की मॉनीटरिंग तथा प्रत्येक व्यवहार सही प्रकार से प्राधिकृत, रिकार्डबद्ध एवं सूचनाबद्ध होने का सुनिश्चय किए जाने के लिए पवन हंस में पर्याप्त आंतरिक व्यवस्था की गई है। कम्पनी द्वारा सभी आंतरिक नियंत्रण नीतियों तथा प्रक्रियाओं का उनसे जुड़े विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अनुपालन किए जाने का सुनिश्चय किया जाता है तथा आवश्यकतानुसार सुधार कार्रवाई कर ली जाती है। निदेशक मंडल की लेखा परीक्षण समिति द्वारा आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता की देख रेख की जाती है। समय समय पर विनियामक प्राधिकरणों द्वारा प्रचालनात्मक एवं संरक्षा की दृष्टि से ऑडिट किए जाते हैं।

वित्त एवं प्रचालनों का विश्लेषण

प्रत्येक तिमाही में भौतिक एवं वित्तीय निष्पादन के औसत का विश्लेषण करके उसका अंतिम स्वरूप निदेशक मंडल के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। कम्पनी की वेबसाईट पर वार्षिक रिपोर्ट के साथ साथ कार्यालय से संबंधित समाचार नियमित एवं सुलभ स्वरूप में प्रकाशित किए जाते हैं।

अंशकालिक निदेशकों तथा कम्पनी के मध्य वित्तीय अथवा व्यवहार संबंध

विचाराधीन वर्ष के दौरान किसी भी अंशकालिक निदेशक के साथ कम्पनी के वित्तीय संबंध नहीं हैं। इसके अलावा, किसी भी अंशकालिक निदेशक को किसी प्रकार का पारिश्रमिक अथवा उपस्थित प्रभार का भुगतान नहीं किया गया है।

मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध तथा प्रतिभा प्रबंधन मामले

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष में कुल कर्मचारियों की संख्या 799 होने की तुलना में 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष में यह संख्या 767 है। वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे। कम्पनी द्वारा अपने पॉयलटों तथा अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है तथा नियमित आधार पर कर्मचारियों के संबंध में आंतरिक प्रशिक्षण विकास भी किए जाते हैं। कर्मचारियों के साथ औद्योगिक संबंध सामान्यतः सौहार्दपूर्ण हैं।

ऊर्जा संरक्षण, अक्षय ऊर्जा प्रयोग तथा अनुसंधान एवं विकास मामले

ऊर्जा संरक्षण तथा तकनीकों का समावेश सदैव ही कम्पनी का परम लक्ष्य रहा है तथा विचाराधीन वर्ष के दौरान इस लक्ष्य को प्राथमिकता प्रदान की गई है। पर्यावरण एवं संरक्षा के घटकों को समाहित किए जाने से ज्ञात एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के लिए कम्पनी को आईएसओ–14001 तथा 18001 प्रमाणन प्राप्त है। इस प्रमाणपत्र के नवीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। कम्पनी द्वारा रोहिणी में हेलीपोर्ट के विकास के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त किया गया है। नवोपाय के रूप में कम्पनी द्वारा कलपुर्जों के स्वदेशीकरण एवं एचएमयू (डॉफिन एन–3 हेलीकॉप्टरों) की विश्वसनीयता में संवर्धन के लिए अध्ययन किए गए हैं।

सचेतक विवरण

प्रबंधन परिचर्चा तथा विश्लेषण की इस रिपोर्ट में वर्णित कम्पनी के उद्देश्यों, प्रक्षेपणों, अनुमानों, आंकड़ों तथा प्रत्याशाओं से संगत विधान एवं विनियमों के अर्थ के दायरे में "अग्रसारित उन्नति" का आभास हो सकता है। वास्तविक परिणाम की गई अभिव्यक्ति तथा विविक्षा से वस्तुगत रूप से भिन्न हो सकते हैं।

अनुवर्ती विकास क्रमों, सूचना अथवा घटनाओं के आधार पर भविष्य में किए जाने वाले परिवर्तनों के संबंध में कम्पनी द्वारा यहां प्रस्तुत अग्रसारित उन्नति के विवरण के प्रति किसी प्रकार के उत्तरदायित्व का दावा नहीं किया गया है।

वित्तीय अंश

2016–17 के लिए

आय के स्रोत





लागत संरचना



जनशक्ति विवरण



परिचालन से राजस्व, परिचालन लाभ और शुद्ध लाभ



राजस्व उड़ान घंटे



राजस्व



संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर



पवन हंस लिमिटेड

2012–13 से 2016–17 के संक्षिप्त लेखे

₹/करोड़

विवरण	अनुपात	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14	2012-13
संसाधन						
निवल मूल्य		98497.30	59611.46	55512.05	51383.82	48452.72
गैर चालू देयताएं						
– ऋण निधियां सुरक्षित ऋण		2497.72	16125.21	16959.39	10059.26	27469.39
– अन्य दीर्घावधिक देयताएं		163.41	34072.41	34316.36	47121.89	47140.47
– दीर्घाविधि प्रावधान		2854.91	2983.62	2723.57	4690.57	3932.96
– आस्थागित कर देयताएं		22672.49	18266.28	15714.21	14362.99	13626.81
योग		**126685.83**	**131058.98**	**125225.58**	**127618.53**	**140622.35**
संसाधनों का उपयोग						
नियत आस्तियां		101488.35	88603.41	86758.17	144643.66	143347.49
घटा : मूल्यह्रास		14789.07	6900.91	601.57	52386.08	44965.04
शुद्ध नियत संपत्तियां		86699.28	81702.50	86156.60	92257.58	98382.45
पूंजीगत कार्य प्रगति पर		604.3	5393.65	1804.33	1135.97	1807.46
दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम		601.71	609.42	593.79	7595.47	8148.48
अन्य गैर चालू आस्तियां		9944.20	6336.58	6359.67	526.36	356.81
अन्य वित्तीय आस्तियां		190.28	238.44	253.30	289.34	289.34
शुद्ध कार्यशील पूंजी		28537.42	36637.96	29885.69	25813.84	31628.03
		126577.19	130918.55	125053.38	127618.56	140612.57
प्रयुक्त पूंजी		**115841.00**	**123734.11**	**117846.62**	**119207.39**	**131817.94**
आय						
परिचालन से राजस्व		42763.93	45324.55	53814.71	52958.81	47166.19
ब्याज/अन्य आय		7984.09	3842.44	1155.38	1346.00	1039.20
योग		**50748.02**	**49166.99**	**54970.09**	**54304.81**	**48205.39**
व्यय						
हेलीकॉप्टर परिचालन एवं अनुरक्षण व्यय		13112.55	11708.17	18093.82	18740.26	15511.99
कर्मचारी हितलाभ व्यय		15579.64	15168.50	15416.34	14898.91	14906.20
वित्तीय लागत		203.51	450.13	1749.35	3180.68	2851.16
मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय		7898.28	7214.75	7652.34	7971.29	7378.70
अन्य व्यय		10235.06	5004.70	4740.12	4044.57	4763.63
योग		**47029.04**	**39546.25**	**47651.97**	**48835.71**	**45411.68**
असाधारण पूर्व वर्ष के लिए लाभ		3718.98	9620.74	7318.12	5469.10	2793.71
आपवादिक मदें		33931.19	-	(144.67)	654.29	-
कर पूर्व लाभ		37650.17	9620.74	7173.45	6123.39	2793.71
कराधान के लिए प्रावधान		8943.02	1405.00	1720.00	1450.00	650.00
पूर्व वर्ष के लिए कर हेतु प्रावधान		42.10	-	165.85	80.56	0
आस्थागित कर देयता		4403.14	2498.53	1406.70	736.18	973.89
आय व्यापक आय		16.28	93.27	-	-	-
कर पश्चात शुद्ध लाभ		**24278.19**	**5810.48**	**3880.90**	**3,856.65**	**1,169.82**
सार्थक अनुपात	शुद्ध लाभ /(हानि)					
क) शुद्ध लाभ अनुपात	—————— कुल राजस्व शुद्ध लाभ/(हानि)	56.8%	12.8%	7.2%	7.1%	2.4%
ख) निवेश पर प्रतिफल	—————— प्रयुक्त पूंजी शुद्ध लाभ/(हानि)	21.0%	4.7%	3.3%	3.2%	0.9%
निवल मूल्य पर प्रतिफल	—————— निवल मूल्य परिचालनगत ऋण	24.6%	9.7%	7.0%	7.5%	2.4%
ऋण वसूली की अवधि (माह)	—————— औ.मा.परि. राजस्व वर्ष एवं इंनवेटी	5.39	6.26	6.48	6.22	5.35
इंवेनट्र टर्नआवर (माह)	——————	1.26	1.33	1.26	1.25	1.71
वर्तमान अनुपात	औ.मा.परि. राजस्व सी ए : सी एल	2.87	3.90	2.80	1.95	3.44
ऋण इक्विटी	ऋण/इक्विटी ऋण/निवल मूल्य	0.10 0.03	0.66 0.27	0.69 0.31	1.11 0.53	1.34 0.68

लेखे

यथातिथि 31 मार्च, 2017 को
तुलन पत्र

(मूल्य लाख में)

विवरण	नोट संख्या	यथातिथि 31 मार्च, 2017	यथातिथि 31 मार्च, 2016	यथातिथि 1 अप्रैल, 2015
आस्तियाँ				
(1) गैर चालू आस्तियाँ				
(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर	3.1	86,699.27	81,702.50	86,156.60
(ख) पूंजीगत कार्य– प्रगति पर	3.1	604.30	5,393.65	1,804.33
(ग) अमूर्त आस्तियाँ	4	9.34	16.01	27.53
(घ) वित्तीय आस्तियाँ				
(i) निवेश	5	102.31	124.42	144.67
(ii) ऋण	6	601.71	609.42	593.79
(iii) अन्य वित्तीय आस्तियाँ	7	190.28	238.44	253.30
(ङ) अन्य गैर चालू आस्तियाँ	8	9,944.20	6,336.58	6,359.67
कुल गैर चालू आस्तियाँ		**98,151.41**	**94,421.02**	**95,339.89**
(2) चालू आस्तियाँ				
(क) मालसूचियाँ	9	4,496.69	5,018.64	5,648.36
(ख) वित्तीय आस्तियाँ				
(i) यवसाय प्राप्य	10	19,216.47	23,661.80	29,045.17
(ii) नकदी एवं नकदी स्वरूप	11.1	5,340.34	5,816.43	5,123.22
(iii) अन्य बैंक शेष	11.2	9,991.44	6,318.94	2,815.16
(iv) ऋण	12	490.20	467.02	524.45
(अ) अन्य वित्तीय आस्तियाँ	7	996.79	5,153.79	1,062.31
(ग) चालू कर आस्तियाँ (शुद्ध)	13	930.54	1,198.63	1,068.33
(घ) अन्य चालू आस्तिया	8	2,321.32	1,658.23	1,231.91
(ङ) निपटान/वितरण के लिए रखी वर्गीकृत आस्तियाँ	3.2	0.84	-	-
कुल चालू आस्तियाँ		**43,784.63**	**49,293.48**	**46,518.91**
कुल आस्तियाँ		**141,936.04**	**143,714.50**	**141,858.80**
इक्विटी और देयताएं				
इक्विटी				
(क) इक्विटी शेयर कैपिटल	14	24,561.60	24,561.60	24,561.60
(ख) अन्य इक्विटी	14	73,935.70	35,055.41	30,950.45
कुल इक्विटी		**98,497.30**	**59,617.01**	**55,512.05**
देयताएं				
(1) गैर चालू देयताए				
(क) वित्तीय देयताएं				
(i) उधार	15	2,497.72	16,125.21	16,959.39
(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	18	163.41	34,072.41	34,316.36
(ख) प्रावधान	16	2,854.91	2,983.62	2,723.57
(ग) आस्थगित कर देयताएं (शुद्ध)	17	22,672.49	18,260.73	15,714.21
कुल गैर चालू देयताएं		**28,188.53**	**71,441.97**	**69,713.53**
(2) चालू देयताएं				
(क) वित्तीय देयताएं				
(i) व्यवसाय प्राप्य	19	7,351.28	3,652.05	3,467.16
(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	18	864.90	2,252.85	4,952.48
(ख) अन्य चालू देयताएं	20	1,925.68	1,807.86	1,624.67
(ग) प्रावधान	21	2,297.72	4,942.76	6,349.61
(घ) चालू कर देयताएं (शुद्ध)	13	2,810.63	-	239.30
कुल चालू देयताएं		**15,250.21**	**12,655.52**	**16,633.22**
कुल इक्विटी और देयताएं		**141,936.04**	**143,714.50**	**141,858.80**

नोट 1 से 33 वित्तीय विवरणियों का एक अभिन्न अंग बनाते हैं।
यह तुलन पत्र है जिसे हमारी तारीख की रिपोर्ट में भी उल्लिखित किया गया है।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

कृते जे. पी. कपूर एवं यूबेराय
सनदी लेखाकार
फर्म निबंधन सं. 000593एन

(डॉ. बी. पी. शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं. 07125290

(श्रीमती गार्गी कौल)
निदेशक
डीआईएन सं. 07173427

(विनय जैन)
साझीदार
सदस्यता सं. 095187

(संजीव अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

(धीरेन्द्र सहाय)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 01.12.2017

1 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि की विवरणी

(₹ लाख में)

	विवरण	नोट सं.	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए
I	परिचालनों से राजस्व	22	42,763.93	45,324.55
II	अन्य आय	23	7,984.09	3,842.44
	कुल आय (III)		**50,748.02**	**49,166.99**
IV	व्यय			
	हेलीकॉप्टर परिचालन एवं अनुरक्षण व्यय	24	13,112.55	11,708.17
	कर्मचारी हितलाभ व्यय	25	15,579.64	15,168.50
	वित्तीय लागत	26	203.51	450.13
	मूल्यह्रास एवं परीशोधन व्यय	27	7,898.28	7,214.75
	अन्य व्यय	28	10,235.06	5,004.70
	कुल व्यय (IV)		**47,029.04**	**39,546.25**
V	**असाधारण मदों और कर पूर्व लाभ (III-IV)**		**3,718.98**	**9,620.74**
VI	असाधारण मदें	29	33,931.19	-
VII	**कर पूर्व लाभ (V-VI)**		**37,650.17**	**9,620.74**
VIII	कर व्ययः			
	(1) चालू कर (एमएटी)		8,943.02	1,405.00
	(2) पूर्व वर्षों के लिए आयकर के लिए प्रावधान		42.10	-
	(3) आस्थगित कर		4,403.14	2,498.53
			13,388.26	**3,903.53**
IX	**अवधि के लिए लाभ (VII-VIII)**		**24,261.91**	**5,717.21**
X	**अन्य व्यापक आय**			
	(क) बाद की अवधि में लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकृत करने के लिए अन्य व्यापक आयः			
	(i) उपरोक्त पर शुद्ध लाभ/(हानि)		-	-
	(ii) उपरोक्त पर कर प्रभाव		-	-
			-	-
	(ख) बाद की अवधि में लाभ या हानि को पुनः वर्गीकृत नहीं करने वाली अन्य व्यापक आयः			
	(i) उपरोक्त पर शुद्ध लाभ/(हानि)	30	24.90	141.26
	(ii) उपरोक्त पर कर प्रभाव		(8.62)	(47.99)
			16.28	**93.27**
XI	**अवधि के लिए कुल व्यापक आय (IX+ X) (अवधि के लिए लाभ और अन्य व्यापक आय सहित)**		**24,278.19**	**5,810.48**
XII	प्रति इक्विटी शेयर आय	31		
	(1) मूल		9,885	2,366
	(2) डायल्यूटिड		8,954	2,366

नोट 1 से 33 वित्तीय विवरणियों का एक अभिन्न अंग बनाते हैं।

यह तुलन पत्र है जिसे हमारी तारीख की रिपोर्ट में भी उल्लिखित किया गया है।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

कृते जे. पी. कपूर एवं यूबेराय	**(डॉ. बी. पी. शर्मा)**	**(श्रीमती गार्गी कौल)**
सनदी लेखाकार	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	निदेशक
फर्म निबंधन सं. 000593एन	डीआईएन सं. 07125290	डीआईएन सं. 07173427
(विनय जैन)	**(संजीव अग्रवाल)**	**(धीरेन्द्र सहाय)**
साझीदार	कम्पनी सचिव	मुख्य वित्तीय अधिकारी
सदस्यता सं. 095187		
स्थानः नई दिल्ली		
दिनांक : 01.12.2017		

31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में प्रभार की विवरणी

(₹ लाख में)

विवरण	इक्विटी शेयर पूंजी	शेयर आवेदन धन लंबित आबंटन	आरक्षिति एवं अधिशेष		ओसीआई की मदें			कुल अन्य इक्विटी
			सामान्य आरक्षिति	प्रतिधारित उपार्जन	ऋण लिखतों के माध्यम से अन्य व्यापक आय	इक्विटी लिखतों के माध्यम से अन्य व्यापक आय	अन्य व्यापक आय की दूसरी मदें	
यथातिथि 1 अप्रैल, 2015	**24,561.60**	**-**	**2,050.00**	**27,501.40**	**-**	**-**	**-**	**29,551.40**
लेखांकन नीति में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-
लाभांश और कॉर्पोरेट लाभांश कर	-	-	-	1,705.52	-	-	-	1,705.52
पूर्वावधि त्रुटियाँ	-	-	-	(306.47)	-	-	-	(306.47)
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि	24,561.60	-	2,050.00	28,900.45	-		-	30,950.45
वर्ष के लिए लाभ	-	-	-	5,717.21	-	-	-	5,717.21
अन्य व्यापक आय	-	-	-	-	-	(12.35)	105.61	93.27
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	**-**	**-**	**-**	**5,717.21**	**-**	**(12.35)**	**105.61**	**5,810.48**
लाभांश और कॉर्पोरेट लाभांश कर	-	-	-	(1,705.52)	-	-	-	(1,705.52)
प्रतिधारित उपार्जन पर हस्तांतरण	-	-	-	-	-	-	-	-
कोई अन्य परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-
यथातिथि 31 मार्च, 2016	**24,561.60**	**-**	**2,050.00**	**32,912.14**	**-**	**(12.35)**	**105.61**	**35,055.41**
लेखांकन नीति में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-
भारत सरकार से प्राप्त राशि		15,905.00	-	-	-		-	15,905.00
पूर्वावधि त्रुटियाँ	-	-	-	-	-	-	-	-
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि	**24,561.60**	**15,905.00**	**2,050.00**	**32,912.14**	**-**	**(12.35)**	**105.61**	**50,960.41**
वर्ष के लिए लाभ	-	-	-	24,261.91	-	-		24,261.91
अन्य व्यापक आय	-	-	-	-	-	(14.46)	30.74	16.28
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	**-**	**-**	**-**	**24,261.91**	**-**	**(14.46)**	**30.74**	**24,278.19**
लाभांश और कॉर्पोरेट लाभांश कर	-	-	-	(1,302.90)	-	-	-	(1,302.90)
लाभांश वितरण कर का भुगतान	-	-	-	-	-	-	-	-
प्रतिधारित उपार्जन पर हस्तांतरण	-	-	-	-	-	-	-	-
कोई अन्य परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-
यथातिथि 31 मार्च, 2017	**24,561.60**	**15,905.00**	**2,050.00**	**55,871.15**	**-**	**(26.81)**	**136.36**	**73,935.70**

नोट 1 से 33 वित्तीय विवरणियों का अभिन्न अंग बनाते हैं
यह इक्विटी में परिवर्तन की विवरणी भी है जो कि हमारी तिथि की रिपोर्ट में भी उल्लेख किया गया है

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

कृते जे. पी. कपूर एवं यूबेराय
सनदी लेखाकार
फर्म निबंधन सं. 000593एन

(विनय जैन)
साझीदार
सदस्यता सं. 095187
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 01.12.2017

(डॉ. बी. पी. शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं. 07125290

(संजीव अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

(श्रीमती गार्गी कौल)
निदेशक
डीआईएन सं. 07173427

(धीरेन्द्र सहाय)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह की विवरणी

(₹ लाख में)

	विवरण	यथा तिथि			
		31 मार्च, 2017		31 मार्च, 2016	
क.	**परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह**				
	कर पूर्व शुद्ध लाभ		37,650.17		9,620.74
	के लिए समायोजनः				
	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय (शुद्ध)	7,898.28		7,214.75	
	बैंक जमा पर ब्याज आय	(626.62)		(438.64)	
	बीमा दावा – केवल पोत	(1,385.29)		(2,395.24)	
	ब्याज लागत	203.51		450.13	
	नियत आस्तियाँ बट्टे खाते	179.94		87.97	
	संदिग्ध ऋण और अग्रिम के लिए प्रावधान	876.94		324.49	
	अचल मालसूची/जीवनकाल समाप्त मदों के लिए प्रावधान	209.55		73.26	
	भारत सरकार के दावे पर ब्याज में छूट	(33,931.19)		-	
	पायलट और एएमई के लिए लाइसेंस संबंधित भत्ते के लिए अतिरिक्त प्रावधान	(4,381.16)		-	
	संपत्तियों की हानि पर नुकसान	0.15		0.89	
	निवेश के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान	22.11		20.25	
		(30,933.78)		5,337.86	
	कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले परिचालन लाभ		6,716.39		14,958.60
	आस्तियों और देयताओं में परिवर्तन				
	व्यापार प्राप्य	3,697.91		5,183.44	
	ऋण और अग्रिम एवं अन्य आस्तियाँ	(3,971.56)		(192.01)	
	मालसूचियाँ	293.08		567.39	
	व्यापार प्राप्य, अन्य देयताएं और प्रावधान	4,287.98		(1,892.98)	
	परिचालन से सृजित नकद		4,307.41		3,665.84
	प्रदत्त आय कर		6,226.98		(1,774.61)
	परिचालन गतिविधियों से सृजित शुद्ध नकदी		**4,796.82**		**16,849.83**
ख.	**निवेश गतिविधियां से नकदी प्रवाह**				
	नियत आस्तियों का क्रय	(6,912.51)		(7,057.32)	
	बिक्री/बीमा दावा/नियत आस्तियों का समायोजन	5,533.00		3,570.25	
	पूंजीगत कार्य प्रगति पर	(1,318.22)		(3,625.98)	
	3 महीने से अधिक और लीन के तहत परिपक्वता				
	वाली निश्चित जमा राशि का निवेश/प्राप्ति	(3,672.50)		(3,503.78)	
	प्राप्त ब्याज	626.62		438.64	
	निवेश गतिविधियों में उपयोग की गई कुल नकदी		**(5,743.61)**		**(10,178.19)**
ग.	**वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह**				
	ब्याज लागत	(203.51)		(450.13)	
	लाभांश	(1,082.52)		(1,547.51)	
	लाभांश पर कारपोरेट कर	(220.38)		(158.01)	
	शेयर आवेदन धन प्राप्त लंबित आबंटन	15,905.00		-	
	दीर्घकालिक उधार का पुनर्भुगतान	(13,927.89)		(3,822.77)	
	वित्त पोषण गतिविधियों से सृजित/(में प्रयुक्त) शुद्ध नकदी		**470.70**		**(5,978.42)**
	नकदी और नकदी समतुल्य/(में उपयोग) में शुद्ध वृद्धि		**(476.09)**		**693.21**
	अवधि की शुरुआत में नकदी और नकदी समतुल्य		5,816.43		5,123.22
	अवधि के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य		**5,340.34**		**5,816.43**

नोट 1 से 33 वित्तीय विवरणियों का अभिन्न अंग बनाते हैं

नोटः

1. कोष्टक के आंकड़े नकदी बहिर्गमन को इंगित करते हैं।

2 उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरणी इंड एएस –7 नकदी प्रवाह विवरणी में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के तहत तैयार किया गया है। यह नकदी प्रवाह विवरणी है जिसे हमारी तिथि की रिपोर्ट में भी निर्दिष्ट किया गया है।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

कृते जे. पी. कपूर एवं यूबेराय
सनदी लेखाकार
फर्म निबंधन सं. 000593एन

(डॉ. बी. पी. शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं. 07125290

(श्रीमती गार्गी कौल)
निदेशक
डीआईएन सं. 07173427

(विनय जैन)
साझीदार
सदस्यता सं. 095187
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 01.12.2017

(संजीव अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

(धीरेन्द्र सहाय)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

29. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. निगमित सूचना

पवन हंस लिमिटेड (''कम्पनी'') (सीआईएन संख्या यू 62200डीएल1985जी 01022233) एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है जिसका निगमन 15 अक्तूबर, 1985 को हुआ था तथा भारत में स्थित इस कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय रोहिणी हेलीपोर्ट, सेक्टर–36, नई दिल्ली –110085 में स्थित है। यह कम्पनी सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है तथा इसका पंजीयन कम्पनी अधिनियम, 1956 के अध्याधीन कम्पनी पंजीयक के कार्यालय में किया गया है।

कम्पनी भारत के विमानन क्षेत्र का पथ प्रदर्शक के रूप में नेतृत्व कर रही है तथा यह कम्पनी समग्र राष्ट्र को अवसंरचना निर्माण, मानव संसाधन विकास तथा हेलीकॉप्टर प्रचालनों के संरक्षा स्तरों में संवर्धन के साथ साथ विविध श्रेणी की हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान कर रही है। कम्पनी द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों नामतः मेघालय, मिजोरम, असम, त्रिपुरा, सिक्किम, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, गृह मंत्रालय, लक्षद्वीप प्रशासन, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए श्री अमरनाथ धाम एवं केदारनाथ यात्रा के साथ साथ एमटीडीसी एवं जीटीडीसी के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और साथ ही ओएनजीसी, एनटीपीसी, ओआईएल, जीएसपीसी, गेल, महाराष्ट्र पुलिस, सीमा सुरक्षा बल को भी अपनी सेवाएं दी जा रही हैं।

2. क. तैयारी का आधार

(i) अनुपालन विवरण

निगमित कार्य मंत्रालय के दिनांक 16 फरवरी, 2015 की अधिसूचना, जिसके माध्यम से कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 अधिसूचित की गई है, के अनुसरण में कम्पनी द्वारा 1 अप्रैल, 2015 की पारमगन तिथि के साथ 1 अप्रैल, 2015 से भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) अंगीकार किए गए हैं। तदनुसार, कम्पनी के वित्तीय विवरण कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली के नियम 3 के साथ पठनीय कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम''), अधिनियम के संबंधित प्रावधानों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत अन्य लेखांकन मानकों में किए गए निर्धारण के अनुसार इंड एएस का अनुपालन करते हुए तैयार किए गए हैं।

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण, यदि कहीं अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया है, कम्पनी (लेखांकन मानक) नियमावली, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत अधिसूचित लेखांकन मानकों, अधिनियम के खंड 133 के अंतर्गत की गई अधिसूचना (पूर्व भारत में स्वीकृत सामान्य लेखांकन मानक) तथा अधिनियम के अन्य संबद्ध प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण कम्पनी द्वारा इंड एएस के अंतर्गत तैयार किए गए प्रथम वित्तीय विवरण हैं। इंड एएस में किए गए पारगमन से पूर्व सूचित वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन तथा कम्पनी के रोकड़ प्रवाह पर हुए प्रभाव का स्पष्टीकरण नोट 33 में शामिल किया गया है।

इन वित्तीय विवरणों को जारी करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 1 दिसम्बर, 2017 को प्राधिकार प्रदान किया गया है।

(ii) मापन का आधार

ये वित्तीय विवरण उचित मूल्य अथवा परिशोधन लागत पर मापे गए कुछ वित्तीय उपकरणों के अलावा ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए हैं।

(iii) महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान तथा निर्धारण

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय

प्रबंधन द्वारा लेखांकन नीतियों एवं सूचित परिसम्पत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय की राशियों की उपयोज्यता पर प्रभावी होने वाले निर्धारण किए गए हैं, अनुमान लगाए गए हैं तथा पूर्वानुमान किए गए हैं। वास्तविक परिणाम ऐसे अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

अनुमानों तथा पूर्वानुमानों की समीक्षा अविरत आधार पर की जाती है। लेखांकन अनुमानों में किए गए संशोधनों की स्वीकृति भावी प्रभाव के लिए की गई है।

लेखांकन नीतियों के उपयोग से महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए लगाए गए जिस अनुमान/ अनिश्चितता तथा निर्धारण से वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकते हैं उससे संबंधित सूचना नीचे दी गई है:–

नीचे प्रस्तुत नोट 32 (XI) तथा मद संख्या 2 (xi) – परिभाषित लाभ दायित्वों का मापनः प्रमुख वास्तविक

नीचे प्रस्तुत नोट 2 (vi) – सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का उपयोज्य जीवन एवं अवशिष्ट मूल्य का मापन।

नोट 32 (XIX) – ओवरहॉल लागत का अनुमान।

नोट 32 (II (ग, घ तथा ङ)– यह ज्ञात करने के लिए निर्धारिण किया जाना अपेक्षित है कि क्या संसाधनों के बर्हिगमन से उत्पन्न लाभ कराधान विवादों एवं विधिक दावे के निपटान के लिए संभाव्य होंगे अथवा नहीं।

नोट 32 (XXVI) तथा नीचे प्रस्तुत मद संख्या 2 (iii) – वित्तीय उपकरणों के उचित मूल्य का मापन।

ऐसे कोई पूर्वानुमान तथा अनुमान अनिश्चिताएं नहीं हैं जिनके परिणामस्वरूप अगले वित्तीय वर्ष में सामग्रीगत समायोजन के प्रति महत्वपूर्ण जोखिम हो।

ख. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

नीचे प्रस्तुत की गई लेखांकन नीतियों का अनवरत उपयोग इन प्रस्तुत वित्तीय विवरणों की सभी अवधियों के संबंध में तथा इंड ए एस में पारगमन के उद्देश्य से 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति के तुलन पत्र के अथशेष को तैयार करने के लिए किया गया है।

(i) चालू बनाम गैर–चालू वर्गीकरण

सभी परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण चालू तथा गैर–चालू के रूप में किया गया है।

परिसम्पत्तियां

किसी परिसम्पत्ति का वर्गीकरण चालू के रूप में तब किया जाता है जब निम्नलिखित मानदंडों में से किसी एक को पूरा करता हो:

- वह नकदीकरण अथवा बिक्री के लिए नियत हो अथवा कम्पनी के सामान्य प्रचालन कम में खपत की जाने वाली हो;
- वह प्रारम्भ से ही व्यवसाय के लिए धारित की गई हो;
- वह रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर बिक्री की जानी हो, अथवा
- यदि वह विनियम के लिए प्रतिबंधित न होने अथवा रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात किसी देयता के समाधान के लिए कम से कम बारह माह के लिए उपयोग की जा रही होने के अलावा रोकड़ अथवा रोकड़ समतुल्य हो।

चालू परिसम्पत्तियों में गैर–चालू वित्तीय परिसम्पत्तियों का चालू भाग भी शामिल है। अन्य सभी परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण गैर–चालू परिसम्पत्ति के रूप में किया गया है।

देयताएं

किसी देयता का वर्गीकरण चालू देयता के रूप में तब किया जाता है जबः

- सामान्य प्रचालन क्रम में इसका निपटान संभावित हो;
- यह मुख्यतः व्यवसाय के उद्देश्य से धारित की गई हो;
- रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर इसका समाधान किया जाना हो, अथवा
- कम्पनी के पास इसके प्रति रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम बारह माह की अवधि के लिए देयताओं के निपटान को स्थगित करने का किसी प्रकार का कोई असंबंध अधिकार न हो। देयताओं के निबंधन दूसरी पार्टी को उपलब्ध विकल्प के अनुसार इक्विटी उपकरण को जारी करने के निपटान के तौर पर परिणत होते हों तथा जिससे यह वर्गीकरण प्रभावित न होता हो।

चालू देयताओं में गैर–चालू वित्तीय दायित्वों का चालू भाग शामिल है। अन्य सभी दायित्वों का वर्गीकरण गैर–चालू के रूप में किया गया है।

आस्थगित कर परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण गैर–चालू परिसम्पत्ति तथा देयताओं के रूप में किया गया है।

प्रचालन काल क्रम संसाधन के लिए परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण तथा उनकी नकदी अथवा नकदी समतुल्य प्राप्ति के बीच का समय है। प्रचालनों की प्रकृति तथा उनके नकदी अथवा नकदी समतुल्य प्राप्ति के आधार पर कम्पनी द्वारा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं को चालू अथवा गैर–चालू वर्गीकरण प्रदान करने के उद्देश्य से अपने प्रचालन काल क्रम की अवधि निर्धारित की गई है।

(ii) विदेशी मुद्रा संव्यवहार एवं अंतरण

कार्यात्मक एवं उपयोग के लिए मुद्रा

कम्पनी द्वारा उस मुद्रा को कार्यात्मक मुद्रा अर्थात भारतीय रुपए (₹) को उपयोग के लिए अपनाया गया है जिसके प्राथमिक आर्थिक परिवेश में कम्पनी द्वारा अपने कार्य किए जाते है। वित्तीय विवरण भारतीय रुपए में प्रस्तुत किए गए हैं जो कम्पनी की कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा है। यदि कहीं अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया हो तो सभी राशियों को दो दशमलव स्थल तक निकटतम लाख रुपए में पूर्णांकित किया गया है।

संव्यवहार एवं शेष

विदेशी मुद्राओं में किए जाने वाले लेनदेन स्वीकृति के लिए मान्य कम्पनी की कार्यात्मक मुद्रा में संव्यवहार की तिथि के अनुसार प्रारम्भ से रिकार्ड किए जाते हैं।

विदेशी मुद्राओं में वर्णित मौद्रिक परिसम्पत्तियों का अंतरण उनकी कार्यात्मक मुद्रा में रिपोर्टिंग तिथि की स्पॉट विनिमय दरों पर किया जाता है। मौद्रिक मदों के समाधान अथवा अंतरण से उत्पन्न विनिमय दर अंतरों, 31 मार्च, 2016 से पूर्व लिए गए दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा ऋणों के अंतरण से उत्पन्न लाभ/(हानियों) तथा उनका समायोजन मूल्यह्रास योग्य सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के अधिग्रहण के लिए सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की लागत में किए जाने के अलावा, को उनके संव्यवहार के वर्ष के लाभ एवं हानि लेखा में दर्शाया जाता है। उपर्युक्त व्यवस्था विदेशी मुद्रा ऋण का पुनर्भुगतान कर दिए जाने तक जारी रखी जाती है।

विदेशी मुद्रा के अंतरण से उत्पन्न विदेशी मुद्रा विनिमय दर लाभ/(हानि) को सकल आधार पर लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया गया है। तथापि, विदेशी मुद्रा ऋण से उत्पन्न मुद्रा विनिमय अंतर उनकी वित्त लागतों के दायरे में लाभ एवं हानि विवरण में ऋण लागतों को समायोजित करते हुए दर्शाए गए हैं।

(iii) उचित मूल्य मापन

उचित मूल्य की राशि वह होती है जो मापन की तिथि को बाजार भागियों के मध्य व्यवस्थित संव्यवहार द्वारा किसी परिसम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त हो अथवा किसी देयता के अंतरण के लिए चुकता की जा सकेगी। उचित मूल्य के मापन का आधार परिसम्पत्ति की बिक्री अथवा देयता के अंतरण से संबंधित संव्यवहार पर आधारित है जो निम्नलिखित में से किसी में भी किया जा सकता है:–

– परिसम्पत्ति अथवा देयता के लिए श्रेष्ठ बाजार में, अथवा

– परिसम्पत्ति अथवा देयता के लिए श्रेष्ठ बाजार उपलब्ध न होने की स्थिति में अत्यधिक लाभकारी बाजार में।

श्रेष्ठ अथवा अत्यधिक लाभकारी बाजार कम्पनी के लिए/द्वारा सुलभ होने चाहिए।

वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य के साथ मापन अथवा प्रकटन की गई सभी परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण उनके उचित मूल्य के क्रम में निम्नानुसार न्यूनतम स्तर इनपुट को पूर्ण रूप में उचित मूल्य मापन के निर्धारण के आधार पर वर्णित किया गया है:–

- स्तर 1 — सक्रिय बाजार में समान परिसम्पत्तियों अथवा देयताओं का उद्धृत (गैर–समायोजित) मूल्य
- स्तर 2 — न्यूनतम स्तर इनपुट के लिए मूल्यांकन तकनीक जो उचित मूल्य मापन के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में विचार योग्य है।
- स्तर 3 — न्यूनतम स्तर इनपुट के लिए मूल्यांकन तकनीक जो उचित मूल्य मापन के लिए विचार योग्य नहीं है।

वित्तीय विवरणों में आवृत्ति आधार पर मान्य परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के लिए कम्पनी द्वारा यह संज्ञान किया जाता है कि क्या इनके संबंध में स्तरों के मध्य वर्गीकरण का मूल्यांकन करते हुए प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में (पूर्ण उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर) अंतरण किए गए हैं अथवा नहीं।

उचित मूल्य के प्रकटन के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के वर्गों का निर्धारण उनकी प्रकृति, विशिष्टता तथा परिसम्पत्ति अथवा देयता के जोखिम तथा ऊपर स्पष्ट क्रम बद्ध उचित मूल्यों के अनुसार किया गया है।

कम्पनी द्वारा निवेश जैसे (सहायक कम्पनियों में किए गए निवेश के अलावा) वित्तीय उपकरणों का मापन रिपोर्टिंग तिथि को उनके उचित मूल्य के अनुसार किया गया है। इसके अलावा वित्तीय उपकरणों के उचित मूल्यों का मापन नोट 32(XI) में प्रकटन की गई परिशोधन लागत पर किया गया है।

(iv) वित्तीय उपकरण

किसी करार के ऐसे वित्तीय उपकरण जिनसे किसी एक इकाई की वित्तीय परिसम्पतियां तथा किसी अन्य इकाई की वित्तीय देयताएं अथवा इक्विटी उपकरण का उत्थान होता हो।

क) वित्तीय परिसम्पत्तियां

<u>स्वीकृति तथा प्रारम्भिक मापन</u>

प्रारंभिक स्वीकृति करते हुए वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रारंभिक मापन एवं स्वीकृति केवल उस स्थिति के अलावा उचित मूल्य पर की जाती है जिस स्थिति में कम्पनी द्वारा पारगमन की तिथि के पश्चात किए गए संव्यवहार के लिए उचित मूल्य का मापन भावी प्रभाव पर करने के लिए इंड एएस 101 के पैरा डी20 में अंगीकरण किए जाने पर पहली बार दी जाने वाली छूट का प्रयोग किया है। लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर रिकार्ड में न ली गई वित्तीय परिसम्पत्तिके मामले में उसकी संव्यवहार लागतें वित्तीय परिसम्पत्ति के अधिग्रहण से संबद्ध की गई हैं।

वर्गीकरण एवं अनुवर्ती मापन वर्गीकरण

कम्पनी द्वारा अपनी वित्तीय परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण नीचे उल्लिखित अनुवर्ती मापन श्रेणियों में किया गया है:–

- वे, जिनका अनुवर्ती मापन उनके उचित मूल्य (जो या तो अन्य विस्तृत आय अथवा लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से है) पर किया जाना है, तथा
- वे, जिनका मापन परिशोधित लागत पर किया गया है।

यह वर्गीकरण वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रबंधन, नकदी प्रवाहों के संविदागत उपबंधों के प्रबंधन के लिए कम्पनी के व्यवसाय मॉडल पर निर्भर करता है। उचित मूल्य, लाभ एवं हानि पर मापन की गई परिसम्पत्तियों को लाभ एवं हानि विवरण अथवा अन्य विस्तृत आय में रिकार्ड किया जाता है। ऋण उपकरणों में किए गए निवेश की स्थिति में यह उस व्यवसाय मॉडल पर निर्भर होगा जिसमें निवेश किया गया है। इक्विटी उपकरण में निवेश के लिए यह इस पर निर्भर होगा कि क्या कम्पनी द्वारा अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर किए गए इक्विटी निवेश की प्रारंभिक स्वीकृति लेखे में करते समय अप्रतिसंहरणीय का चयन किया गया है अथवा नहीं।

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन अनुवर्ती मापन

परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसम्पत्तियों का मापन

किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मापन परिशोधित लागत पर तब किया जाता है जब उसका धारण ऐसे व्यावसायिक मॉडल में किया गया हो जिसका लक्ष्य संविदागत रोकड़ प्रवाहों के संग्रहण के लिए परिसम्पत्ति का धारण करना है तथा वित्तीय परिसम्पत्ति के संविदागत उपबंधों से विशिष्ट तिथियों को ऐसे रोकड़ प्रवाह उत्पन्न होते हों जो केवल मूलधन एवं मूलधन की बकाया राशि के भुगतान के लिए हों।

यह श्रेणी कम्पनी के लिए अधिक उपयुक्त है। प्रारंभिक मापन के पश्चात ऐसी परिसम्पतियों का अनुवर्ती मापन प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ एवं हानि विवरण की वित्तीय आय में शामिल किया जाता है। क्षति के कारण उत्पन्न हानियों (यदि कोई हों) की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। यह श्रेणी सामान्यतः कर्मचारियों को दिए गए ऋणों, व्यवसाय प्राप्यों, सुरक्षा जमा राशियों तथा अन्य प्राप्यों के लिए लागू होती है।

अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफवीटीओसीआई)

किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मापन एफवीटीओसीआई के अनुसार तब किया जाता है जब उसका धारण ऐसे व्यवसाय मॉडल में किया गया हो जिसमें उसके संविदागत रोकड़ प्रवाह तथा वित्तीय परिसम्पत्तियों की बिक्री के दोनों लक्ष्य प्राप्त किए जा चुके हों तथा उसके संविदागत उपबंधों से विशिष्ट तिथियों को ऐसे रोकड़ प्रवाह उत्पन्न होते हों जो केवल मूलधन एवं मूलधन की बकाया राशि के भुगतान के लिए हों।

लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफवीटीपीएल)

उपर्युक्त में से किसी में भी वर्ग में शामिल न की गई परिसम्पति का मापन एफवीटीपीएल के अनुसार किया जाता है।

ख) वित्तीय परिसम्पत्तियों की क्षति (उचित मूल्य के अलावा)

लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्यन न की गई वित्तीय परिसम्पत्तियों के लिए कम्पनी द्वारा संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के उपयोग से हानि भत्ते की स्वीकृति की जाती है। किसी गैर महत्वपूर्ण वित्तीय घटक

वाले व्यवसाय प्राप्यों के हानि भत्ते का मापन संभावित क्रेडिट हानि के उपयोज्यता काल की समतुल्य राशि पर किया जाता है। अन्य सभी वित्तीय परिसम्पत्तियों, जिनकी संभावित क्रेडिट हानियों का मापन 12 माह के संभावित क्रेडिट के समतुल्य राशि पर किया गया है, के संबंध में प्रारंभिक स्वीकृति के प्रति क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण बढ़ोतरी न होने की स्थिति में ऐसी वित्तीय परिसम्पत्तियों का मापन उनके उपयोज्यता काल पर संभावित क्रेडिट हानि के लिए होता है। संभावित क्रेडिट हानि मॉडल के उपयोग से हानि भत्ते में किसी प्रकार के बदलाव (वृद्धिशील अथवा विपर्यय) की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में क्षति लाभ अथवा हानि के रूप में की जाती है।

ग) बट्टे खाते

वित्तीय विवरण में ऐसी सकल वहन राशि को बट्टे खाते (आंशिक अथवा पूर्ण) डाल दिया जाता है जिसकी प्राप्ति की कोई उचित संभावना नहीं होती है।

घ) वित्तीय देयताएं

प्रारम्भिक स्वीकृति एवं मापन

वित्तीय देयताओं की प्रारम्भिक स्वीकृति एवं मापन की आरंभिक पहचान का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जा सकता है:–

- लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं,
- परिशोधन लागत पर मापन की गई वित्तीय देयताएं,
- ऋण एवं उधार तथा देय,

सभी वित्तीय देयताओं की प्रारंभिक स्वीकृति उनके उचित मूल्य पर तथा ऋण एवं उधार तथा देय के मामले में संव्यवहार लागतों से प्रत्यक्ष संबद्ध मूल्य पर की जाती है।

कम्पनी की सभी वित्तीय देयताओं में सुरक्षा जमा, व्यवसाय एवं अन्य देय शामिल हैं।

अनुवर्ती मापन

परिशोधन लागत के अनुसार मापन (जो कम्पनी की एकमात्र सम्बद्ध श्रेणी है) की गई वित्तीय देयताओं का अनुवर्ती मापन प्रभावी ब्याज दर के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। ब्याज व्यय एवं विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ तथा हानियों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण की जाती है।

ड.) वित्तीय उपकरणों की स्वीकृति समाप्त करना

कम्पनी द्वारा ऐसी वित्तीय परिसम्पत्ति की स्वीकृति समाप्त की जाती है जिस वित्तीय परिसम्पत्ति के रोकड़ प्रवाह के संविदागत अधिकारों की अवधि समाप्त हो गई होती है अथवा जिन वित्तीय परिसम्पत्तियों का अंतरण किया जाता है तथा ऐसा अंतरण इंड एएस 109 के अंतर्गत स्वीकृति समाप्ति के लिए योग्य होता है।

कम्पनी के तुलन पत्र में से किसी वित्तीय देयता (अथवा किसी वित्तीय देयता का कोई भाग) की स्वीकृति तब समाप्त की जाती है जब उसकी संविदा में निर्धारित दायित्वों का निर्वाह हो जाता है अथवा रद्द हो जाते हैं अथवा समाप्त हो जाते हैं।

च) वित्तीय उपकरणों का समंजन

वित्तीय परिसम्पत्तियों एवं वित्तीय देयताओं का समंजन तथा तुलन पत्र में सकल राशियों की स्वीकृति तब की जाती है जब स्वीकृत राशियों के समंजन के प्रति कोई प्रवर्तन योग्य चालू विधिक अधिकार न हो तथा ऐसा परिसम्पत्तियों से धर्नाजन तथा दायित्वों को चुकाने के लिए सकल आधार पर निपटाए जाने की मंशा से किया गया हो।

(v) रोकड़ अथवा रोकड़ समतुल्य

तुलन पत्र में दर्शाए गए रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य में बैंकों में जमा एवं उपलब्ध तथा तीन माह अथवा कम अवधि की सामान्य

परिपक्वता के साथ अल्प–कालिक जमा, जो मूल्य में परिवर्तन के अल्प जोखिम की शर्त पर है, शामिल हैं।

(vi) सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

स्वीकृति एवं मापन

सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का मापन उनकी लागत में से संचित मूल्यह्रास/परिशोधन एवं संचित अपसामान्य क्षतियों को लागत, यदि कोई हों, घटाकर किया गया है। लागत में वे व्यय शामिल हैं जो प्रबंधन के अभिप्रेत उद्देश्य से प्रचालन योग्य बनाने के लिए सम्पति को स्थल तथा आवश्यक स्थिति में लाए जाने के लिए प्रत्यक्ष जुड़े हुए हैं। कम्पनी द्वारा सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण का मूल्यह्रास उनके अनुमानित उपयोज्य काल के लिए सीधी लाइन विधि के उपयोग से किया जाता है। किसी सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की मूल लागत की 5% राशि को अवशिष्ट मूल्य माना जाता है।

वर्ष 2015–16 के दौरान कम्पनी की एक तकनीकी समिति द्वारा गहन तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात हेलीकॉप्टर बेड़े के अनुमानित उपयोज्य काल का पुनः मूल्यांकन किया गया था। इस प्रकार इन परिसम्पत्तियों का उपयोज्य काल कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग ग में निर्धारित उपयोज्य कालों से भिन्न है। भिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर बेड़े लिए निर्धारित किए उपयोज्य काल का विवरण नीचे दिया गया है:–

हेलीकॉप्टर का प्रकार	अनुमानित उपयोज्य काल वर्षों में	अनुमानित उपयोज्य काल उड़ान घंटों में
डॉफिन एसए 365 एन	35 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
डॉफिन एसए 365 एन3	35 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
इक्यूरेयूइल एएस350 बी3	35 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
बेल 206 एल4	35 वर्ष	35,000 उड़ान घंटे
बेल 407	35 वर्ष	35,000 उड़ान घंटे
एमआई–172	30 वर्ष	18,000 उड़ान घंटे

मोबाइल हैंडसेटों का अनुमानित उपयोज्य काल तीन वर्ष माना गया है।

मूल्यह्रास विधि, उपयोज्य काल तथा अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने के साथ साथ आवधिक तौर पर की जाती है।

कम्पनी द्वारा सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का घटक लेखांकन उनकी स्वीकृति एवं किसी सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण के किसी महत्वपूर्ण घटक, जिसकी लागत की सम्बद्धता मद की कुल लागत पर विशिष्ट हो तथा जिसका उपयोज्य काल भिन्न हो, का अलग से मूल्यह्रास इंड एएस के अनुसरण में किया गया है। कम्पनी द्वारा ऐसे घटक को विचार में लिया गया है जिनकी लागत हेलीकॉप्टर के महत्वपूर्ण घटक की कुल लागत का 8% अथवा अधिक है, सन्निहित अनुरक्षण के रूप में प्रस्तुत हेलीकॉप्टर के प्रमुख ओवरहॉल की लागत की स्वीकृति अलग से की गई है तथा अन्य परिसम्पत्तियों के मामले में किसी महत्वपूर्ण घटक की स्वीकार्यता घटक लेखांकन के उद्देश्य से नहीं की गई है।

किसी परिसम्पति के प्रमुख पूर्जे को बदलने अथवा पुनः निर्मित किए जाने की स्थिति में पुराने पूर्जे की वहन राशि की स्वीकृति समाप्त कर दी जाती है तथा नए पूर्जे को परिसम्पत्ति में जोड़ लिया जाता है। जब किसी स्वीकृति समाप्त किए गए/बदले गए घटक का वहन मूल्य ज्ञात नहीं होता है तो चालू लागत के अनुसार उचित अनुमान निर्धारित किए जाते हैं।

हेलीकॉप्टर के संदर्भ में भिन्न उपयोज्य काल वाले स्वीकृत महत्वपूर्ण घटकों का विवरण नीचे दिया गया है:–

बेड़ा प्रकार	पहचाने गए घटक	घटक का उपयोज्य काल
डॉफिन एन	इंजन	3000 घंटे/5 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे/5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	5400 घंटे/9 वर्ष **
डॉफिन एन3	इंजन	33500 घंटे/6 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे/5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	5400 घंटे/9 वर्ष **
इक्यूरेयूइल एएस350 बी3	इंजन	3500 घंटे/6 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे/5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	प्रमुख जांच–12 वर्ष **
बेल 407	इंजन	2000 घंटे/3 वर्ष **
	ट्रांसमिशन एसेंबली	5000 घंटे/8 वर्ष **
	हब एसेंबली	2500 घंट/4 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	कोई प्रमुख ओवरहॉल नहीं
एमआई–172	इंजन	1500 घंटे/5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	4500 घंटे/15 वर्ष **

**एन, एन3, बी3 एवं बेल 407 के संदर्भ में वर्ष का निर्धारण 600 घंटों की उड़ान तथा एमआई–172 के लिए 300 घंटों की उड़ान के आधार पर किया गया है।

अनुवर्ती लागतें

अनुवर्ती लागतों का पूंजीयन तभी किया जाता है जब विशिष्ट परिसम्पत्ति से संबद्ध इसके भावी आर्थिक लाभों में वृद्धि हो। अन्य मूर्त परिसम्पत्तियों की सभी अन्य मरम्मत एवं अनुरक्षण व्ययों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में इनके उत्पन्न होने के समय की जाती है।

इंड एएस में पारगमन

इंड एएस में पारगमन से कम्पनी द्वारा पूर्व सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन मानकों के अनुसार 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति को किए गए मापन के अनुसार अपनी प्रत्येक सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की स्वीकार्यता वहन मूल्य के रूप में उपयोग करने का चयन किया गया है तथा ऐसे वहन मूल्य, इंड एएस के अनुसार ''पहली बार भारतीय लेखांकन मानकों का अंगीकरण' किए जाने की स्थिति में अनुमत्त, सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की मान्य लागत के अनुसार वहन मूल्यों के रूप में उपयोग किए गए हैं।

मूल्यह्रास

एयरफ्रेम तथा एयरो–इंजन उपकरण–रोटेबल का मूल्यह्रास एवं मध्य उपयोज्यता काल उन्नयन कार्यक्रम (टाइप प्रमाणन लागतों के साथ)/हेलीकॉप्टरों के प्रमुख पुनःसंयोजन का आकलन सीधी रेखा आधार पर इस स्वरूप में किया गया है कि उनकी 95% राशियों का हानि मूल्य प्रमुख परिसम्पत्ति (हेलीकॉप्टरों के प्रकार) का शेष उपयोज्यता काल वह हो जिनसे वे सम्बद्ध हैं। इस उद्देश्य से हेलीकॉप्टरों के अंतिम बैच (डाफिन एन के मामले में चूंकि इसका बेड़ा आकार में सशक्त है) को विचार में लिया गया है।

पट्टे की भूमि की लागत का परिशोधन पट्टे की अवधि के अनुसार किया गया है। इसी प्रकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ संयुक्त विकास

कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित आवासीय फ्लैटों की लागत का परिशोधन उनके करार से संबंधित शर्तों के अनुसार सम्पति के धारण अधिकार की अवधि पर किया गया है।

हेलीकॉप्टरों/अतिरिक्त एयर इंजनों के संवर्धन अथवा विलोपन से संबंधित मूल्यह्रास आनुपातिक आधार पर अधिग्रहण की तिथि (हेलीकॉप्टरों के लिए भारत के क्षेत्र में उड़नयोग्यता अधिकारी द्वारा उड़नयोग्यता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि) से/तक दिनों की संख्या के अनुसार किया जाता है। अन्य प्रत्येक सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण से संबंधित मूल्यह्रास दिनों की संख्या के अनुसार आनुपातिक आधार पर किया जाता है। परिसम्पत्ति का क्रय किए जाने वाले माह के अगले माह के पहले दिन को ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों के संवर्धन की प्रभावी तिथि माना जाता है। इसी प्रकार विलोपन के मामले में पूर्व माह के अंतिम दिन को ऐसी परिसम्पत्ति से संबंधित मूल्यह्रास के लिए विचार में लिया जाता है। सक्रिय उपयोग के पश्चात सामग्रीगत मूल्य वाली हटाई गई तथा निपटान के लिए धारित परिसम्पत्तियों की प्रस्तुति उनके न्यूनतम सकल बही मूल्य अथवा सकल प्राप्य मूल्य (जहां भी उपलब्ध हो) के अनुसार की जाती है तथा लेखे में अलग से उनका प्रकटन किया जाता है। ऐसी परिसम्पत्तियों (वित्तीय वर्ष 1995–96 से वैस्टलैंड हेलीकॉप्टरों तथा संबंधित मदों सहित) के लिए मूल्यह्रास प्रदान नहीं किया जाता है। परिसम्पत्तियों को हटाए जाने अथवा निपटान किए जाने से उत्पन्न लाभ अथवा हानियां लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित की जाती हैं।

पूंजीगत कार्य प्रगति पर

रिपोर्टिंग तिथि को उस सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण का प्रकटन पूंजीगत कार्य प्रगति पर होने के रूप में किया जाता है जो प्रयोग के लिए तैयार नहीं हैं।

(vii) अमूर्त परिसम्पत्तिां

स्वीकृति एवं मापन

अधिगृहित अमूर्त परिसम्पत्तियों का मापन अलग से उनकी प्रारंभिक स्वीकृत लागत तथा उसकी अनुवर्ती वहन लागत में से संचित परिशोधन एवं संचित क्षति हानि घटाकर, यदि कोई हो, किया जाता है।

किसी अमूर्त परिसम्पत्ति की स्वीकृति की समाप्ति उसके निपटान अथवा उसके उपयोग अथवा निपटान से किसी प्रकार के भावी आर्थिक लाभ संभावित न होने की स्थिति में की जाती है। स्वीकृति समाप्ति से उत्पन्न लाभ अथवा हानियों का निर्धारण उनसे हुए मुनाफे की तुलना वहन राशि से करके उन्हें लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया जाता है।

अनुवर्ती लागतें

किसी विशिष्ट परिसम्पत्ति की सन्निहित लागत में सम्बद्ध भावी आर्थिक लाभ बढ़ने पर अनुवर्ती लागतों का पूंजीयन किया जाता है। अन्य अमूर्त परिसम्पतियों के अन्य सभी व्ययों की स्वीकृति किए गए व्यय के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है।

इंड एएस में पारगमन

इंड ए एस में पारगमन के लिए कम्पनी ने पूर्व सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन मानकों के अनुसार 1 अप्रैल, 2016 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत सभी अमूर्त परिसम्पत्तियों के वहन मूल्य को जारी रखने तथा ऐसे वहन मूल्य का उपयोग अमूर्त परिसम्पत्ति की मान्य लागत के रूप में करने का चयन किया गया है।

परिशोधन

कम्पनी द्वारा अमूर्त परिसम्पत्तियों का परिशोधन अमूर्त परिसम्पत्तियों के उपयोज्य काल पर सीधी रेखा विधि के उपयोग से परिमत उपयोज्य काल के साथ किया जाता है। अमूर्त परिसम्पत्तियों के परिशोधन व्यय की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। प्रबंधन द्वारा अनुमानित उपयोज्य जीवन की वार्षिक समीक्षा की जाती है तथा उनका समायोजन पूर्व प्रभाव से किया जाता है।

क्रय किए गए/आंतरिक रूप से विकसित किए गए 5 लाख रुपए प्रत्येक से अधिक मूल्य के साफ्टवेयर की लागत का परिशोधन सीधी रेखा आधार पर साफ्टवेयर की सफल कमीशनिंग की तिथि से, प्रत्येक वर्ष के अंत में उनकी समीक्षा किए जाने की शर्त के साथ, 60 माह की अवधि में किया जाता है तथा राजस्व के लिए उसे क्रय के वर्ष में प्रभारित किया जाता है।

बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पत्तियां

	एक्चुरियल वैल्यूएशन के आधार पर ग्रैच्युटी, पीआरएमबीएस और सामान भत्ता पर ओसीआई को अन्य व्यापक आय के अंतर्गत दिखाया गया है।	161.51
	उप योग	**170.11**
4	इंड एएस कार्यान्वयन के कारण ब्याज लागत की गणना ब्याज की बाजार दर और कर्मचारियों से प्रभारित ब्याज दर पर की गई है।	0.03
5	इंड एएस 16 – संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कंपनी ने घटक लेखा का पालन किया है जिसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास में वृद्धि होती है।	2,918.90
	चूंकि मूल्यह्रास में वृद्धि हुई, कंपनी ने उक्षे को आनुपातिक अतिरिक्त मूल्यह्रास स्थानांतरित किया, जिससे उस हद तक मूल्यह्रास घट गया।	(863.40)
	अमूर्त परिसंपत्तियों पर वर्ष के दौरान पहचाने गए मूल्यह्रास को पूर्व अवधि त्रुटि के रूप में उत्क्रमित कर दिया गया है।	(31.42)
	वित्तीय वर्ष 2015–16 से संबंधित मूल्यह्रास को आईजीएएपी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में दर्ज किया गया है को पूर्वावधि त्रुटि के रूप में दर्ज किया गया है तदनुसार विगत वित्तीय वर्ष 2015–16 के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।	1,687.05
	उप योग	**3,711.14**
6	कंपनी ने वित्त वर्ष 2015–16 में पूर्व अवधि के व्यय की पहचान की है। इंड एएस 8 की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कंपनी ने इसे उचित रूप से वर्ष के व्यय के रूप में लिया है और कंपनी की आरंभिक आरक्षिति में समायोजन किया गया है।	192.91
	यथास्थिति 1 अप्रैल, 2015 को पूर्वावधि त्रुटि के रूप में पूर्व वित्तीय वर्षों से संबंधित प्रतिधारित आय के रूप में समायोजित किए गए व्ययों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान किया गया, तदनुसार इसे अन्य चालू देयताओं के साथ समायोजित किया गया है।	(101.31)
	वित्त वर्ष 2015–16 से संबंधित 24.02 लाख रुपये के व्यय का भुगतान किया गया है और वित्त वर्ष 2016–17 में आईजीएएपी के तहत दर्ज किए गए को पूर्व अवधि की त्रुटि के रूप में समायोजित किया गया है तदनुसार पूर्व वित्त वर्ष 2015–16 के तहत दिखाया गया है।	25.99
	उप योग	117.59
7	इंड एएस प्रावधान के कार्यान्वयन के कारण इक्विटी निवेश के मूल्य में कमी को ओसीआई के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।	20.25

8	घटक लेखांकन और इंड–एएस के कार्यान्वयन के कारण कंपनी अधिनियम के अनुसार डब्लूडीवी में परिवर्तन के कारण वित्तीय वर्ष 2015–16 से संबंधित आस्थगित कर दायित्व में परिवर्तन और कर्मचारियों के हितलाभ के प्रभाव के प्रावधान का भुगतान वित्तीय वर्ष 2016–17 में किया गया।	1,303.60
	लक्ष्यद्वीप में हानि के लिए प्रावधान का आस्थगित कर प्रभाव/आय कर और उपदान के अनुच्छेद 40 (क) 1 (क) के अंतर्गत स्वीकार्य राशि।	41.03
	उप योग	**1,344.63**
9	उपदान, पीआरएमबीएस व समान भत्ता पर एक्चूरियल मूल्यांकन के आधार पर नियत इंड एएस ओसीआई को अन्य व्यापाक आय के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।	161.51
	उपदान, पीआरएमबीएस एवं बैगेज भत्ता पर एक्चूरियल मूल्यांकन के आधार पर होने वाले इंड एएस कार्यान्वयन को अन्य	(20.25)
	उप योग	**141.26**
10	इंड एएस के कार्यान्वयन के कारण आस्थगित कर प्रभाव (पीआरएमबीएस) एवं बैगेज भत्ता को अन्य व्यापक प्रभाव के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।	-55.90
	इक्विटी निवेश के मूल्य में कम करने के लिए प्रावधान पर डिफर्ड टैक्स प्रभाव इंड एएस के कार्यान्वयन के कारण अन्य व्यापक आय के तहत दिखाया गया है	7.90
	उप योग	**-47.99**

अनुबंध – 'क'

सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षक का प्रेक्षण | **प्रबंधन का उत्तर**

सेवा में,
सदस्य, पवन हंस लिमिटेड

स्टैंडएलोन इंड ए.एस. वित्तिय विवरणों की रिपोर्ट

हमने पवन हंस लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि विवरण (अन्य विस्तृत आय सहित), रोकड़ प्रवाह विवरण एवं समाप्त वर्ष के अनुसार इक्विटी परिवर्तन विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का संक्षेप एवं अन्य स्पष्टीकरण सूचना (इसका उल्लेख एतद्वारा ''स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण'' के रूप में किया जाएगा) के साथ साथ भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा पश्चिम क्षेत्र की लेखा परीक्षित रिपोर्ट शामिल की गई है।

स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों के प्रति प्रबंधन के दायित्व

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के खंड 134(5) में इन स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों को तैयार किए जाने के संबंध में किए गए उल्लेखानुसार जारी संबधित नियमावली के साथ पठित अधिनियम के खंड 133 के अनुसरण में भारतीय लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा मानकों के अनुसरण में अन्य विस्तृत आय, रोकड़ प्रवाह तथा इक्विटी परिवर्तन सहित कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन की ऐसी सत्य एवं स्पष्ट छवि के वित्तीय विवरण प्रस्तुत किए जाने के प्रति कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है।

इस उत्तरदायित्व में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा जालसाजी व अन्य अनियमिततओं के निवारण तथा उनका पता लगाने, उपयुक्त लेखांकन नीतियो के चयन तथा अनुप्रयोग, युक्तिसंगत निर्णय लेने तथा ऐसे मितव्ययी अनुमान लगाने जो उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणो के अभिकल्प, क्रियान्वयन और अनुरक्षण के लिए औचित्यपरक हों तथा जिनका प्रभावी रूप से प्रचालन लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता एवं पूर्णता के सुनिश्चय के लिए किया गया हो तथा जो स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय रिपोर्ट को तैयार करने और प्रस्तुतीकरण के लिए संगत हैं तथा जो सत्य एवं स्पष्ट छवि प्रस्तुत करते हों तथा किसी भी

प्रकार की सामग्रीगत जालसाजी अथवा दुर्विवरण, से मुक्त हों, के उचित लेखांकन रिकार्ड के अनुरक्षण का दायित्व भी शामिल है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व, हमारे द्वारा किए गए लेखापरीक्षा के आधार पर इन स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों के संबंध में अपनी राय व्यक्त करना है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अंतर्गत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में समावेश किए जाने के लिए अपेक्षित लेखांकन एवं लेखापरीक्षा मानकों की ओर ध्यान दिया है।

हमारे द्वारा किया गया स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा कार्य अधिनियम के खंड 143(10) में विर्निदिष्ट लेखा परीक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए किया गया है। इन मानकों के अंतर्गत नीतिपरक अपेक्षाओं के उपयोग से लेखापरीक्षा की योजना एवं निष्पादन का कार्य करते हुए हमें यह औचित्यपरक सुनिश्चय करना होता है कि क्या स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरण वस्तुपरक मिथ्या कथन से मुक्त हैं अथवा नहीं।

लेखापरीक्षा कार्य के लिए प्रक्रियाबद्ध निष्पादन के माध्यम से राशियों एवं स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों में किए गए प्रकटन के संबंध में लेखापरीक्षा प्रमाण एकत्र करना अपेक्षित होता है। स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों में वस्तुपरक मिथ्याकथन, जालसाजी अथवा चूक के कारणों के जोखिमों के मूल्यांकन सहित प्रक्रियाओं का चयन लेखा परीक्षकों के विवेकानुसार किया जाता है। ऐसे जोखिमों का मूल्यांकन करते हुए लेखा परीक्षकों द्वारा स्थितियों के अनुरूप लेखा परीक्षा की उचित प्रक्रिया तैयार करने के उद्देश्य से स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों के निर्माण एवं सत्य प्रस्तुति के लिए कंपनी के संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार किया जाता है। लेखा परीक्षा कार्य में प्रयुक्त लेखा नीतियों की उपयुक्तता तथा कंपनी के निदेशकों द्वारा किए गए लेखा अनुमानों की औचित्यता के मूल्यांकन सहित स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुतियों का मूल्यांकन भी इसमें सम्मिलित होता है।

हमारी धारणा है कि स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों के संबंध में, हमें प्राप्त लेखा परीक्षा प्रमाण हमारे मान्य सुझावों की प्रस्तुति के आधार के लिए उचित एवं पर्याप्त हैं।

योग्य मत का आधार

1. *कम्पनी द्वारा नियुक्त ठेकेदारों तथा आकस्मिक कर्मचारियों से कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान की प्राप्ति न किया जाना तथा जमा न करवाया जाना। स्टैंडएलोन इंड ए एस पर इसके कारण हुए प्रभावों का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।*

कम्पनी द्वारा चूंकि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं हित लाभों से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं अतः कम्पनी को कर्मचारी राज्य बीमा नियम अधिनियम, 1948 की उपयोज्यता से छूट मिलती रही है। 11 सितम्बर, 2017 को अंतिम छूट प्रदान करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पवन हंस के नियमित कर्मचारियों द्वारा 21000/– से अधिक राशि की मासिक मजदूरी प्राप्त करने का उल्लेख करते हुए ईएसआई (केन्द्रीय) के नियम 50 के साथ पठनीय कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के खंड 2(9)(ख) के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के सभी कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के दायरे में से पहले से ही बाहर माना गया है। नियत काल आधार पर नियुक्त किए गए संविदारत कर्मचारियों को भी फ्लोटर सुविधा के साथ कर्मचारी एवं उसके जीवन साथी को मिलाकर एक लाख रुपए की राशि की मेडीक्लेम सुविधा दी गई है तथा ओ.पी.डी. उपचार के लिए चिकित्सा भत्ते के तौर पर उनकी समेकित मूल आय के अनुसार मासिक चिकित्सा भत्ता भी दिया जाता है। प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961 के अंतर्गत प्रसूति लाभ भी प्रदान किए जाते हैं। अधिकांश संविदारत कर्मचारी पॉयलट, विमान अनुरक्षण इंजीनियर, उड़ान इंजीनियर, उड़ान अटैंडेंट, तकनीशियन इत्यादि होते हैं जो 21000/– रुपए से अधिक राशि का वेतन प्राप्त करते हैं तथा वे कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के दायरे से बाहर होते हैं जिसके लिए अलग से औपचारिक छूट प्राप्त कर ली जाएगी। इसके अलावा, ऐसे कर्मचारियों, जिनकी सेवाएं ठेकेदार के माध्यम से प्राप्त की जा रही हैं, के संबंध में ठेकेदार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत बीमा करवाए जाने का सुनिश्चय पवन हंस लिमिटेड द्वारा प्रधान नियोक्ता होने के कारण किया जाता है। पवन हंस द्वारा आकस्मिक कर्मचारी दैनिक मजदूरी आधार पर नियुक्त नहीं किए गए हैं।

2. *महाराष्ट्र राज्य के अलावा कम्पनी द्वारा व्यावसायिक कर, यथा लागू, की न तो कटौती की गई है तथा न ही जमा करवाया गया है। स्टैंडएलोन इंड ए एस पर इससे होने वाले प्रभावों का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।*

जिन राज्यों में व्यावसायिक कर लागू है उनके संबंध में व्यावसायिक कर की कटौती तथा जमा करवाने के लिए कम्पनी द्वारा राज्य वार पंजीकरण किया जा रहा है।

3. *नोट संख्या 32 XXII (क) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, नागर विमानन मंत्रालय के निदेशानुसार कम्पनी द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय 4803.23 लाख रुपए के अनुमानित पट्टा किराए के बकाया का लेखांकन किया गया है। हमारा ध्यान इस ओर गया है कि आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत 480.32 लाख रुपए की स्रोत पर कर कटौती कम्पनी द्वारा न तो की गई है तथा न ही जमा करवाई गई है। इससे कम्पनी स्टैंडएलोन इंड ए एस के वित्तीय विवरण केवल स्रोत पर कर कटौती में देरी पर लगने वाले ब्याज के अलावा प्रभावित नहीं होंगे।*

नोट संख्या 32(XXII) के संदर्भ में यह उल्लेख किया गया है कि नागर विमानन मंत्रालय से प्राप्त दिनांक 1.8.2017 के पत्र संख्या एवी–30020/7/2015–जी में उल्लिखित निर्णय के परिणामस्वरूप पवन हंस द्वारा 1.8.2014 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को पट्टा किराए का भुगतान केन्द्रीय सरकार के विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रभारों के अनुसार (वाणिज्यिक दरों का 50%) ही किया जाना है। तदनुसार, कम्पनी द्वारा लेखा बहियों में 4803.23 लाख रुपए की राशि के प्रावधान पट्टा किराया भुगतान के लिए किए गए हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि उपर्युक्तानुसार किए गए प्रावधान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ की गई आंतरिक क्रिया पर आधारित हैं तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अभी इसके लिए बिल प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। तथापि, प्रावधान की गई उपर्युक्त राशि पर आय कर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत जनवरी 2018 तक रु. 480.32 लाख (दिसंबर 2017 में रु. 419.22 लाख एवं जनवरी, 2018 में 61.10 लाख) स्रोत पर कर कटौती वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान की जाएगी तथा जमा करवा दी जाएगी।

4. *नोट संख्या 32 ट(सी) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार कम्पनी द्वारा वर्ष 1991–92 में अपने कर्मचारियों के लिए लोखंडवाला कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुम्बई से 42 आवासीय फ्लैटों की खरीद की गई थी। कम्पनी द्वारा 29 फ्लैट वित्तीय वर्ष 2008–09 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को किराए पर दिए गए हैं जो 31.3.2018 तक जारी रहेगें। इंड ए एस 40 – भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी निवेश सम्पति, किराया आय अथवा पूंजीगत लाभ अथवा दोनों के उद्देश्य से धारित सम्पति का वर्गीकरण निवेश सम्पति पर किया जाना है तथा ऐसी सम्पति के उचित मूल्य का उल्लेख नोट में किया जाना है जो कि कम्पनी द्वारा नहीं किया गया है।*

इन फ्लैटों को सरकारी सेक्टर की यूनिट मानकर इसे निवेश सम्पति न माने जाने के संबंध में पश्चिमी क्षेत्र शाखा के लेखा परीक्षक के साथ परामर्श करके संतोषजनक निर्णय लिया जा रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि इंड ए एस की अपेक्षाओं का कार्यान्वयन एवं अनुपालन भारत में पहली बार किया जा रहा है तथा अभी यह विकास की स्थिति में है तथा लेखांकन व्यवहारों में इसकी एकरूपता में समय लगेगा तथा इसके संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निश्चित दिशानिर्देश भी जारी किए जाएंगे।

प्रस्तुत प्रेक्षण के अनुसार कम्पनी इन परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए निवेश सम्पति के रूप में करेगी तथा तदनुसार इंड ए एस अपेक्षाओं के अनुसरण में प्रकटन भी किया जाएगा।

5. कम्पनी द्वारा मार्च 2016 में मैसर्स किल्मोव जेएससी, रूस को 3 एमआई 172 इंजनों की मरम्मत के लिए $265, की राशि का अग्रिम दिया था जिसके संबंध में ई–मेल के माध्यम से केवल $93,720 की राशि की प्राप्ति की पुष्टि ही प्राप्त हुई है। पार्टी को दिए गए अग्रिम के संबंध में वर्ष के अंत में वितरित शेष की पुष्टि नहीं की गई है। स्टैंडएलोन इंड ए एस विवरणों में प्रमाणात्मक आकलन किया जाना संभव नहीं है।

करार के अनुसार (करार खंड 5.2.1) तीन इंजनों के लिए क्रमशः दिनांक 21.3.2016 तथा 28.3.2016 को 30% अग्रिम जारी किया गया था। इसके अलावा खंड 5.2.2 के अनुसार "(भुगतान की अंतिम राशि का निर्धारण करार की मद 4.2 के अंतर्गत कार्य के पूर्ण मूल्य पर मद 3.1 तथा 3.2 को विचार में लेकर 5.2.1 की मद के अंतर्गत प्राप्त अग्रिम के अनुसार किया जाना है। ग्राहक द्वारा अंतिम भुगतान अप्रतिसंहरणीय साख पत्र दस्तावेज में से किया जाता है)" तथा करार के खंड 5.2.8 के अनुसार "(मद संख्या

8.2 (अर्थात रशियन फेडरेशन के क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय एयर वे तैयार की जाने की तिथि से) ग्राहक को इंजन की डिलीवरी किए जाने की तिथि से 30 (तीस) दिन के भीतर मद संख्या 5.2.2 के अनुसार साख पत्र में से अंतिम भुगतान किया जाना है) "मैसर्स यूईसी किल्मोव द्वारा एडब्ल्यूआर लागत के साथ शेष 70% भुगतान के लिए साख पत्र तैयार करने का अनुरोध किया गया है।

तदनुसार, शेष 70% लागत का मसौदा साख पत्र एवं एडब्ल्यूआर की लागत का प्रेषण मैसर्स यूईसी किल्मोव को 24.11.2017 किया गया है तथा मैसर्स यूईसी किल्मोव द्वारा साख पत्र की स्वीकृति की गई है। करार के प्रावधानों के अनुसार पवन हंस लिमिटेड को इंजनों का प्रेषण किए जाने के पश्चात सीमा शुल्क औपचारिकताएं प्रारम्भ की जाएंगी।

2) जबकि मैसर्स यूईसी किल्मोव से अग्रिम भुगतान की पावती लम्बित होने पर उन्होंने 70% भुगतान के लिए साख पत्र तैयार करने का विकल्प दिया है जिसे 30% अग्रिम भुगतान की प्राप्ति की स्वीकृति माना जा सकता है तथा शेष एडब्ल्यूआर लागत के साथ एयरवे बिल की शर्त पर शेष 70% भुगतान होने पर पवन हंस लिमिटेड को किसी प्रकार की हानि के बिना यह भुगतान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। साख पत्र के नकदीकरण की सुविधा इंजनों के प्रेषण तथा पवन हंस लिमिटेड के सुविधा केन्द्र में प्राप्ति होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर प्रदान की जाती है।

3) इंजनों के प्राप्त होने के पश्चात मैसर्स यूईसी किल्मोव द्वारा करार के खंड 5.3 के अनुसार निष्पादित कार्य की प्रक्रिया की जाएगी जिस पर दोनों पार्टियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और फिर इसे मैसर्स यूईसी किल्मोव के साथ तीन इंजनों की मरम्मत एवं ओवरहॉल से संबंधित करार के निष्पादन के तौर पर वित्त विभाग को प्रस्तुत किया जाएगा जिससे समय समय पर किए गए संव्यवहार के अनुसार करार का समापन हो जाएगा। मेल के माध्यम से प्रेषित पूर्व उत्तरों के तकनीकी फीडबैक एवं अन्य सम्बद्धताओं को संज्ञान में लिया होगा ताकि इन्हें की जा रही प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में उठाया जा सके। तथापि, ओवरहॉल किए इंजनों की डिलीवरी की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चल रही है।

मैसर्स यूईसी किल्मोव द्वारा पुनःसमाधान कर लिया गया है तथा करार के खंड 5.2.2 के अनुसार अंतिम भुगतान के लिए साख पत्र तैयार करने का विकल्प दिया गया है। दिनांक 1.12.2017 को साख पत्र तैयार कर लिया गया था।

6. *पश्चिमी क्षेत्र में लेखांकन नीति 2 ख (vi) के उल्लंघन में कम्पनी द्वारा डॉफिन एन एवं एन3 हेलीकॉप्टरों के इंजन तथा एमजीबी का मूल्यह्रास संबंधित घटकों, जबकि इंजन तथा एमजीबी विभिन्न उप माड्यूल्स से युक्त होते हैं, के अनुसार वास्तविक उड़ान घंटों के स्थान पर बेड़े के औसत उड़ान घंटों पर किया गया है तथा इसे अलग से किया जाए तो इसे प्रबंधन द्वारा हेलीकॉप्टरों के लिए निर्धारित कुल मूल्य के 8ः की सीमा पूरी नहीं हो पाती है। चूंकि उप माड्यूल्स/घटक अत्यधिक अस्थिर एवं अंतर्निमेय होते हैं अतः दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार इंजनों तथा एमजीबी का वास्तविक उड़ान घंटों के अनुसार मूल्यह्रास किया जाना तर्कसाध्य नहीं है। इस प्रकार स्टैंडएलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे हुए प्रभाव का प्रमाण नहीं किया जा सकता है।*

इंजन तथा एमजीबी हेलीकॉप्टरों के प्रमुख घटक होते हैं तथा ये घटक लेखांकन के अतर्गत आते हैं।

तदनुसार, इन दोनों का समावेश पवन हंस लिमिटेड में उक्त लेखांकन के लिए किया गया है तथा पश्चिम क्षेत्र में एन/एन3 के अलावा अन्य सभी इंजनों/एमजीबी को निर्धारित उपयोग सीमा के साथ एक यूनिट माना गया है।

एन/एन3 (एरियल 1सी/2सी इंजन तथा एमजीबी) के मामले में यह ध्यान दिया जाना आवश्यक है कि ये चौथी/पांचवी जनरेशन प्रौद्योगिकी के साथ इस माड्यूलर अवधारणा से युक्त हैं जिसमें घटक का निर्माण विविध उप घटकों में किया गया जिससे किसी प्रकार का दोष पाए जाने पर खराब माड्यूल को बदलकर डाउन टाइम में कमी लाई जा सकती है जबकि एमआई–172/बेल 407/206 के मामले में पूरे इंजन/एमजीबी को उतारना पड़ता है। आधुनिक विकास के साथ यह अवधारणा पूर्ण उपयोज्यता काल वाले माड्यूल्स को आवृति रुप से बदलकर सेवायोग्य इंजनों की प्रत्येक समय उपलब्धि का सुनिश्चय करने के लिए की गई है।

इस प्रकार, माड्यूलर अवधारणा युक्त इंजन तथा मेन गियर बॉक्स विविध उप–घटकों (प्रत्येक की अपनी उपयोज्यता अवधि) का सम्मिश्रण बन गया है। उप–घटकों का परस्पर परिवर्तन अत्यधिक परिवर्तनशील होता है तथा हेलीकॉप्टरों में लगे विविध इंजनों के लिए इनका अंतरण एवं संचलन किया जाता है और ऐसा ही मेन गियर बॉक्स के मामले में भी होता है।

इसके अलावा, प्रत्येक वर्ष माड्यूल्स में अनेकों संवर्धन/मरम्मतें की जाती हैं जिनके लॉग कार्ड इन्हें स्वतंत्र घटक की स्वीकृति हेतु स्वतंत्र लेखांकन के लिए उपलब्ध हैं। तथापि, किसी एक माड्यूल से हेलीकॉप्टरों के कुल मूल्य के 8% की अपेक्षित सीमा पूरी नहीं हो पाती है अतः इस कारण से इसे अस्वीकरण के योग्य माना जाना तो बिल्कुल भी उचित नहीं होगा। इसके अलावा इनके आवृति होने के कारण एमजीबी/इंजन एवं हेलीकॉप्टरों के बीच इनकी निरंतर परस्पर परिवर्तनशीलता से माड्यलर अनुरक्षण की धारणा का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता है एवं इससे नई जनरेशन की अवधारणा के संदर्भ में इंजन की प्रीमियर लागत निश्प्रभावित होती है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए पश्चिम क्षेत्र के संदर्भ में, जहां डॉफिन एन एवं एन3 तैनात किए गए हैं, औसत की विधि का उपयोग अपरिहार्य है।

7. *भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी इंड ए एस 16– सम्पति संयंत्र तथा उपकरण के पैरा 17 में की गई अपेक्षाओं के अनुसार डॉफिन एन एवं एन3 के ओवरहॉल एवं जांच पर कर्मचारी लागत को विचार में नहीं लिया गया है। स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर इससे हुए प्रभाव का प्रमाणन संभव नहीं है।*

घटक लेखांकन की प्रक्रिया पहली बार चालू वर्ष से उपयोग में लाई गई है। ओवरहॉल से संबंधित सभी सामग्रीगत लागतों को आकलन में शामिल किया गया था। डॉफिन एन एवं एन3 बेड़े के प्रमुख ओवरहॉल एवं जांच पर कर्मचारी लागत के लिए गहन कार्य/आकलन किए जाने अपेक्षित हैं तथा इन्हें वित्तीय वर्ष 2017–18 से आगे के लिए शामिल किया जाएगा।

8. *कम्पनी द्वारा घटक लेखांकन के लिए मूल्यह्रास का आकलन करते समय अपने सभी घटकों के लिए 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार 'शून्य' उड़ान घंटे विचार में लिए गए थे। तथापि, ऐसे घटक 31 मार्च, 2015 से पूर्व अपनी संबंधित पूंजीयन की तिथि से उपयोग में लाए जा रहे हैं। हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति को प्रत्येक घटक के वास्तविक उड़ान घंटों का संज्ञान नहीं किया जा सकता है अतः इनके कारण स्टैंडएलोन इंड ए एस विवरणों पर हुए प्रभाव का प्रमाणन नहीं हो सकता है।*

इंजन तथा एमजीबी हेलीकॉप्टरों के प्रमुख घटक होते हैं तथा ये घटक लेखांकन के अतर्गत आते हैं।

तदनुसार, इन दोनों का समावेश पवन हंस लिमिटेड में उक्त लेखांकन के लिए किया गया है तथा पश्चिम क्षेत्र में एन/एन3 के अलावा अन्य सभी इंजनों/एमजीबी को निर्धारित उपयोग सीमा के साथ एक यूनिट माना गया है।

एन/एन3 (एरियल 1सी/2सी इंजन तथा एमजीबी) के मामले में यह ध्यान दिया जाना आवश्यक है कि ये चौथी/पांचवी जनरेशन प्रौद्योगिकी के साथ इस माड्यूलर अवधारणा से युक्त हैं जिसमें घटक का निर्माण विविध उप घटकों में किया गया जिससे किसी प्रकार का दोष पाए जाने पर खराब माड्यूल को बदलकर डाउन टाइम में कमी लाई जा सकती है जबकि एमआई–172/बेल 407/206 के मामले में पूरे इंजन/एमजीबी को उतारना पड़ता है। आधुनिक विकास के साथ यह अवधारणा पूर्ण उपयोज्यता काल वाले माड्यूल्स को आवृति रूप से बदलकर सेवायोग्य इंजनों की प्रत्येक समय उपलब्धि का सुनिश्चय करने के लिए की गई है।

डॉफिन दोहरे इंजन वाला विमान है तथा एक इंजन 5 माड्यूलों (प्रत्येक का अपना प्रयोज्यता काल) से युक्त होता है तथा इस प्रकार 10 माड्यूल होते हैं। इंजनों एवं इनके माड्यूलों की विभिन्न विमानों के लिए डायनामिक परिवर्तनशीलता तथा प्रत्येक परिवर्तन के समय प्रत्येक माड्यूल को प्राप्त वाली नए माड्यूल की लागत के साथ तुलनीय नई उपयोज्यता अवधि के कारण इनके औसत उपयोज्यता काल का निर्धारण एक प्रक्रिया के तौर पर अंगीकार करना संभव नहीं है। ऐसा ही मेन गियर बॉक्स के मामले में है।

इस प्रकार जटिलताओं और आधारभूत स्थिति को ध्यान में रखते हुए 1.4.2015 की स्थिति के अनुसार इंड ए एस में पारगमन के उद्देश्य से इंजनों तथा मेन गियर बॉक्स के संदर्भ में घंटो के मूल्यांकन के लिए एक बार उपयोग के उद्देश्य से विचार में लिया गया है।

इसके अलावा, 1.4.2015 की स्थिति के अनुसार 'शून्य उड़ान घंटे' केवल 3000/3500 ओवरहॉल उपयोज्यता कालक्रम में से किसी एक ओवरहॉल उपयोज्यता क्रम में से है जो किसी घटक की उपयोज्यता अवधि (असीमित) की शर्त के साथ हैं। किसी इंजन माड्यूल अथवा एमजीबी का 10 अथवा अधिक बार ओवरहॉल हो सकता है। तथापि, प्रस्तुत मामले में, एक बार उपाय के तौर पर एक ओवरहॉल की अवधि 'शून्य' के तौर पर ली गई है।

9. *"भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996" के प्रावधानों के अंतर्गत प्रधान नियोक्ता के रूप में कम्पनी द्वारा ठेकेदारों के, ब्याज एवं जुर्माने के अलावा, यदि कोई हों, के लगभग 72.94 लाख रुपए की राशि के बिलों में 1% श्रम उपकर काटने की अपेक्षा की गई है। कम्पनी द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट, नई दिल्ली के निर्माण, जिसका अस्थाई पूंजीयन विचाराधानी वर्ष के दौरान किया गया है, एवं हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण अकादमी, हदप्सर, पुणे, जिसका कार्य 2012 में पूरा किया जा चुका है, के लिए न तो श्रम उपकर की कटौती की गई है तथा न ही इसे संबधित राज्य सरकारों को जमा करवाया गया है। ऐसा किए जाने से उपर्युक्त राशि के लिए 'अन्य चालू दायित्वों' में घटत तथा 'अन्य वित्तिय दायित्वों' में वृद्धि हुई है।*

क) रोहिणी हेलीपोर्ट परियोजना : निर्माण एजेंसी को पिछले डेढ़ वर्ष से कोई भुगतान जारी नहीं किया गया है। निर्माण एजेंसी को अगला भुगतान जारी करते समय श्रम उपकर के रूप में देय पूर्ण काल की राशि वसूल करके राज्य सरकार को जमा करवा दी जाएगी।

ख) हदप्सर, पुणे : पवन हंस द्वारा निर्माण कार्य का निष्पादन केन्द्रीय सरकार के उपक्रम एनबीसीसीएल से करवाया गया है। श्रम उपकर की कटौती करने तथा उसे संबंधित राज्य सरकार को जमा करवाने का दायित्व एनबीसीसी का है। हम इसके संबंध में एनबीसीसी से पुष्टि प्राप्त कर रहे हैं।

10. *योग्य मत के आधार के पैरा की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसके खंड 1 से 9 में स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों अथवा जहां ज्ञात न हो वहां राशियों पर कोई प्रभाव न पड़ने का उल्लेख किया गया है। खंड संख्या 10 से 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए 'अन्य चालू दायित्वों' में 72.94 लाख रुपए की वृद्धि तथा 'अन्य वित्तीय दायित्वों' में 72.94 लाख रुपए की घटत परिणत होगी।*

इसके संबंध ऊपर विस्तृत सूचना दी गई है।

योग्य मत

हमारे मतानुसार और हमारे पास उपलब्ध सूचना एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, ऊपर योग्य मत के आधार के पैरा में वर्णित मामले के प्रभाव के अतिरिक्त, जिनमें कुछ मामलों में लेखा परीक्षा की स्वीकृति का प्रमाणन नहीं किया जा सका है, उपर्युक्त स्टैंडएलोन इंड ए एस

इसके संबंध ऊपर विस्तृत सूचना दी गई है।

वित्तीय विवरण अधिनियम के अंतर्गत 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, कंपनी के क्रियाकलापों तथा इसकी वित्तीय स्थिति तथा इस तिथि को अन्य विस्तृत आय एवं रोकड़ प्रवाह इक्विटी परिवर्तन से संबंधित अपेक्षित सूचना की प्रस्तुति इंड ए एस सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य एवं स्वच्छ छवि प्रस्तुत करते हैं।

मामलों का महत्व

हम निम्नलिखित की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं:

1. नोट संख्या 32 XX की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा इक्विटी की जांच किए जाने तथा प्रबंधन को लक्षद्वीप बेस में 129.20 लाख रुपए की राशि की वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रबंधन द्वारा 40.09 लाख रुपए के समर्थित/बीजक/बिल/कर्मचारियों को देय क्रेडिट के संबंध में स्वीकृति दिए जाने एवं 89.12 लाख रुपए की शेष राशि हानि माने जाने तथा इसके प्रावधान वित्तीय वर्ष 2014–15 में किए जाने की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का उल्लेख है। इसके अलावा, जांच कार्रवाई जारी होने का उल्लेख किया गया है। वित्तीय वर्ष 2013–14 की लेखा बहियों में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है तथा इसके संबंध में लेखांकन नोट संख्या 32(XX) में स्पष्टीकरण दिया गया है।

2. लेखांकन नीति के नोट संख्या 2ख (x)(ख) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जो उन गैर वित्तीय परिसम्पत्तियों की क्षति की वसूली योग्यता का मूल्यांकन तब किए जाने से संबंधित है जब उनकी वहन राशियों की वसूली न हो सकने के कोई लक्षण स्पष्ट हों। हमारा ध्यान पिछले कुछ वर्षों से एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड (एओजी) के दिनों की संख्या में हो रही बढ़त तथा राजस्व उड़ान घंटों एवं हेलीकॉप्टरों के उपयोग में हो रही घटत की ओर गया है जिसके कारण आंतरिक हो सकते हैं तथा जिनके संबंध में कम्पनी को भारत के सनदी लेखाकार द्वारा परिसम्पत्तियों की क्षति के संबंध में जारी इंड एएस 36 की अपेक्षाओं के अनुसार हेलीकॉप्टरों की क्षति के निर्धारण पर विचार करना है। नागर विमानन महानिदेशालय से वार्षिक आधार पर प्रत्येक हेलीकॉप्टर के लिए उड़नयोग्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। तदनुसार जब तक किसी हेलीकॉप्टर के संबंध में उड़नयोग्यता का प्रमाण पत्र होता है तो उसका अर्थ यह है कि वह हेलीकॉप्टर कम्पनी के लिए राजस्व उत्पति के योग्य है। यह हेलीकॉप्टर (परिसम्पत्ति) प्रचालन की एक विशिष्ट प्रकृति है। इस प्रकार किसी हेलीकॉप्टर परिसम्पत्ति के लक्षणों के संबंध में किसी हेलीकॉप्टर विशेष का यह मूल्यांकन किया जाना संभव नहीं हो पाता कि उसमें किसी प्रकार की हानि हुई है अथवा नहीं, बाह्य (प्रौद्योगिकीय, बाजार, आर्थिक अथवा विधिक परिस्थितियां, बाजार ब्याज दर इत्यादि) तथा आंतरिक कारक (किसी परिसम्पत्ति का अप्रचलन अथवा भौतिक क्षति, ऐसी परिसम्पत्ति का खराब आर्थिक निष्पादन इत्यादि) के लिए इंड–ए एस 36 में किए गए उल्लेखानुसार परीक्षण किया गया है तथा ऐसी किसी परिसम्पत्ति की क्षति नहीं पाई गई है। इसके अलावा

हेलीकॉप्टर वार/ग्राहक वार लाभदेयता का निश्चय करने की प्रक्रिया की गई है तथा ऐसी प्रक्रिया नियमित आधार पर की जाती है। अतः क्षति के प्रावधान का प्रश्न नहीं उठता है। पवन हंस लिमिटेड द्वारा ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया गया है कि हेलीकॉप्टरों की क्षति के मूल्यांकन के लिए इंड ए एस 36 की अपेक्षाओं का पालन किया जाना आवश्यक नहीं है।

तदनुसार इंड एएस–36 का अनुपालन न करने का कोई मामला नहीं है। अतः क्षतियों के प्रावधान का प्रश्न नहीं उठता है।

3. नोट संख्या 32 XXIX की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार बेल हेलीकॉप्टर टैक्सट्रोन इनकारपोरेशन, सं.रा. अमेरिका से तीन बेल 412ईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए दिए गए अग्रिम के उद्देश्य से 3,398.40 लाख रुपए के पूंजी अग्रिम प्राप्त किए गए हैं तथा जिनमें से 2 हेलीकॉप्टर फरवरी, 2017 से जुहू एयरोड्राम, मुम्बई के एयरवर्क्स हैंगर में बिना असेम्बलिंग किए/बिना प्रयोग किए पड़े हुए हैं क्योंकि कम्पनी द्वारा इनकी स्वीकृति तकनीकी आधार पर नहीं की गई है। आपूर्तिकर्ता द्वारा कम्पनी को विवाचन का नोटिस दिया गया है तथा विवाचक की नियुक्ति के लिए कहा गया है जो अभी नहीं किया गया है। यह मामला चूंकि न्यायाधीन है अतः अग्रिम के तौर पर आपूर्तिकर्ता को पूंजी कार्य एवं उपर्युक्त हेलीकॉप्टरों के प्रगति कार्य के संबंध में दिए 390.10 लाख रुपए के व्यय की वापस प्राप्ति के संबंध में हम किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

इस विषय से संबंधित पूर्ण अद्यतन स्थिति नोट संख्या 32XXIX में दी गई है।

4. नोट संख्या 2 ख (vi) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है कम्पनी द्वारा प्रयोग में लाए जा रहे हेलीकॉप्टरों के उपयोज्य काल का मूल्यांकन करने के लिए एक आंतरिक तकनीकी समिति का गठन करने के संबंध में स्पष्टीकरण दिया गया है। तकनीकी समिति की रिपोर्ट मुख्यतः हेलीकॉप्टरों के निर्माताओं द्वारा प्रकोषित साहित्य पर आधारित है तथा इसमें डॉफिन/बेल/एक्यूरिल बेड़े के लिए 35 वर्ष तथा एमआई बेड़े के लिए 30 वर्ष के सामान्य उपयोज्यता काल का सुझाव दिया गया है। कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची-II में हेलीकॉप्टरों का

बेल तथा एयरबस हेलीकॉप्टरों का उपयोज्यता काल अनिश्चित अवधि का है। एयरबस हेलीकॉप्टर्स द्वारा 30 से 35 वर्ष तक उत्पाद सेवा के लिए आश्वासन दिया गया है जो कि इसे 30 से 35 का उपयोज्यता काल दिए जाने का आधार है।

एमआईएल द्वारा 30 वर्ष की निश्चित उपयोज्यता अवधि सूचित की गई है तथा इसका आगे संवर्धन उनके काल विस्तार कार्यक्रम पर आधारित होगा। विश्व भर में हेलीकॉप्टरों का उपयोग संबंधित देश के विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाने वाले उड़नयोग्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाता है। तदनुसार, किसी

	सामान्य उपयोज्यता काल 20 वर्ष होने का उल्लेख किया गया है। यह चूंकि एक तकनीकी मामला है अतः इसके संबंध में तकनीकी समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन पर आश्रित हैं।	हेलीकॉप्टर का उपयोज्यता काल ग्राहक विशिष्ट अपेक्षाओं पर आधारित नहीं है। ऐसा राज्य सरकार तथा गृह मंत्रालय के साथ किए गए हमारे विद्यमान करारों से भी देखा जा सकता है जिसका निर्वाह 30 वर्ष से भी अधिक पुराने हेलीकॉप्टरों के उपयोग से किया जा रहा है। यदि ग्राहक द्वारा विशिष्ट मापदंड लगाए जाते हैं तो उसके लिए उचित हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया जाता है तथा पुराने हेलीकॉप्टर का उपयोग किसी वैकल्पिक करार के लिए किया जाता है। हेलीकॉप्टर के उपयोज्यता काल के मापदंड का एकमात्र माध्यम नागर विमानन महानिदेशालय (विनियामक प्राधिकरण) द्वारा ओईएम सहायता के साथ जारी किया जाने वाला उड़नयोग्यता प्रमाण पत्र है न कि ग्राहक द्वारा वांछित अथवा हेलीकॉप्टरों के नियोजन से संबंधित मापदंड।
5.	पश्चिम क्षेत्र तथा निगमित कार्यालय के संबंध में लेखा बहियों एवं सेवा कर विवरण के अनुसार केन्द्रीय मूल्य संवर्धित कर समाधान नहीं किया गया है।	यह समाधान कर लिया जाएगा तथा चालू वित्तीय वर्ष में आवश्यक लेखांकन प्रविष्टियां दर्ज कर ली जाएगीं।
6.	नोट संख्या 32 XI की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें लेखा परीक्षण किए जा रहे वर्ष के दौरान निदेशक मंडल द्वारा पॉयलटों तथा विमान अनुरक्षण इंजीनियरों को 1.4.2016 से प्रभावी लाइसेंस संबद्ध भत्ता प्रदान किए जाने के प्रावधानों के निर्माण की सिफारिश की गई है तथा कम्पनी द्वारा 1147.39 लाख रुपए के प्रावधान किए गए हैं जो कि भारत सरकार से अंतिम अनुमोदन प्राप्त किए जाने की शर्त के साथ हैं।	यह तथ्यपरक है।
7.	नोट संख्या 32 XV की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें वर्ष के दौरान अस्थाई आधार पर रोहिणी हेलीपोर्ट का पूंजीयन किए जाने का उल्लेख किया गया है जो ठेकेदार द्वारा अंतिम बिल प्रस्तुत किए जाने के कारण है। इसके अलावा रोहिणी हेलीपार्ट के पट्टा करार, विविध घटकों का मूल्यह्रास कम्पनी अधिनियम, 2013 में उल्लिखित उपयोज्यता काल के लिए किए जाने का उल्लेख किया गया है।	यह तथ्यपरक है।
8.	कम्पनी द्वारा अपने नियमित कर्मचारियों के लिए	पवन हंस लिमिटेड विमान/एयरलाइन के कार्यों से संबद्ध

स्वैच्छिक रूप से एक अलग भविष्य निधि ट्रस्ट की स्थापना की गई है। तथापि, इसमें ठेकेदारों तथा कम्पनी द्वारा सीधे नियुक्त किए गए आकस्मिक श्रमिकों के भविष्य निधि अंशदान की कटौती शामिल नहीं है क्योंकि मामला न्यायाधीन सूचित किया गया है।

संगठन है जिसका स्वामित्व एवं नियंत्रण केन्द्र सरकार के पास है तथा यह कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 की उपयोज्यता से "अलग" है। इस प्रकार संविदारत कर्मचारियों के भविष्य निधि की कटौती नहीं की जाती है। तथापि एविएशन कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधित्व से संविदारत कर्मचारियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, मुम्बई में 2016 की रिट याचिका संख्या 3495 दायर की गई है जो न्यायाधीन है। कम्पनी द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत छूट प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का निर्माण अपने नियमित कर्मचारियों के लिए किया गया है। इसमें संविदारत कर्मचारियों को शामिल किए जाने का मामला माननीय उच्च न्यायालय मुम्बई के सम्मुख विचाराधीन है तथा अग्रेतर कार्रवाई लम्बित रिट याचिका के परिणाम प्राप्त होने पर ही की जा सकेगी।

9. यह देखा गया है कि निदेशक मंडल की दिनांक 19.3.2015 की बैठक संख्या 148 में आंतरिक लेखा परीक्षण विभाग की जनशक्ति 7 होने की संकल्पना की गई है जबकि वर्तमान में केवल 2 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। लेखा परीक्षा किए जा रहे वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा के निदेशानुसार तिमाही आंतरिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के स्थान पर प्रत्येक क्षेत्र के लिए केवल एक ही रिपोर्ट जारी की गई है। इसके अलावा, हमारा ध्यान संलग्न आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी रिपोर्ट में की गई अपेक्षा के स्थान पर अनेक आंतरिक नियंत्रण कमियों की ओर गया है। इसे ध्यान में रखते हुए कम्पनी की ओर से आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग को सशक्त किया जाना, आंतरिक लेखा परीक्षा की रिपोर्टिंग की बारम्बारता को बढ़ाना तथा प्रत्येक क्रियात्मक विभाग एवं कम्पनी द्वारा की जा रही प्रक्रियाओं के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के विस्तार को संवर्धित किया जाने की आवश्यकता है ताकि कम्पनी के प्रचालनों के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप आनुपातिक वर्णन संभव हो सके।

अपेक्षित जनशक्ति के अनुसार कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के संबंध में अनेक नोट तथा अनुस्मारक सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किए गए हैं परन्तु निकटस्थ विनिवेश के कारण इस पर सहमति नहीं दी जा सकी है।

वार्षिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रचालन काफी समय से है। तथापि, लेखा परीक्षा समिति के निदेशानुसार चालू वर्ष 2017–18 से इसे तिमाही आधार पर किए जाने के निदेशों के संबंध में कर्मचारियों के वर्तमान स्तर को ध्यान में रखकर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी निदेशानुसार यह अर्ध वार्षिक आधार पर किया जा सकेगा।

आंतरिक लेखा परीक्षा में सभी प्रमुख क्षेत्र यथा वित्त एवं लेखा, मानव संसाधन एवं प्रषासन, प्रचालन, विपणन, इंजीनियरिंग, अनुरक्षण, सूचना एवं प्रौद्योगिकी का समावेश नियमित रूप से किया जाता है।

आंतरिक लेखा परीक्षा द्वारा भविष्य निधि, कराधान एवं अन्यों के संबंध में निरंतर गैर अनुपालन सूचित किया गया है।

10. नोट संख्या 32 XXV(क), जो इंड ए एस वित्तीय विवरणों का भाग है, में कम्पनी द्वारा यह व्यक्त किया गया है कि 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की कोई भी देयताएं बकाया नहीं हैं। तथापि,

सूक्ष्म, लघु उद्यम आदेश, 2012 की सार्वजनिक अधिप्राप्ति नीति के अनुसार 1 अप्रैल, 2015 से माल एवं सेवाओं के लिए समग्र अधिप्राप्तियों का न्यूनतम 20% अनिवार्य कर दिया गया है तथा 20% के लक्ष्य में से 4% का उप लक्ष्य केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु उद्यमों से अधिप्राप्ति के लिए भी निश्चित किया गया

विचाराधीन वर्ष के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की उपयोज्यता के संबंध में आपूर्तिकर्ताओं से पुष्टि प्राप्त नहीं की गई है, इस कारण से हम उक्त कम्पनी अधिनियम के अनुपालन पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैंय	है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग उद्यम के आदेश में केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के लिए 358 मदों, जो उनके लिए अलग से आरक्षित की गई हैं, की अनिवार्य खरीद सूक्ष्म, लघु उद्यमों से करने की अनिवार्यता की गई है। वर्ष 2016–17 के दौरान पवन हंस द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से 3.30 करोड़ रुपए की राशि के माल तथा सेवाओं की अधिप्राप्ति की गई थी तथा अधिप्राप्ति का विवरण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय को भी प्रेषित किया गया था। इसके अलावा, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से 358 मदों की उपलब्ध करवाई गई सूची जो विमानन मानकों के अनुरूप नहीं है जो हमारी कम्पनी की खरीद के मुख्य भाग होते हैं तथा जिनकी आपूर्ति विभिन्न ओईएम/निर्माताओं से प्रचालनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए होती है। पवन हंस के निदेशक मंडल द्वारा विचार किए जाने एवं अनुमोदित किए जाने के पश्चात नागर विमानन मंत्रालय को इसके संबंध में छूट प्राप्त करने के लिए एक प्रस्ताव भिजवाया जा रहा है। यह भी घोषित किया जाता है कि वर्ष 2016–17 के दौरान माल एवं सेवाओं की आपूर्ति करने वाले किसी भी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को देय कोई भी मूल राशि तथा उस पर देय ब्याज बकाया नहीं है।
11. स्टैंडएलोन इंड ए एस के भाग के रूप में प्रस्तुत नोट संख्या 32 IX व्यवसाय प्राप्य, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक दायित्व, अन्य चालू दायित्व, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम तथा जमा पर शेष की पुष्टि की सूचना प्रेषण से संबंधित है। किसी भी प्रमुख पार्टी द्वारा शेष की पुष्टि नहीं की गई है तथा इससे, अंतर, यदि कोई हुए, का संज्ञान एवं समाधान नहीं किया जा सकेगा। बकाया पुष्टि एवं पुनःसमाधान उपलब्ध न होने के परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव की प्रमात्रा नहीं आंकी जा सकती है।	वर्ष के अंत में व्यवसाय प्राप्य/देय के संबंध में भेजे गए शेष पुष्टि पत्र में संबंधित प्रतिक्रिया/पुष्टि सीधे सांविधिक लेखा परीक्षक को भिजवाए जाने का उल्लेख किया गया था।
इन मामलों के संबंध में हमारा मत योग्य मत नहीं है।	
अन्य मामले	
1. 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी की वित्तीय सूचना एवं 1 अप्रैल, 2016 की पारगमन तिथि को तुलन पत्र का अथ शेष इन स्टैंडएलोन	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

इंड ए एस वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है जो 31 मार्च, 2016 तथा 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए पूर्व जारी सांविधिक वित्तीय विवरणों पर आधारित है जो कम्पनी (लेखांकन मानक) नियमावली, 2016 (यथा संशोधित) के अनुसरण में तैयार किए गए हैं तथा जिनका लेखा परीक्षण हमारे द्वारा नहीं किया गया है तथा जिनके संबंध में सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा क्रमशः दिनांक 2 नवम्बर, 2016 एवं 7 अक्तूबर, 2015 को अपरिवर्तित मत के अलावा अन्य मत व्यक्त किया गया है। इन वित्तीय विवरणों में किए गए समायोजन कम्पनी द्वारा इंड ए एस में पारगमन के अंगीकृत हमारे द्वारा लेखा परीक्षित सिद्धांतों के अनुसार हैं।

2. हमारे द्वारा कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों में सम्मिलित पश्चिम क्षेत्र के स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया गया है जिसके संबंध में वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचना में 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कुल परिसम्पत्तियां 78,438.10 लाख रुपए तथा सकल परिसम्पत्तियां 856.80 लाख रुपए की दर्शाई गई है तथा समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व वित्तीय विवरणियों में किए गए उल्लेखनुसार 27,815.42 लाख रुपए, सकल लाभ 662.82 लाख रुपए तथा सकल रोकड़ प्रवाह की राशि 426.47 लाख रुपए दर्शाई गई है। इस वित्तीय विवरण तथा अन्य वित्तीय सूचनाओं का लेखा परीक्षण अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है तथा उनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है तथा उसके अनुसार हमारा सुझाव तदनुसार स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों के लिए ऐसे वित्तीय विवरणों से संबंधित लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी पर आधारित है।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

इन मामलों के संबंध में हमारा मत योग्य मत नहीं है।

अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं की रिपोर्ट

1. अधिनियम के खंड–143 के उपखंड (II) के उपबंधों के अनुसरण में भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") में की गई अपेक्षाओं के अनुसार हम आदेश के पैराग्राफ–3 तथा 4 में निर्दिष्ट मामलों के विवरण ''अनुलग्नक–क'' में प्रस्तुत कर रहे हैं।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

2. खंड 143(3) में की गई अपेक्षा के अनुसार हम यह रिपोर्ट करते हैं कि :–

इसके संबंध में ऊपर पर्याप्त स्पष्टीकरण दिया गया है।

क. हमने वे सब सूचनाएं और स्पष्टीकरण मांगे व प्राप्त किए हैं, जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार योग्य मत के आधार के पैरा में हमारी टिप्पणियों की शर्त पर हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं;

ख. *ऊपर योग्य मत के आधार के पैरा में किए गए उल्लेख के अलावा* हमारे मतानुसार कम्पनी ने लेखा बहियों का अनुरक्षण विधि द्वारा अपेक्षित विधि के अनुरूप किया गया है अथवा ऐसा इन बहियों के संबंध में हमारे द्वारा किए गए परीक्षण से प्रतीत होता है। *तथापि, हमने यह देखा है कि कम्पनी लेखांकन पैकेज के लिए उस पुराने अंक का उपयोग कर रही है जो अब प्रचलन में नहीं है तथा कम्पनी से चालू अपेक्षाओं के अनुसार उन्नयन अपेक्षित किया गया है;*

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

ग. अधिनियम के खंड 143(8) के अंतर्गत लेखा परीक्षण की गई पश्चिम क्षेत्र के लेखों की रिपोर्ट का लेखा परीक्षण शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा करके हमें भिजवाया गया है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने के इसका उचित उपयोग किया गया है;

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

घ. इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन पत्र और अन्य विस्तृत आय सहित लाभ एवं हानि विवरण, रोकड़ प्रवाह विवरण तथा इक्विटी परिवर्तन विवरण बही खातों से मेल खाते हैं;

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

ङ योग्य मत के आधार के पैराग्राफ में उल्लिखित मामले के प्रभाव के अतिरिक्त हमारी राय में उपर्युक्त स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरण के साथ पठनीय अधिनियम के खंड 133 के अंतर्गत संबंधित नियमों के साथ पठनीय विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं;

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

च. चूंकि यह एक सरकारी कंपनी है, अतः किसी निदेशक की नियुक्ति के लिए निदेशक की अयोग्यता से संबंधित दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) के अनुसार कंपनी अधिनियम,

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

2013 के खंड 164 के उप खंड (2) के प्रावधान कंपनी के मामले में लागू नहीं हैं;

छ. कंपनी के वित्तीय नियंत्रणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभाव्यता के संबंध में कृपया 'अनुलग्नक ख' में अलग से प्रस्तुत की गई रिपोर्ट देखें तथा

इसके संबंध में पर्याप्त स्पष्टीकरण अनुग्लक 'ख' में दिया गया है।

ज. अधिनियम के खंड 143 के उप खंड (3) की धारा (जे) के उपबंधों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम के अंतर्गत की गई अपेक्षा के लिए हमें प्राप्त सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम अपने मतानुसार यह रिपोर्ट करते हैं कि:

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

i. कंपनी ने अपने स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों में वित्तीय स्थिति पर लम्बित मुकदमों से होने वाले प्रभाव का प्रकटन कर दिया है। स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों का संदर्भ नोट 32 II देखें।

ii. कंपनी के लिए डैरिवेटिव संविदाओं सहित दीर्घावधि संविदाओं पर किसी प्रकार की ऐसी सामग्रीगत हानि संभावित नहीं है, जिसके प्रति किसी हानियों के प्रावधान किए जाने अपेक्षित हों। तथापि, पश्चिम क्षेत्र के लेखा परीक्षकों द्वारा यह सूचित किया गया है कि:

"कम्पनी द्वारा लागू विधि एवं लेखांकन मानकों द्वारा की गई अपेक्षाओं के अनुसार डैरिवेटिव संविदाओं सहित दीर्घावधि संविदाओं पर किसी प्रकार की सभांवित हानियों, यदि कोई हों, के लिए प्रावधान किए गए हैं।"

कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान किसी प्रकार की डैरिवेटिव संविदा नहीं की गई है।

iii. रिपोर्ट के दौरान कम्पनी से निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में कोई राशि स्थानांतरित किए जाने की अपेक्षा नहीं थी।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

iv. कम्पनी द्वारा 8 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 की अवधि के दौरान विशिष्ट बैंक नोटों के धारण एवं संव्यवहार के संबंध में अपने स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों में अपेक्षित प्रकटन दिया है। लेखा परीक्षण प्रक्रिया तथा प्रबंधन के प्रतिनिधित्व पर विश्वास के आधार पर हम यह रिपोर्ट करते हैं कि कम्पनी द्वारा अनुरक्षित एवं प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

की गई लेखा बहियां दिए गए प्रकटन के अनुसार है – इसके संबंध में स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों का नोट संख्या 32 XXV(ड.) देखें; तथा

v. अधिनियम के खंड 143(5) में की गई अपेक्षा के अनुसार हम अनुलग्नक – ग में कम्पनी के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा विनिर्दिष्ट मामलों का विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं। कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

कृते जे.पी. कपूर एंड उबेराय
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्याः 000593एन

विनय जैन
साझीदार
सदस्यता संख्याः 095187

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 1 दिसम्बर 2017

31 मार्च, 2017 का समाप्त वर्ष के स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबंधित स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'क'।

लेखा परीक्षक का प्रेक्षण	प्रबंधन का उत्तर
(i) क) कम्पनी द्वारा अचल परिसम्पत्तियों के मात्रात्मक एवं स्थिति के पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का उचित अनुरक्षण किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।
ख) हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के आधार पर कम्पनी में अचल सम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए नियमित कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत सभी अचल परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन चरणबद्ध पद्धति से तीन वर्ष की अवधि में किया जाता है। कम्पनी के आकार तथा इसकी परिसम्पतियों के स्वरुप को ध्यान में रखते हुए *हमारे मतानुसार भौतिक सत्यापन की इस अवधि को सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए तथा विमान एवं अतिरिक्त इंजनों का सत्यापन वार्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इसके अलावा बही रिकार्ड तथा भौतिक शेष की अनियमितताओं के संबध में कोई टिप्पणी नहीं कर पा रहे है क्योंकि इनका समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा 5,158.24 लाख रुपए के सकल मूल्य के मरम्मत के लिए भिजवाए गए रोटेबल्स तथा भारत के बाहर के बाहर स्थित विक्रेताओं के पास रखे रोटेबल्स के मामले में केवल कुछ विदेशी ओईएम (वास्तविक मूल निर्माता) द्वारा कम्पनी को न तो कोई भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भेजी गई है और न ही कम्पनी की ओर से ऐसे रोटेब्ल्स का धारण करने से संबधित कोई पुष्टि भेजी गई है।*	अचल परिसम्पत्तियों की भौतिक जांच पूरी कर ली गई है तथा अचल परिसम्पत्तियों के रजिस्टरों के साथ मिलान कार्य प्रगति पर है। बहियों तथा भौतिक शेष के बीच के अंतर तलाश किए जा रहे हैं तथा संबंधित विभागों को मिलान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन्हें भेजा गया है। 31.3.2017 की स्थिति के अनुसार 5158.24 लाख रूप के रोटेबल्स एवं मरम्मत योग्य उपकरण एवं 1650.62 लाख रुपए के डब्ल्यूडीवी विदेशी उपकरण आपूर्तिकर्ताओं के पास रखे हुए हैं। इनमें से 31.3.2017 की स्थिति के अनुसार 769.80 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेबल्स तथा 394.07 लाख रुपए मूल्य के डब्ल्यूडीवी वापस प्राप्त कर लिए गए हैं। जिन पार्टियों के पास रोटेबल्स अभी भी रखे हुए हैं उनसे रोटेबल्स उनके पास होने की पुष्टि प्राप्त की जा रही है। वास्तविक मूल निर्माता (ओईएम) के साथ सम्पर्क करके उनसे मरम्मत/ओवरहॉल की गई मदें वापस प्राप्त किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
ग) स्टैंडएलोन इंड ए एस वित्तीय विवरणों में सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के नोट संख्या 3 में किए गए प्रकटीकरण के अनुसार अचल परिसम्पत्तियों के हक विलेख कम्पनी के नाम हैं जो *रोहिणी हेलीपोर्ट के अलावा, जिसकी भूमि का स्वामित्व नागर विमानन मंत्रालय के पास है एवं पश्चिम क्षेत्र में आवास भवन (जेएचसी) के अलावा जिसका हक विलेख कम्पनी के नाम पर इसलिए नहीं है कि इसकी भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नाम पर है तथा कम्पनी द्वारा इस भूमि पर फ्लैट निर्मित किए गए हैं जो आंशिक रूप से पट्टे पर 25 वर्ष की अवधि के लिए प्राप्त किए गए हैं।*	तथ्यपरक विवरण

(ii)	हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा नीतिगत रूप से प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार मालसूचियों का भौतिक सत्यापन किया जाता है। तृतीय पक्षकारों के पास रखी गई मालसूची तथा वेस्टलैंड हेलीकॉप्टरों के भंडार तथा कलपूर्जों की मालसूची के अलावा पश्चिम क्षेत्र तथा उत्तरी क्षेत्र के मामले में भंडार एवं पूर्जों की उच्च मूल्य की मदें मुख्य भंडार में रखी गई हैं तथा वर्ष की समाप्ति पर प्रबंधन द्वारा इनका भौतिक सत्यापन कर लिया गया है तथा ऐसे सत्यापन से किसी प्रकार की भौतिक अनियमितता नहीं पाई गई है। ऐसी मालसूची की अन्य मदों के एक भाग का सत्यापन भी वर्ष के अंत कर लिया गया है। डिटेचमेंट के भंडार एवं पुर्जों का मामलों का निवारण क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा वर्ष के अंत में किया जाता है तथा डिटेचमेंट के भंडार एवं पुर्जों के अंत शेष को संबंधित डिटेचमेंट द्वारा प्रस्तुत भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर रिकार्ड में लिया जाता है तथा ऐसा होने से इसके लिए सीमित नियंत्रण की व्यवस्था की गई है, अतः नियंत्रण प्रक्रिया सीमित है क्योंकि स्टॉक रिकार्ड का मैनुअल अनुरक्षण डिटेचमेंट में किया जा रहा है।	मालसूचियों के स्टॉक का मैनूअल रजिस्टर प्रत्येक डिटेचमेंट में रखा गया है। इसके अलावा बेस प्रबंधकों को मालसूची रजिस्टर का अद्यतन नियमित रूप से करने के निदेश दिए गए हैं।
(iii)	प्राप्त सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी द्वारा कम्पनियों, फर्मों अथवा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 189 के अंतर्गत अनुरक्षित रजिस्टर में समाहित अन्य पार्टियों को किसी प्रकार का ऋण, रक्षित अथवा अनारक्षित, प्रदान नहीं किया गया है। तदनुसार आदेशों के अनुच्छेद 3(iii) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।
(iv)	हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कम्पनी के रिकार्ड की जांच के अनुसार कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 185 तथा 186 के अंतर्गत समाहित पक्षकारों को किसी प्रकार के ऋण अथवा उनमें कोई निवेश, अथवा उन्हें किसी प्रकार की गारंटी अथवा प्रतिभूति प्रदान नहीं की गई है। तदनुसार आदेश के अनुच्छेद 3(iv) के प्रावधान कम्पनी के लिए लागू नहीं होते हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।
(v)	हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी द्वारा भारतीय रिजर्व	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 73 से 76 तथा किसी अन्य संबंधित प्रावधान तथा उनके अध्याधीन नियमों के अंतर्गत किसी प्रकार के स्वीकार्य जमा जनता से प्राप्त नहीं किए गए हैं। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(v) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(vi) प्राप्त सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 के खंड 148(1) के अंतर्गत कम्पनी द्वारा प्रदत्त सेवाओं अथवा बेचे जाने वाले सामान के लिए लागत रिकार्ड का अनुरक्षण किए जाने का निर्धारण नहीं किया गया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3 (vi) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

